# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शनिवार, 12 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 56 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1960:** भागलपुर और रांची यूनिवर्सिटी की स्थापना।

**1997:** नोबल पुरस्कार से सम्मानित मलाला युसुफजई का पाकिस्तान में जन्म।

**1998:** फ्रांस और ब्राजील के बीच हुए फुटबॉल विश्वकप के फाइनल को कुल 1.7 अरब लोगों ने देखा।

**2001:** अगरतला से ढाका के बीच 'मैत्री' बस सेवा की शुरुआत।

### हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक में 27 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# थानों के लिए 1255 चार पहिया वाहनों की होगी खरीद

### झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र एक से सात अगस्त तक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में कुल 27 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। बैठक में लिए गए प्रमुख फैसलों में झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 से 7 अगस्त तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (पंचम वेतनमान) में एक जनवरी 2025 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी गयी है। राज्य सरकार के पेंशनधारियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केन्द्रीय वेतनमान) में एक जनवरी 2025 के प्रभाव से महंगाई राहत की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी गयी है। राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केन्द्रीय वेतनमान) में एक जनवरी 2025 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी गयी है। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि राज्य के विभिन्न थानों में उपयोग किए जा रहे अधिकांश वाहन अब जर्जर हो चुके हैं। थानों में वाहनों की कमी और उनकी खराब स्थिति को देखते हुए 1255 चार पहिया और 1697 दो पहिया वाहन खरीदने का प्रस्ताव पास किया गया है। इन वाहनों की खरीद जेम पोर्टल के



माध्यम से की जाएगी, जिस पर कुल 146.79 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यदि जेम पोर्टल पर वाहन उपलब्ध नहीं रहते हैं तो खरीदारी वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या 2315 के तहत दो चरणों में की जाएगी। कैबिनेट ने राज्य में यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू करने की भी मंजूरी दी है। इसके अलावा जमशेदपुर के तत्कालीन सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद कुमार लाल की सेवा बर्खास्तगी को निरस्त करने का फैसला लिया गया है। बैठक में नई खुदरा उत्पाद नीति के तहत दैनिक पारिश्रमिक पर सेल्समैनों के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों के संचालन की अनुमति दी गई है। इसके लिए झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से कार्य किया जाएगा, जब तक नई नीति पूरी तरह लागू नहीं हो जाती। वहीं, कुम्हारिया मोड़ से संग्रामपुर तक कुल 6.33 किलोमीटर सड़क के पुनर्निर्माण के लिए 38.89 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। कैबिनेट ने हजारीबाग के तत्कालीन जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मिश्र, जो वर्तमान में लातेहार में कार्यरत हैं, को रांची से दिल्ली एयर एम्बुलेंस से ले जाने पर हुए 5.75 लाख रुपये के खर्च की प्रतिपूर्ति की भी स्वीकृति दी। इसके अलावा, दिवंगत मंत्री जगरनाथ महतो के फ़ेफड़ों के प्रतिरोपण के बाद चेन्नई के एमजीएम अस्पताल में कराई गई अनुगामी चिकित्सा के 44.83 लाख रुपये की प्रतिपूर्ति को भी मंजूरी दी गई। अंत में, उत्तरवर्ती बिहार एवं झारखंड राज्य स्थित एकीकृत बिहार पंचायत राज वित्त निगम लिमिटेड के कर्मियों के बकाया वेतन भुगतान हेतु झारखंड आकस्मिकता निधि से अग्रिम निकासी को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

# राहुल सिंह गैंग के छह अपराधी धराये



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** जिला पुलिस ने कुख्यात अपराधी राहुल सिंह के गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये अपराधी टोरी साइडिंग में दोबारा गोलीबारी और लूट की योजना बना रहे थे। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को चंदवा के चिरो मोड़ स्थित यात्री शेड के पास कुछ अपराधियों के जमा होने की सूचना मिली थी। इस पर एसडीपीओ अरविन्द कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। पुलिस ने लोहरदगा के मो. शाहिद अंसारी (19), शमशाद अंसारी (18), मो. मोजम्मिल अंसारी (21), गुमला के नितेश उरांव (24) और लातेहार के तरुण यादव (23) को मौके से पकड़ा। इनकी निशानदेही पर चन्दवा के मनोज तुरी (26) को भी गिरफ्तार किया गया। अपराधियों से दो देशी पिस्टल, छह जिंदा गोली और चार मोबाइल फोन बरामद हुए। साथ ही एक पल्सर आरएस 200 बाइक, एक टीवीएस एनटॉर्क स्कूटी और 15 हजार रुपए नकद भी जब्त किए गए। मनोज तुरी पर बालूमाथ और चन्दवा थाने में पहले से छह मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, रंगदारी, लूट, आर्म्स एक्ट और सीएलए एक्ट के मामले शामिल हैं। गैंग ने 10 जून को भी रंगदारी के लिए गोलीबारी की थी। छापेमारी में थाना प्रभारी रणधीर कुमार, एसआई अजीत कुमार और एएसआई सरोज कुमार सिंह की टीम शामिल थी। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में एक हादसा हुआ। घोरीघाट पंचायत के हेठदोहर गांव में खेत जोतने के दौरान ट्रैक्टर पलटने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान हेठदोहर गांव के 30 वर्षीय राजू कुमार के रूप में हुई है। राजू अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। इस दौरान उसका ट्रैक्टर दलदल में फंस गया। ट्रैक्टर को निकालने का प्रयास करते समय वाहन अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर राजू के ऊपर पलट गया। वह वाहन के नीचे दब गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### युवक ने फांसी लगा दी जान

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हरहरगुट्टू में 19 वर्षीय आनंद भारद्वाज ने फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। मोबाइल फोन छीने जाने से वह गहरे मानसिक तनाव में था। आनंद को मोबाइल गेम खेलने की लत लग गई थी। वह देर रात तक गेम खेलता रहता था। परिवार ने उसे गेम खेलने से मना किया और मोबाइल छीन लिया। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में मोबाइल न मिलने की नाराजगी और मानसिक तनाव को आत्महत्या का कारण माना जा रहा है।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ददई दूबे का निधन

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड की राजनीति को मजदूर आंदोलनों से जोड़ने वाला एक बड़ा नाम आज खामोश हो गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री चंद्रशेखर उर्फ ददई दूबे अब इस दुनिया में नहीं रहे। गुरुवार शाम दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर एयर एंबुलेंस से रांची लाया गया। एयरपोर्ट पर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, मजदूर संगठन के प्रतिनिधि और आम लोग मौजूद रहे। एयरपोर्ट का वातावरण पूरी तरह गमगीन था। जैसे ही शव वाहन एयरपोर्ट परिसर से बाहर निकला, लोगों की आंखें नम हो गईं।

### अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। बड़कीटांड़ पंचायत के दालगंदो गांव में चल रही इस फैक्ट्री की सूचना पुलिस अधीक्षक को मिली थी। सदर डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने हीरालाल बेसरा के घर पर छापेमारी की। पुलिस ने मौके से विभिन्न ब्रांड की शराब से भरी बोतलें और कार्टून बरामद किए। इसके अलावा खाली बोतलें, विभिन्न ब्रांड के कॉर्क, रैपर, स्टीकर, केमिकल से भरा जारकिन और स्प्रिट भी जब्त किया गया है। बेंगाबाद की इंस्पेक्टर ममता कुमारी ने बताया कि छापेमारी में एक स्विफ्ट कार और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने पचंबा निवासी पंकज कुमार राम, सुमित कुमार साव और मकान मालिक हीरालाल बेसरा को गिरफ्तार किया है।

## रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** जिले के गावां प्रखंड में एसीबी ने एक राजस्व कर्मचारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गावां अंचल कार्यालय में तैनात राजस्व कर्मचारी आलोक शंकर त्रिगुणायत को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। शिकायतकर्ता राजू प्रसाद यादव ने एसीबी को बताया कि आलोक शंकर ने उनसे म्यूटेशन के लिए 50 हजार रुपए की मांग की थी। राजू की शिकायत पर एसीबी ने कार्रवाई की योजना बनाई। आरोपी कर्मचारी पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपए लेते समय पकड़ा गया। आलोक शंकर गावां अंचल के हल्का नंबर 8 और 9 का प्रभार संभाल रहे थे। धनबाद एसीबी की टीम ने उन्हें गावां बाजार स्थित बेलु राम के घर से गिरफ्तार किया। कर्मचारी की गिरफ्तारी के बाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया है।

## सावन के पहले दिन देवघर में उमड़ी भक्तों की भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** शुक्रवार से सावन का पवित्र माह शुरू हो गया है। सावन के पहले दिन देवघर के बाबा धाम मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ पर जल अर्पण करने के लिए कतार में लगे रहे। सावन के पहले दिन दिल्ली, मुंबई, नासिक, गोवा, उत्तर प्रदेश और बिहार से भी कई श्रद्धालु देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर पहुंचे हैं। पुजारियों के अनुसार, सबसे पहले पुजारी और पंडाओं द्वारा भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा की गई और जलाभिषेक किया गया। इसके बाद सुबह 4:00 बजे मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। तब से ही श्रद्धालु बैद्यनाथ धाम स्थित



मनोकामना लिंग पर जलाभिषेक करने पहुंच रहे हैं। रात 8:00 बजे तक आम श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकेंगे और उसके बाद भगवान भोलेनाथ के ज्योतिर्लिंग का श्रृंगार पूजन किया जाएगा। बाबा मंदिर आए श्रद्धालुओं ने बताया कि पहले दिन को देखते हुए व्यवस्था अच्छी है। भीड़ के कारण थोड़ी परेशानी हो रही है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा मंदिर के आसपास की गई पुख्ता व्यवस्था लोगों की परेशानी कम कर रही है। श्रावणी मेला शुरू होते ही मंदिर में अर्घा प्रणाली के माध्यम से जलाभिषेक किया जा रहा है। यह व्यवस्था पहले दिन से ही शुरू कर दी गई है। चूंकि श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए स्पर्श दर्शन संभव नहीं है, इसलिए अर्घा प्रणाली के माध्यम से जलाभिषेक किया जा रहा है। मंदिर में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। देवघर के श्रीराम झा चौक से लेकर मंदिर परिसर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। मंदिर के पुजारियों और छोटे व्यापारियों ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस साल श्रद्धालुओं की भीड़ काफी ज्यादा रहने की उम्मीद है।

### सड़क हादसे में बच्चे की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** मनिका थाना क्षेत्र के नामुदाग के पास शुक्रवार को एनएच-39 सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही तेज रफ्तार माधव यात्री नामक बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार 10 साल के अंकित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे 16 साल का राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों आपस में चचेरे भाई थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल छात्र को मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया।

## 3181 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 3181 पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। आयोग द्वारा इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार झारखंड एसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस भर्ती अभियान के तहत कुल 3181 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें 3020 पद रेग्युलर वैकेंसी के हैं और 161 पद बैकलॉग वैकेंसी के रूप में शामिल किए गए हैं। ये सभी पद महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के लिए हैं। इस भर्ती के लिए उम्मीदवार का 10वीं पास होना जरूरी है। इसके साथ ही महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की 18 महीने की ट्रेनिंग पूरी होनी चाहिए। उम्मीदवार का झारखंड स्टेट नर्सिंग काउंसिल में रजिस्ट्रेशन भी होना अनिवार्य है। शैक्षणिक योग्यता और दूसरी जरूरी योग्यताओं की गिनती उस तारीख से की जाएगी, जो ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख होगी। अगर कोई उम्मीदवार उस तारीख तक जरूरी योग्यता पूरी नहीं करता है, तो उसका आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 साल और अधिकतम आयु 40 साल होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 5200 से 20200 रुपए प्रतिमाह वेतन मिलेगा, जो पद के अनुसार तय किया जाएगा।

### बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** निरसा पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर छह चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की है। एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई की रात कालूबथान ओपी प्रभारी को गुप्त सूचना मिली। सूचना के अनुसार निरसा थाना कांड संख्या-375/25 में चोरी की गई मोटरसाइकिल पिंड्राहाट से कलियासोल जा रही थी। एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम ने कलियासोल-पतलाबाड़ी मुख्य मार्ग पर चेकिंग की। जांच के दौरान दो संदिग्ध बाइक सवार दिखे। पुलिस ने विजय महतो उर्फ हरिबोल महतो को मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा है।

## सर्पदंश से दो बच्चों समेत तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में गुरुवार रात दो अलग-अलग गांवों में सर्पदंश की घटनाओं में दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। यह जानकारी शुक्रवार को पुलिस ने दी। पहली घटना पांकी थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पत्रा गांव की है जहां एक ही परिवार के दो बच्चों को सोते समय सांप ने डस लिया। मृतक बच्चे अर्जुन कुमार (10) और देव कुमार (12) भाजपा विधायक आलोक चौरसिया के दूर के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। विधायक आलोक चौरसिया ने बताया कि जिस समय यह हादसा हुआ उस समय दोनों बच्चे अपने पिता प्रेम चौरसिया के साथ सो रहे थे। तीनों को तत्काल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया। रास्ते में दोनों बच्चों की मौत हो गई जबकि पिता प्रेम चौरसिया की हालत नाजुक बनी हुई है। दूसरी घटना बंसडीहा गांव की है जहां एक दंपति को सांप ने काट लिया। दोनों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान महिला शकुंतला देवी की मौत हो गई। उनके पति की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दोनों मामलों की पुष्टि करते हुए कहा है कि घायलों का इलाज जारी है और प्रशासन सतर्क है। सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

## जमीन विवाद को लेकर हंगामा, मुआवजे की मांग पर विरोध प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र के आसनबनी गांव में शुक्रवार को पुलिस और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया। एक कंपनी द्वारा कथित रूप से बिना मुआवजा दिए जमीन पर काम शुरू करने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर दिया। इस पर भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस ने ग्रामीणों पर लाठी भी चटकाई। कई ग्रामीणों को पुलिस द्वारा हिरासत में भी लिया गया है। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हुए हैं। स्थानीय ग्रामीण अमित महतो ने आरोप लगाया कि सेल कंपनी जबरन जमीन का अधिग्रहण कर रही है। जबकि हम लोग 2017 से विरोध कर



रहे हैं, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। अमित महतो ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा की गई आज की कार्रवाई में मकान तोड़ दिया गया, कोचिंग सेंटर उजाड़ दिया गया कई ग्रामीणों पर लाठी चलाई गई। हमने डीसी समेत सभी संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक रोजगार और उचित मुआवजा नहीं दिया जाएगा, वे अपनी जमीन नहीं देंगे। इधर, बलियापुर अंचल अधिकारी (सीओ) प्रवीण कुमार ने बताया कि झरिया अंचल स्थित सेल का टासरा प्रोजेक्ट है। उसके रिहैबिलिटेशन के लिए आसनबनी गांव में भू अधिग्रहण के तहत जमीनें ली गई हैं। उसी जमीन का आज सीमांकन किया जा रहा था। सीओ के अनुसार, जमीन लगभग 41 एकड़ है। इसके लिए 60 करोड़ रुपए कि अवार्ड घोषित हुई है। इसमें कुल 379 रैयत थे, जिसमें 350 रैयतों को भुगतान किया जा चुका है। कुछ रैयतों का भुगतान शेष है, जिन्हें जब चाहें भुगतान मिल सकता है। उन्हीं में से कुछ रैयत आज विरोध कर रहे थे, जिन्हें समझाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि सभी कार्य वैधानिक प्रक्रिया और अधिग्रहण अधिनियम के तहत किए जा रहे हैं।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

### झारखंड से तीन गुना मिलेगा सोन नदी का पानी

# पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक: बिहार-झारखंड के बीच समझौता: बिहार की जीत



**पटना, एजेंसी।** सोन नदी के पानी पर बिहार को बड़ी जीत मिली है। अब हर साल सोन नदी से बिहार को झारखंड से तिगुना पानी मिलेगा। इससे बिहार के आठ जिलों पटना, जहानाबाद, अरवल, रोहतास, भोजपुर, कैमूर, बक्सर और औरंगाबाद जिलों के लाखों एकड़ जमीन में फसलें लहलहाएंगी। सोन नदी के पानी बंटवारे पर हुए इस समझौते के साथ ही रांची में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय अंतरराज्यीय परिषद की बैठक में बिहार और झारखंड के बीच 25 साल पुराने विवाद का समाधान हो गया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार और झारखंड के बीच यह समझौता कराया है। अब हर साल सोन नदी का 5.75 एमएएफ पानी बिहार को मिलेगा। बिहार को हर साल 57 लाख 50 हजार एकड़ में जमा एक फीट पानी के बराबर जल राशि सोन नदी के प्रवाह से मिलेगी। वहीं, फरक्का बराज के कारण कटाव हो रहा है। कटाव से लोगों को बचाने के लिए बिहार सरकार को काफी खर्च करने पड़ रहे हैं। इस राशि का सौ फीसदी भारत सरकार से खर्च करने की मांग की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जलसंसाधन मंत्री विजय चौधरी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद थे।

### बैठक में इनका नहीं हो सका समाधान

25 सालों से बिहार और झारखंड के बीच पेंशन दायित्वों के बंटवारे पर सहमति नहीं बन सकी।

8 बोर्ड-निगम के संपत्ति बंटवारे पर बिहार और झारखंड के बीच विवाद का समाधान नहीं हुआ।

### कैसे सुलझा विवाद, किसे क्या मिला

52 साल पुराने फॉर्मूले से समाधान निकला। सोन नदी के जल बंटवारे का यह फैसला 1978 के बाणसागर समझौते के फार्मूले पर आधारित है। अब हर साल सोन नदी का 5.75 एमएएफ पानी बिहार को मिलेगा। सोन मध्यप्रदेश में अमरकंटक की पहाड़ियों से निकलकर उत्तर प्रदेश, झारखंड होते हुए बिहार के सासाराम जिले में प्रवेश करती है।

### लाखों किसानों को फायदा

इंद्रपुरी बराज से नहरों को पर्याप्त पानी मिलेगा। पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। 8 जिलों में बनाई गई नहरों से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। इस कारण लाखों किसान खुशहाल होंगे। सासाराम में सोन पर बना इंद्रपुरी बराज दुनिया का चौथा सबसे लंबा बराज है।

### नदियों में गाद पर क्या...

बिहार की एक और बड़ी मांग केंद्र सरकार ने मान ली है। बिहार की ओर से राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति की मांग की गई थी। जल्दी ही भारत सरकार राज्यों की सहमति से राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति बनाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस पर सहमति की मुहर लगा दी है।

### सोन नदी के पानी पर क्यों था विवाद?

दरअसल, सोन नदी के पानी के बंटवारे के लिए बाणसागर परियोजना बनी थी। इसके तहत मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार इन तीन राज्यों के बीच 1973 में समझौता हुआ था। उस समय झारखंड अलग राज्य नहीं था, वह बिहार का ही हिस्सा था। उस समय समझौते के अनुसार बिहार को सोन नदी का 7.75, एमपी को 5.25 और यूपी को 1.35 मिलियन एकड़ फीट पानी मिलना तय हुआ था। साल 2000 में झारखंड राज्य का गठन हुआ। झारखंड ने इस पानी में अपनी आधी हिस्सेदारी मांगी, जबकि बिहार पुराने समझौते के तहत सोन नदी का 7.75 एमएएफ पानी दिए जाने पर ही अड़ा रहा। केंद्र सरकार ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए पूर्व में कई बार बैठकें कीं। अब सालों बाद इस पानी का झगड़ा सुलझ पाया है।

### दक्षिण बिहार की लाइफलाइन है सोन नदी

सोन नदी का उद्गम मध्य प्रदेश के अमरकंटक की पहाड़ियों से होता है। यह एमपी से यूपी होकर झारखंड में प्रवेश करती है। झारखंड के गढ़वा से होते हुए यह बिहार में प्रवेश कर जाती है। इसे दक्षिण बिहार की लाइफलाइन माना जाता है। इससे राज्य के एक बड़े क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी मिलता है। पटना जिले में मनेर के पास आकर यह गंगा नदी में मिल जाती है।

## छात्रों को समझनी चाहिए शास्त्रों की महत्ता : कुलपति

**दरभंगा, एजेंसी।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नव नामांकित छात्रों के लिए दरबार हॉल में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अभिनवोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि छात्रों को शास्त्रों की महत्ता समझनी चाहिए। ऐसा करने से उन्हें इसमें अभिरुचि आएगी और तभी वे इसे जानने को उत्सुक होंगे। कुलपति प्रो. पांडेय ने कहा कि शास्त्रों का संरक्षण जरूरी है और इसमें छात्रों का योगदान अपेक्षित है। यह तभी संभव है जब बच्चे नियमित रूप से अपनी कक्षाओं में उपस्थित होकर विद्वान गुरुओं से इन्हें जानेंगे और समझेंगे। इसलिए छात्रों की दक्षता के लिए उत्साहपूर्वक क्लास में आना जरूरी है। कुलपति ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित यह अभिनवोत्सव कार्यक्रम संकल्प लेने का दिवस है। कुलसचिव प्रो. ब्रजेशपति त्रिपाठी ने कहा कि प्राच्य विद्या के संरक्षण के लिए स्थापित इस विश्वविद्यालय के विकास में छात्रों की महती भूमिका होगी। इसलिए सभी छात्र अनिवार्य रूप से प्रतिदिन वर्ग में उपस्थित होकर ज्ञानार्जन करें। उन्होंने कहा कि बिन गुरु ज्ञान सम्भव नहीं है। यहां के प्रध्यापक विद्वान हैं जिसका लाभ सभी छात्रों को लेना चाहिए। उन्होंने प्राध्यापकों से भी बच्चों को मनोयोग से पढ़ाने-लिखाने की अपील की। धर्मशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. दिलीप कुमार झा ने अभिनव कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालय की महत्ता को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने गुरु शब्द की व्यापकता को भी प्रकट किया। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ. शिवलोचन झा ने स्वागत करते हुए नूतन प्रविष्ट छात्रों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। प्रो. दयानाथ झा ने वेदव्यास पूर्णिमा की महत्ता बताते हुए नूतन प्रविष्ट छात्रों को वर्ग में आभार अध्ययन करने पर बल दिया। गुरु की व्याख्या करते हुए प्रणाम के विभिन्न प्रकारों को भी बताया। कुलानुशासक प्रो. पुरेंद्र वारिक ने भी सभी बच्चों से नियमित कक्षा में आने को कहा। डॉ. धीरज कुमार पांडेय ने गुरु के प्रति श्रद्धा उत्पन्न करने के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। डॉ. ध्रुव कुमार मिश्र, डॉ. अवधेश श्रोत्रिय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। पीआरओ निशिकांत ने बताया कि स्नातकोत्तर विभाग एवं रमेश्वरलता संस्कृत कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य था कि जो बच्चे नई कक्षाओं में नामांकन कराए हैं, उन्हें शास्त्र व विषय वस्तु के बारे में विस्तार से बताया जाय तथा उन्हें यह समझाने का प्रयास किया जाय कि वे नियमित रूप से अपने क्लास अटेंड करें। कार्यक्रम की शुरुआत नटवर मिश्र, गंधर्व झा, आशीष झा एवं सन्नी झा के वैदिक मंगलाचरण से हुई। कुलगीत विभागीय छात्रा रजनी कुमारी एवं नेहा कुमारी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन यूसीएमएस के नोडल पदाधिकारी डॉ. रामसेवक झा एवं धन्यवाद ज्ञापन सीसीडीसी डॉ. दिनेश झा ने किया। कार्यक्रम में विकास पदाधिकारी डॉ. पवन कुमार झा, उपकुलसचिव डॉ. सुनील कुमार झा, भूसंपदा पदाधिकारी डॉ. उमेश झा, एनएसएस पदाधिकारी डॉ. सुधीर कुमार झा, डॉ. रामनिहोरा राय, डॉ. शंभु शरण तिवारी, डॉ. रितेश चतुर्वेदी, डॉ. यदुवीर शास्त्री, डॉ. साधना शर्मा, डॉ. सविता आर्या, डॉ. ममता पांडेय, डॉ. मैथिली कुमारी, डॉ. निशा, डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र, सुशील कुमार झा सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं, पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गोपाल खेमका के हत्या के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला

**गया, एजेंसी।** पटना के व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के विरोध में गुरुवार की शाम जन सुराज पार्टी ने शहर में आक्रोश मार्च निकाला। टावर चौक पर पुतला दहन किया। पार्टी के नेताओं ने गोपाल खेमका के हत्यारे को फांसी देने व मुजफ्फरपुर में हुई नाबालिग की हत्या के लिए दोषियों को सजा देने की मांग की। जन आक्रोश मार्च का नेतृत्व जिला अध्यक्ष भवानी सिंह ने किया। मार्च में प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह कुशवाहा, जिला प्रभारी मसुदुद्दीन अहमद , प्रदेश युवा अध्यक्ष रामाधार सिंह, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष राम लखन दांगी, जिला महासचिव नरेश मांझी जिला मुख्य प्रवक्ता रवि गुड्डू बनवाल, जिला प्रवक्ता अमित कार्तिकेय, प्रदेश महिला सचिव प्रियंका याद, जिला युवा अध्यक्ष अमित शर्मा व अंजू देवी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### लुटुआ में करंट से दो मवेशियों की मौत

**गया, एजेंसी।** लुटुआ थाना क्षेत्र के कसियनवा टोला में गुरुवार को करंट की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। दोनों मवेशी किसान जमुना पासवान के थे। ग्रामीणों के अनुसार खेत में पहले से बिजली का तार गिरा हुआ था। घास चरते वक्त दोनों मवेशी उसकी चपेट में आ गए। हादसे से किसान को करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### हत्या मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**गया, एजेंसी।** हत्या के एक मामले में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश 16 मनोरंजनी शाह की अदालत ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए दोषी अभियुक्त श्रीकांत कुमार यादव उर्फ श्रीकांत यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक सुनीता कश्यप ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतिका के पिता ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी में उन्होंने कहा था कि मेरी बेटी की शादी श्रीकांत यादव से पांच वर्ष पहले हुई थी। शादी के कुछ दिनों के बाद से ही पूरा परिवार पैसे मांगने के लिए प्रताड़ित करता था। घटना के तीन-चार दिन पूर्व भी अपने साथ हुई मारपीट की घटना को माता-पिता को बताया था। एक जुलाई 2023 को सभी परिवार वालों ने उनकी हत्या कर फरार हो गए। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल सात गवाहों की गवाही हुई। अदालत ने इस मामले में दोनों पक्षो को सुनने के बाद यह सजा सुनाई।

### गुरु सत्ता का सम्मान सर्वोपरि : माधवानंद

**दरभंगा, एजेंसी।** गुरु सत्ता का सम्मान सर्वोपरि होता है। गुरु का आशीर्वाद अमोघ होता है। ये बातें गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रो. जयशंकर झा के आमंत्रण पर उनके गुरुधाम रामकुटी, रामबाग पहुंचे दरभंगा एम्स के निदेशक व प्रख्यात कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. माधवानंद कार ने कही। निदेशक ने कहा कि गुरु के प्रति श्रद्धा व विश्वास से हर उलझन सुलझ जाती है। मां श्यामा मन्दिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष प्रो. जयशंकर झा ने रामकुटी के महंत अपने श्रेष्ठ गुरुभ्राता जानकी रामदासजी महाराज के आशीष प्राप्त करने को सौभाग्य की बात कही। महंत जानकी राम दासजी ने एम्स के निदेशक को आशीर्वाद स्वरूप पाग एवं पीतांबर प्रदान किया। समारोह का शुभारंभ भजन गायक शिव कुमार गुप्ता, मुन्नी झा व घनश्याम झा ने भजन गाकर की। भजन सत्र के बाद कथावाचक डॉ. सोमेश्वर नाथ झा दधीचि ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। समीर कुमार के संयोजन में हुए महोत्सव में लक्ष्मी अग्रवाल, किशोरी मालिक, डॉ. अंजू अग्रवाल, राजकुमार झा, तुलसी बाबा आदि सक्रिय थे।

### पूर्व मुखिया के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**गया, एजेंसी।** पूर्व मुखिया व जेपी सेनानी राजेश्वर प्रसाद सिंह के निधन पर सूबे के मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मुखिया के पुत्र संजय कुमार को पत्र भेज शोक जताई है। नीतीश कुमार ने निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए अपूरणीय क्षति बताया है। मालूम हो कि रकसिया के रहने वाले राजेश्वर सिंह का निधन विगत 30 जून को 90 वर्ष की उम्र में हो गया था। वे लंबे समय तक क्षेत्र के मखपा ग्राम पंचायत के मुखिया पद पर काबिज रहे थे। निधन के बाद रकसिया स्थित पैतृक आवास पर कल यानी शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।

## भोजपुर में अपराधियों ने जमीन कारोबारी को मारी गोली

### पैर में लगी बुलेट, पान खाकर दुकान से घर लौट रहे थे, 2 महीने पहले मांगी थी रंगदारी




**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में हथियारबंद अपराधियों ने जमीन कारोबारी को गोली मार दी। बुलेट बाएं पैर में अंगूठा के पास लगी है। गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सखुआ कॉम्प्लेक्स के पास की है। घायल की पहचा सखुआ कॉम्प्लेक्स के मालिक राम नारायण सिंह(66) के तौर पर हुई है। 2 महीने पहले अपराधियों ने 50 हजार की रंगदारी मांगी थी। घायल ने बताया कि आज सुबह पान खाने के बाइक से पियनिया बाजार गया था। वहां से लौटते समय बाइक सवार 2 बदमाशों ने टारगेट करके फायरिंग शुरू कर दी। बैलेंस बिगड़ने से जमीन पर गिर पड़ा।

अपराधियों ने बाइक की चाभी छीन ली। मैंने पूछा कि क्यों मार रहे हैं, क्या बात। इसके बाद फिर से फायरिंग करने लगे। एक गोली पैर के पास लगी है। मौके पर लोगों की भीड़ जुटने के बाद सभी फरार हो गए। एक ने पहचान छिपाने के लिए हेलमेट पहन रखा था। दूसरे का फेस ओपन था। गोलीबारी की सूचना पर उदवंतनगर की गश्ती पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

राम नारायण सिंह ने आगे कहा कि जमीन को लेकर गांव में किसी से कोई विवाद या दुश्मनी नहीं है। 2 महीने पहले एक शख्स हर महीने 50 हजारी की रंगदारी मांगी थी। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। ऐसा संभव है कि रंगदारी नहीं देने पर जानलेवा हमला किया गया है। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है।

## सावन माह में सिंहेश्वर मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया : जलाभिषेक के लिए नई व्यवस्था

कांवरियों के लिए लगाए गए 20 हजार लीटर का आरओ



**मधेपुरा, एजेंसी।** मधेपुरा के सिंहेश्वर मंदिर में सावन माह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। मंदिर न्यास समिति और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए कई इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर और शिवगंगा पोखर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। रात में रोशनी के लिए एलईडी बल्ब लगाए गए हैं। 135 स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक डीएसपी को निर्देशित किया गया है। नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहेगा। निशुल्क धर्मशाला, अलग-अलग कतारें, पंडाल व जलाभिषेक की नई व्यवस्था की गई है। अब श्रद्धालुओं को कुएं तक नहीं जाना होगा, जल नल के माध्यम से उपलब्ध रहेगा। मंदिर परिसर में खोया-पाया स्टॉल, मेडिकल टीम और एम्बुलेंस तैनात रहेंगे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए डोरी लगाई गई है और वायरलेस सिस्टम से स्थिति पर नजर रखी जाएगी। डाक बम के लिए अलग व्यवस्था है, उन्हें किसी भी दिशा से प्रवेश की छूट है।

### कांवरियों के लिए 20 हजार लीटर का आरओ

कांवरियों के लिए कांवड़ स्टैंड, पंडाल, ठंडा-गर्म पानी, औरग्लूकोज ठंडा तेल की व्यवस्था की गई है। पेयजल के लिए 20-20 हजार लीटर क्षमता वाले आरओ प्लांट लगाए गए हैं। फिसलन रोकने के लिए मेट बिछाया गया है। श्रद्धालु जलाभिषेक के बाद सीधे मैया का दर्शन कर दक्षिणी गेट से बाहर निकलेंगे।

### निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी

मंदिर परिसर और बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बड़े-बड़े स्क्रीन से मंदिर का सीधा प्रसारण किया जाएगा। स्थायी और अस्थायी शौचालय, पेयजल, ड्रॉप गेट और चलतं शौचालय की व्यवस्था है। पुलिस ने श्रद्धालुओं से जेबकतरों से सतर्क रहने की अपील की है। श्रावण मेले को लेकर स्थानीय लोगों, दुकानदारों और युवाओं में खासा उत्साह है। कई स्वयंसेवी संगठन सेवा में लगे हैं।

## गैंगरेप पीड़िता ने की खुदकुशी, 10 लड़कों ने की थी दरिंदगी

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में गुरुवार को एक नाबालिग गैंगरेप पीड़िता ने खुदकुशी कर ली। लड़की का घर में फंदे से लटकी मिली है। मार्च महीने में होली के दिन गांव के 10 लड़कों ने वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में अभी तक 3 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। गांव वालों का कहना है कि लोगों के ताने और पुलिस की कार्रवाई से परेशान होकर 16 साल की लड़की ने जान दे दी। बहेड़ा एसएचओ हरिद्वार शर्मा ने बताया कि जांच के लिए स्रस्रटीम को बुलाया गया है। किस परिस्थिति में लड़की ने खुदकुशी की है, इसकी जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

**चाची बोली- एक दम नॉर्मल थी, पता नहीं कैसे क्या हुआ :** पीड़िता की चाची ने बताया, गुरु पूर्णिमा पर मैं लड़की की मां के साथ पूजा करने मंदिर गई थी। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था। किसी से कोई झगड़ा नहीं हुआ था। एकदम नॉर्मल थी। घर का सारा काम करके खाना भी बनाया था। साथ मंदिर जाने से मना कर दिया था। उसने कहा था आप लोग चलो मैं बाद मैं आती हूं। इसके बाद पता नहीं क्या हुआ।

**25 मार्च को मां ने 10 लोगों पर केस दर्ज कराया था :** पीड़िता की मां ने गांव के ही चौकीदार के बेटे को मुख्य आरोपी बनाया था। 25 मार्च को 10 लोगों के खिलाफ स्न्नढ्ढक्र दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक, %15 मार्च की देर शाम बेटी शौच के लिए निकली थी। रास्ते में दुर्गेश पासवान मिला, जो उसे बहला कर धोबीयाही गाछी ले गया। धोबीयाही गाछी में पहले से ही सुमित पासवान, दिलखुश पासवान, सचित पासवान, अमित पासवान, अंकुश पासवान, सुजीत पासवान, विशाल पासवान, राघव पासवान और अंकित पासवान मौजूद थे। सभी नशे में थे। सभी ने बारी-बारी से नाबालिग के साथ रेप किया। आरोपियों ने वीडियो भी बनाया था और उसे वायरल करने की धमकी दी थी। इसी डर से मैं पुलिस के पास नहीं जा रही थी, लेकिन जब गांव में चर्चा होने लगी, तो गांव के कुछ लोगों ने हिम्मत दी, जिसके बाद हम लोग पुलिस के पास गए। आरोपियों ने लड़की का वीडियो भी बना लिया था। वीडियो कॉल कर के उसे धमकी भी दी जा रही थी। आरोपियों ने कहा था- जब बुलाएंगे आना पड़ेगा, नहीं तो वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़िता की मां के मुताबिक, देर शाम तक जब बेटी घर नहीं लौटी तो खोजबीन शुरू की।

## जमीनी विवाद में तेजाब हमले का शिकार बुजुर्ग की मौत

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के जादोपुर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में तेजाब से हमला किए जाने के 8 महीने बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान जादोपुर दुखहरन गांव निवासी रामेश्वर प्रसाद (65) के रूप में हुई है। घटना 18 अक्टूबर 2024 की है। रामेश्वर अपने दरवाजे पर सो रहे थे। इसी दौरान दो बाइक सवार बदमाशों ने उन पर तेजाब फेंक दिया और फरार हो गए। हमले में उनकी दोनों आंखें और चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था।

**9 महीने बाद तोड़ा दम :** पहले उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टरों ने स्थिति नाजुक देखकर पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। हाल ही में उन्हें घर लाया गया था। देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें फिर से सदर अस्पताल ले गए। वहीं इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**2 आरोपी गिरफ्तार :** जादोपुर थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद परिजनों के बयान के आधार पर दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। दोनों अभी भी न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# मद्य निषेध डीएसपी के पटना और खगड़िया आवास पर छापेमारी

### डीएसपी के पास करोड़ों की संपत्ति, जेवर-नकदी, निवेश के सबूत मिले



**पटना, एजेंसी।** भ्रष्टाचारियों के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) एक्शन में है। गुरुवार को एसवीयू की टीम ने मद्य निषेध विभाग के डीएसपी अभय प्रसाद यादव के ठिकानों पर छापा मारा। छापेमारी डीएसपी के पटना व खगड़िया के आवास पर की गई। कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई। कई जमीन के दस्तावेज बरामद किए गए हैं। अब तक 9 सेल डीड मिली है। इन जमीनों की कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है। टीम को 25 से अधिक किसान विकास पत्र भी मिले। इनमें लाखों के निवेश किए गए हैं। 20 से अधिक बैंक खातों का पता चला है। कई बैंकों में फिक्सड डिपॉजिट भी है। खगड़िया में 15 कमरों का तीन मंजिला मकान है। मकान 5 कट्?ठे से ज्यादा जमीन पर बना है। 12 लाख से अधिक के जेवरात और 1.05 लाख रुपए नकद भी जब्त हुए है। सूत्रों के अनुसार डीएसपी ने अपने रिश्तेदारों के नाम पर काफी जमीन ली है। खगड़िया में एक अस्पताल में भी निवेश कर रखा है। खगड़िया में ही उनके एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की भी चर्चा है।

**आय से अधिक संपत्ति के दर्ज मामले से काफी ज्यादा संपत्ति :** डीएसपी अभय पर आरोप है कि सरकारी सेवा में रहते हुए उन्होंने गलत तरीके से अकूत संपत्ति अर्जित की है। जो उनके वेतन व अन्य स्रोतों की तुलना में बहुत अधिक है। उनके खिलाफ 50.42 प्रतिशत आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज है। एसवीयू की टीम ने निगरानी न्यायालय के तलाशी वारंट पर छापेमारी की।

**नक्सलियों ने अपहरण भी किया था :** कुछ साल पहले अभय का नक्सलियों ने अपहरण कर लिया था। तब वह मुंगेर के कजरा थाना में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान ही उनका अपहरण हुआ था। चर्चा थी कि उनकी नक्सलियों से मिलीभगत थी। लेकिन आपसी विवाद पर नक्सलियों ने अपहरण कर लिया था। बाद में उन्हें रिहा कर दिया। लेकिन एक सिपाही की नक्सलियों ने हत्या कर दी थी।

### बीएसईआईडीसी के इंजीनियर के तीन ठिकानों पर ईओयू की रेड

भ्रष्टाचारियों पर ईओयू (आर्थिक अपराध इकाई) की कार्रवाई जारी है। गुरुवार को ईओयू की छह टीमों ने एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम (बीएसईआईडीसी) के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर प्रमोद कुमार के खिलाफ हुई। ईओयू ने सीतामढ़ी स्थित पैतृक आवास, सहरसा स्थित वर्तमान आवास और पटना के राजीव नगर स्थित अन्य ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान कई अहम दस्तावेज मिले।

## वर्ल्ड एक्सपो 2025

# भारतीय रेल की उपलब्धियों से दुनिया हैरान

वर्ल्ड एक्सपो में भारतीय रेल का पवेलियन भारत की प्रगति से दुनिया को परिचित करा रहा है। एक ओर जहाँ वंदे भारत एक्सप्रेस 'मेक इन इंडिया' की गौरवगाथा सुना रही है, वहीं दूसरी ओर विश्व का सबसे ऊँचा रेल आर्च पुल चिनाब ब्रिज भारतीय इंजीनियरिंग का परचम लहरा रहा है।



### भारतीय रेल का नया युग

वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज भारतीय रेल के नए युग की पहचान हैं। वंदे भारत ट्रेन पूरी तरह स्वदेशी है। यह न सिर्फ तेज़ है, बल्कि आरामदायक भी है। इसमें नई तकनीकें हैं जैसे स्मार्ट ब्रेक सिस्टम, साफ-सुथरे बायो टॉयलेट और हवाई जहाज़ जैसी आरामदायक सीटें। यह ट्रेन 'मेक इन इंडिया' का ज़िंदा उदाहरण है। एक्सपो में जापान जैसे देशों से आए दर्शक, जहां पहले से शिंकानसेन बुलेट ट्रेन हैं। वह वंदे भारत की स्वदेशी तकनीक देखकर चकित हैं। उन्हें यकीन नहीं होता कि भारत ने इतनी जल्दी अपनी खुद की हाई-स्पीड ट्रेन बना ली।



EXPO 2025

जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो-2025 में जहाँ दुनिया भर के देश भविष्य की तकनीक और शहरों के मॉडल दिखा रहे हैं। वहीं भारतीय रेल का पवेलियन सबका ध्यान खींच रहा है। यहाँ सिर्फ ट्रेनें और पुल नहीं दिखाए जा रहे, बल्कि भारत की तरक्की और सोच को एक नई कहानी की तरह पेश किया जा रहा है। ओसाका के युमेशिमा द्वीप पर बने भारतीय पवेलियन में दो चीज़ें सबसे ज्यादा चर्चा में हैं - वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज।

हर बार ऐसा नहीं होता कि ट्रेनें और पुल किसी बड़े एक्सपो में इतना आकर्षण बटोरें, लेकिन इसबार वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज नए भारत के प्रतीक हैं। ये दिखाते हैं कि भारत अब सिर्फ बात नहीं कर रहा, बल्कि तेजी से भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

### चिनाब ब्रिज: भारत की सबसे ऊँची उड़ान

वंदे भारत की तेज़ रफ्तार और एयरोडायनॉमिक डिजाइन के उलट, चिनाब ब्रिज एक मजबूत और ऊँचा पुल है जो सबका ध्यान खींचता है। यह पुल जम्मू और कश्मीर में चेनाब नदी के ऊपर बना है और दुनिया का सबसे ऊँचा रेलवे आर्च ब्रिज है। जो एफिल टावर से भी ऊँचा है और इसकी ऊँचाई 359 मीटर है। इस पुल को बनाना आसान नहीं था। वहाँ का मौसम, ज़मीन और भूकंप का खतरा, सबकुछ मुश्किल था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह इतिहास रचा गया। यह भारतीय इंजीनियरिंग की ताकत और मेहनत का अद्भुत उदाहरण है। इस पुल से जम्मू और कश्मीर जैसे दूर-दराज़ इलाकों को देश से जोड़ना आसान हो गया। यह सिर्फ एक पुल नहीं, बल्कि वहाँ के लोगों के लिए उम्मीद और विकास का सेतु है।

### दुनिया की सराहना, देश का आत्मविश्वास

इस एक्सपो में भारत को जो तारीफें मिल रही हैं, वो इस बात की पहचान है कि भारत अब आत्मनिर्भर हो चुका है। लोग हैरान हैं कि कैसे भारत ने कुछ ही वर्षों में भारतीय रेल तकनीक के आयात से आगे बढ़कर अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर विश्वस्तरीय और स्वदेशी प्रणालियों का प्रदर्शन करने लगा है।






### भविष्य से जुड़ती भारतीय रेल

वर्ल्ड एक्सपो 2025 का थीम "हमारे जीवन के लिए भविष्य के समाज का निर्माण" है। भारतीय रेल की कहानी इसी से जुड़ती है। "जीवन को बचाना, सशक्त बनाना और जोड़ना"- इन तीन बातों को वंदे भारत और चिनाब ब्रिज पूरा करते हैं।

पवेलियन में लोग वर्चुअल रियलिटी, मॉडल और गाइड के ज़रिए देख पा रहे हैं कि भारत की रेल कैसे हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) पर जा रही है। कैसे नई तकनीक से रेलवे को सुरक्षित और तेज़ बनाया जा रहा है। कैसे देश के हर कोने को रेल नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है।



### सिर्फ तकनीक नहीं, बदलाव की कहानी

भारतीय रेल का यह प्रदर्शन केवल इंजीनियरिंग का नहीं, एक परिवर्तन की गाथा है। एक पुरानी रेल व्यवस्था अब नया रूप ले चुकी है। डिजिटल टिकटिंग, सौर ऊर्जा से चलने वाले स्टेशन, प्लेटफॉर्म पर वाई-फाई, बुलेट ट्रेन कॉरिडोर। यह नई भारतीय रेल है जो सिर्फ सफर नहीं करा रही, बल्कि राष्ट्र को स्थाई मजबूती के साथ आगे बढ़ा रही है।

वर्ल्ड एक्सपो २०२५ में जब दुनिया भारत की इन उपलब्धियों को देख रही है, तब यह साफ हो रहा है कि भारतीय रेल अब सिर्फ अतीत की नहीं बल्कि उज्ज्वल भविष्य की कहानी कह रही है।

# बिहार में जनता का राज स्थापित करें, नेताओं के चेहरों पर नहीं बच्चों के भविष्य पर दें वोट : प्रशांत किशोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** जन सुराज यात्रा के तहत शुक्रवार को गोह पहुंचे प्रशांत किशोर ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार में व्यवस्था परिवर्तन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बिहार की जनता अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए वोट दे और राज्य में जनता का राज स्थापित करे, न कि किसी नेता, जाति या पार्टी के चेहरे पर।

गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित हमीदनगर मोड़ के समीप पंचायत सरकार भवन के पास आयोजित सभा में पीके का भव्य स्वागत फूल-मालाओं और रोड शो के माध्यम से किया गया। उनके काफिले के स्वागत में सैकड़ों समर्थक गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे।





सभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में आज भी जमीन की रसीद कटवाने से लेकर राशन कार्ड बनवाने तक के लिए लोगों को रिश्वत देनी पड़ती है। यह बदलाव का समय है। जनता को पांच किलो अनाज, सिलेंडर और बिजली मिलने से संतोष नहीं करना चाहिए, बल्कि अपने बच्चों को शिक्षा और रोजगार मिले, इसके लिए सोचने की जरूरत है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आने वाले चुनाव में किसी नेता के चेहरे को नहीं, बल्कि अपने बच्चों के भविष्य को देखकर वोट करें। बिहार में बदलाव चाहिए तो नीतीश, लालू और मोदी जैसे चेहरों से ऊपर उठकर सोचना होगा। अगर इन्हीं लोगों को दोबारा मौका दिया गया, तो बिहार के युवा गुजरात और दूसरे राज्यों में मजदूरी करने को मजबूर रहेंगे, उन्होंने कहा। पीके ने सभा में उपस्थित जनसमूह से सवाल पूछा कि क्या वे नीतीश कुमार को फिर से मु ख्य मं त्रा ी बनाना चाहते हैं? जवाब में हजारों लोगों ने हाथ उठाकर नहीं में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि चाहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नीतीश कुमार के लिए वोट मांगें, लेकिन बिहार की जनता को अब इन्हें बाय-बाय कह देना चाहिए। सभा की अध्यक्षता जन सुराज पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष धर्मराज यादव उर्फ साहेब दयाल यादव ने की। इस अवसर पर जदयू के पूर्व नेता सीताराम दुखारी और भाजपा नेता अवधेश नंदन द्विवेदी ने जन सुराज में शामिल होकर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्टी के संभावित प्रत्याशी संजय प्रसाद कुशवाहा, डॉ. राम उदय कुमार उर्फ आर यू कुमार, पैक्स अध्यक्ष मुकेश पांडेय, उमा देवी चंद्रवंशी, शर्मिला यादव, निरंजन गुप्ता सहित दर्जनों स्थानीय नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल–19–25, दिनांक 10.07.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सूचना सं. : ईएल–19–25, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल : एसएसई/जी/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में डीआरएम बिल्डिंग एवं ट्रैफिक कॉलोनी में इलेक्ट्रिकल सब–स्टेशन का विस्तार एवं अन्य सहायक कार्य (अवशिष्ट कार्य)। **निविदा मूल्य :** रु.60,20,422.19, **बयाना राशि :** रु. 1,20,400/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य के लिए समापन अवधि :** 09 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 04.08.2025 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-119/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EastернRailway @easternrailwayheadquarter

# यूपीएससी में मिथुन यादव की शानदार सफलता खान मंत्रालय में बने सहायक रिसर्च ऑफिसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के टोईया गांव निवासी मिथुन यादव ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में देशभर में अखिल भारतीय आठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र, जिला और राज्य का नाम रोशन किया है। उन्हें भारत सरकार के खान मंत्रालय में सहायक रिसर्च ऑफिसर के पद पर नियुक्ति मिली है। 15 पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा में मिथुन की यह उपलब्धि न केवल सराहनीय है, बल्कि युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत भी है। मिथुन की प्रारंभिक शिक्षा बिरसा उच्च विद्यालय, डुमरी से हुई। विज्ञान संकाय से इंटरमीडिएट पास करने के बाद उन्होंने आईआईटी - जेईई क्वालिफाई कर आईआईटी-आईएसएम धनबाद से मिनरल




इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। वर्ष 2021 में उन्हें कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से दक्षिण अफ्रीका में नौकरी मिली, जहां उन्होंने तीन वर्षों तक कार्य किया। इसके बाद 2024 में उनका चयन भारतीय रेयर अर्थ लिमिटेड में सहायक प्रबंधक के पद पर हुआ। अब उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर खान मंत्रालय में नई जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं।

# विश्व में युद्ध नहीं शांति चाहिए : लोक समिति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोक नायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित गैर दलीय संगठन लोक समिति के वरिष्ठ सदस्य इं. महेन्द्र यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आज हमारे देश और विदेश में अशांति का माहौल बना हुआ है। शीतयुद्ध की स्थिति बनी हुई है। एक सोची समझी साजिश के तहत विश्व में तृतीय विश्व युद्ध की स्थिति पैदा की जा रही है जो देश के लिए अहितकर और घातक है जिससे अपार धन-जन की क्षति एवं बर्बादी होगी। इं. महेन्द्र यादव ने कहा कि मुझे विश्व में युद्ध नहीं विश्व में शांति चाहिए। परमाणु से बम नहीं परमाणु बिजली संयंत्र बनाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र संघ को इस पर सख्त कानून बनाकर रोक लगाने की आवश्यकता है जो देश परमाणु बम बना लिया है। उस बम को नष्ट करा देनी चाहिए। युद्ध एक स्थायीभाव है तथा युद्धविराम एक संचारी भाव है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए युद्ध विराम शांति का व्यापार करने का एक अवसर है। युद्ध हथियार बेचने और प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा करने की एक रणनीति है। रूस- यूक्रेन युद्ध और इजराइल- फिलिस्तीन युद्ध का उदाहरण है। युद्ध सभ्य देश को असभ्य देश में तब्दील कर देती है। किसी भी देश की तरक्की एवं विकास का रास्ता युद्ध कतई नहीं हो सकता है। वह सत्य एवं अहिंसा ही हो सकता है। यह देश बुद्ध, कबीर, गांधी और ओशो का है जिन्होंने समाजसुधार और मार्गदर्शन का काम किया। महापुरूषों द्वारा बताये मार्ग पर चलकर ही हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने विवेक से निर्णय लेकर देश हित और विकास के लिए काम करनी चाहिए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आकर काम करना उचित प्रतीत नहीं है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.:टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–08, दिनांक: 09.07.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 के द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. :टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2025–26–08, कार्य का नाम:** "(क) आसनसोल मंडल–एईएन/बीआरएल/आसनसोल के अधीन ब्रिज नं. 12, 17 एवं 18 (एमडीपी–जीआरडी) की रि–गर्डरिंग एवं जैकेटिंग के साथ सब–बैंक का प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्य। (ख) आसनसोल मंडल–एईएन/बीआरएल/ आसनसोल के अधीन केएएन–एएसएन एमएल लाइन शाखा के बीच ब्रिज नं. 520/बी की रि–गर्डरिंग एवं अन्य सहायक कार्य। (ग) आसनसोल मंडल–एसटीएन–जेएजे शाखा के बीच ब्रिज नं. 656 अप, 691/डाउन और 637, 640, 663/**अप–डाउन** की रि–गर्डरिंग एवं अन्य सहायक कार्य। (घ) आसनसोल मंडल–यूडीएल–एएसएन शाखा में आरएनजी–केपीके के बीच ब्रिज नं. 509 (अप/2) की रि–गर्डरिंग एवं अन्य सहायक कार्य। (ङ) आसनसोल मंडल–एसटीएन–जेएजे शाखा में पियर्स एवं एबटमेंट की जैकेटिंग सहित ब्रिज नं. 643/अप एवं डाउन के बीजीएमएल स्टैंडर्ड गर्डर का प्रतिस्थापन एवं अन्य सहायक कार्य। (च) आसनसोल मंडल–विद्यासागर में फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्य। (छ) आसनसोल मंडल–मुगमा स्टेशन यार्ड की रि–मॉडलिंग। (ज) आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल के दुर्गापुर, पूर्व रेलवे में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का प्रावधान। (झ) टीओपी–बीबीआई कॉर्ड लाइन शाखा में एल.सी. गेट 3 सी/ई का इंटरलॉकिंग एवं अपग्रेडेशन कार्य। (ञ) यूडीएल–एसएनटी शाखा में एल.सी. गेट नं. 27/सी/ई का इंटरलॉकिंग एवं अपग्रेडेशन कार्य। (ट) टीओपी–बीबीआई मेनलाइन शाखा में एल.सी. गेट नं. 6 एबी/ई का इंटरलॉकिंग एवं अपग्रेडेशन कार्य। (ठ) आसनसोल मंडल–एसएनक्यू–जेएसएमई के बीच किमी 318/1–3 (किमी 318.059) में एल. सी. गेट नं. 28 स्पे/ई के स्थान में एलएचएस का निर्माण। **निविदा मूल्य :** रु. 2,62,01,468.33, **बयाना राशि:** रु. 2,81,000/–, **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 12.08.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 18 माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 45 दिन। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट:**ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-118/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/ई–ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2025, दिनांक:** 09.07.2025, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा 05 वर्षों के लिए हावड़ा मंडल के तहत ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) के संस्थापन और परिचालन के लिए ठेका प्रदान करने हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी और ई–नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से देखें। **कैटलॉग सं. एटीएम–एचडब्ल्यूएच–जुलाई–19, शुरू होने की तिथि और समय : दिनांक 24.07.2025 को 11.00 बजे। क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, विवरण और स्टेशनों के नाम** निम्नानुसार हैं : (1) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–पीटीएई–जेन–110–25–1 (एटीएम–जनरल),** पाटुली रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, पाटुली। (2) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–एसकेजी–जेन–116–25–1 (एटीएम–जनरल),** शक्तिगढ़ रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, शक्तिगढ़। (3) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–एमयूजी–जेन–114–25–1 (एटीएम–जनरल),** मगरा रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, मगरा। (4) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–डीएचएई–जेन–111–25–1 (एटीएम–जनरल),** दाँईहाट रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, दाँईहाट। (5) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–पीडीए–जेन–99–25–1 (एटीएम–जनरल),** पाण्डुया रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, पाण्डुया। (6) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–जेन–73–25–2 (एटीएम–जनरल),** डीआरएम बिल्डिंग (कंट्रोल ऑफिस के निकट), हावड़ा स्टेशन के पास एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, हावड़ा। (7) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–पीकेआर–जेन–109–25–1 (एटीएम–जनरल),** पाकुड़ रेलवे स्टेशन में पीआरएस काउंटर बिल्डिंग के पास एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, पाकुड़। (8) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–एनकेएल–जेन–121–25–1 (एटीएम–जनरल),** नालीकुल रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, नालीकुल। (9) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–एचजीवाई–जेन–122–25–1 (एटीएम–जनरल),** हुगली रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, हुगली। (10) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–एएमबीजी–जेन–97–25–1 (एटीएम–जनरल),** आरामबाग रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, आरामबाग। (11) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–जीआरएई–जेन–113–25–1 (एटीएम–जनरल),** गुड़ाप रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, गुड़ाप। (12) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–एमवाईएम–जेन–115–25–1 (एटीएम–जनरल),** मेमारी रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, मेमारी। (13) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–डीबीपी–जेन–117–25–1 (एटीएम–जनरल),** देबीपुर रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, देबीपुर। (14) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–बीसीजीएम–जेन–119–25–1 (एटीएम–जनरल),** बैंचीग्राम रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, बैंचीग्राम। (15) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–बीजीएनए–जेन–118–25–1 (एटीएम–जनरल),** बलगोना रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, बलगोना। (16) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–एचपीएल–जेन–120–25–1 (एटीएम–जनरल),** हरिपाल रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, हरिपाल। (17) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–एमयू–जेन–123–25–1 (एटीएम–जनरल),** मानकुंडु रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, मानकुंडु। (18) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–जेआईटी–जेन–102–25–1 (एटीएम–जनरल),** जिराट रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, जिराट। (19) **एटीएम–एचडब्ल्यूएच–पीएसएई–जेन–112–25–1 (एटीएम–जनरल),** पूर्बस्थली रेलवे स्टेशन में एटीएम का संस्थापन एवं परिचालन, पूर्बस्थली।

HWH-186/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# हम समाज सुधार कर रहे, विपक्ष फैला रहा भ्रम : प्रभारी मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** ग्रामीण विकास मंत्री सह जहानाबाद जिला प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी ने शनिवार को आयोजित पेंशन उत्सव कार्यक्रम में विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य सरकार समाज सुधार की दिशा में कार्य कर रही है, जबकि विपक्ष जनता के बीच केवल भ्रम और अफवाह फैलाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ह्लजनता सब कुछ देख और समझ रही है, और आने वाले समय में जवाब भी देगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में बढ़ोतरी को ऐतिहासिक कदम बताते हुए उन्होंने



कहा कि मुख्यमंत्री ने हमेशा समाज के कमजोर तबकों की भलाई के लिए काम किया है। वे केवल नेता नहीं, समाज सुधारक हैं।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले और मतदाता पुनरीक्षण पर बोले मंत्री**

मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान पर बोलते हुए मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि यह प्रक्रिया संविधान सम्मत है और इसका मकसद मतदाता सूची को शुद्ध और निष्पक्ष बनाना है। उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थानों का पूरा सम्मान करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आधार को वैध माना है, अब अंतिम निर्णय आयोग को करना है। विपक्ष जानबूझकर इस अभियान को लेकर लोगों को भ्रमित कर रहा है।

**'भूरा बाल साफ करो' नारे पर जताई नाराज़गी:** अतरी प्रखंड में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान राजद समर्थकों द्वारा 'भूरा बाल साफ करो' जैसे नारे लगाए जाने पर मंत्री अशोक चौधरी ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने नारों को अशोभनीय और उदंडता की संज्ञा देते हुए कहा कि यह 90 के दशक की राजनीति की याद दिलाने वाला प्रयास है। बिहार अब बदल चुका है। नीतीश कुमार ने दो दशकों की मेहनत से राज्य को विकास के मार्ग पर लाया है। अब किसी को राज्य को अराजकता की ओर धकेलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि बंद और आंदोलन के नाम पर गरीबों की दुकानें लूटना, डर और नफरत फैलाना बिहार की जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी। सत्ता की लालच में जो लोग उदंडता कर रहे हैं, जनता उन्हें सबक सिखाएगी, उन्होंने चेताया। कार्यक्रम में पेंशनधारकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 11-07-2025 21:31 Page 1



# लूटपाट और छिनतई मामले में आठ गिरफ्तार

## मोबाइल, पर्स सहित लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले की पुलिस ने लूटपाट और छिनतई की दो अलग-अलग घटनाओं का खुलासा करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

ये घटनाएं दीपनगर और सारे थाना क्षेत्र में हुई थीं। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई संपत्ति, मोबाइल फोन, नकदी और घटना में प्रयुक्त बाइक व हथियार भी बरामद किए हैं।

दीपनगर थाना क्षेत्र में अमन आनंद नामक युवक के साथ 5 जुलाई की रात लूटपाट की वारदात हुई थी। उन्होंने 8 जुलाई को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

अमन ने बताया कि पावापुरी ट्रेन से उतरने के बाद करीब रात 1:15 बजे रेलवे ओवरब्रिज के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच अपराधियों ने उन्हें जबरन बाइक पर बैठा लिया और यूनिवर्सिटी के पास ले जाकर उनका मोबाइल,



पर्स और ऑनलाइन 1000 ट्रांसफर करवा लिया।

प्राथमिकी दर्ज होते ही विशेष टीम ने छापेमारी कर सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और लूटी गई संपत्ति भी बरामद कर ली गई। डीएसपी सदर नुरुल हक ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से वनप्लस, वीवो, पोको और लावा कंपनी के मोबाइल, एक पर्स, लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और 8000 नकद बरामद किए गए हैं। सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

वहीं 9 जुलाई को सारे थाना क्षेत्र में एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी के फील्ड ऑफिसर के साथ हुई छिनतई की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में कुंदन कुमार (जंगीपुर, सारे थाना क्षेत्र) और रॉबिन उर्फ चंदू कुमार (रामी बीघा, अस्थावां थाना क्षेत्र) शामिल हैं। इनके पास से लूटा गया 30,000 नकद, एक देसी पिस्टल और घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई है।

इस मामले में एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। माइक्रोफाइनेंस कर्मी बिंद रोड की ओर जा रहे थे, जब तीन अपराधियों ने उनका बैग झपट लिया। छापेमारी टीम में दीपनगर और सारे थाना अध्यक्ष व उनकी टीम शामिल रही।

## ड्रोन ने खोला शराब तस्करी का राज

**कटिहार।** शराबबंदी वाले बिहार में तस्करों की नई तरकीबों पर अब हाईटेक नजर रखी जा रही है। कटिहार में रेलवे पुलिस ने ड्रोन की मदद से इंटरसिटी एक्सप्रेस की बोगी में छिपाकर लाई जा रही शराब की बड़ी खेप बरामद की है। हालांकि, तस्कर मौके से फरार हो गया, लेकिन आरपीएफ इस कार्रवाई को बड़ी सफलता मान रही है। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि सिलिगुड़ी से कटिहार आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस पर ड्रोन के जरिए निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान बोगी में संदिग्ध गतिविधि देखी गई। गुप्त सूचना के आधार पर जब ट्रेन की तलाशी ली गई तो उसमें छुपाकर रखी गई शराब की बड़ी मात्रा बरामद हुई। सूत्रों के अनुसार, यह शराब पश्चिम बंगाल सीमा से लाई गई थी और कटिहार में इसकी सप्लाई की जानी थी। ड्रोन से निगरानी के चलते तस्करों का यह प्रयास विफल हो गया। इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में इस तरह की कार्रवाई तेज की जाएगी और ड्रोन के माध्यम से ट्रेनों और रेलवे यार्डों की निगरानी जारी रहेगी। पुलिस का मानना है कि तकनीक शराब तस्करी रोकने में गेमचेंजर साबित होगा।

# रेलवे पर चला उपभोक्ता फोरम का डंडा, भरनी होगी जुर्माने की राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ट्रेन किराये की अंतर-राशि की इस लड़ाई में कर्नल कुमार आनंद से पड़े पाले को रेलवे शायद ही भूल पाए। रेलवे अब कर्नल को ब्याज जोड़कर अंतर-राशि (3050 रुपये) तो वापस करेगा ही, साथ में 60000 रुपये हर्जाना भी देगा। भुगतान में देरी हुई तो 10000 रुपये अतिरिक्त और हीलाहवाली पर आगे की कार्रवाई के लिए रास्ता खुला है।

कर्नल आनंद रांची जिला में हटिया थाना अंतर्गत धुरवा के मूल निवासी हैं। इस प्रकरण के समय उनकी पोस्टिंग पंजाब में थी। रेलवे वारंट के आधार पर उन्होंने नई दिल्ली से पटना के लिए एसी फर्स्ट क्लास का टिकट कराया था। रेलवे ने बिना सूचना दिए उनका टिकट एसी सेकेंड क्लास में डाउन-ग्रेड कर दिया। इसकी जानकारी भी उन्हें तब हुई, जब वे यात्रा के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे।

वारंट 08 दिसंबर, 2014 को जारी हुआ था। किराये में अंतर-राशि की वापसी के लिए उनके आवेदन पर रेलवे ने ध्यान नहीं दिया। रेलवे के अधिकारी एक-दूसरे पर मामले को टालते रहे। अंततः 04 जुलाई, 2019 को कर्नल ने पटना जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। उत्तर रेलवे, पूर्व-मध्य रेलवे सहित रेलवे बोर्ड के पांच अधिकारियों को उन्होंने प्रतिवादी बनाया। आयोग के समक्ष सभी प्रस्तुत हुए। 29 मई, 2024 को उत्तर रेलवे ने अंतर-राशि वापस करने का आश्वासन दिया, जबकि यह मामला 2019 में ही आयोग के समक्ष आ गया था।

आयोग के अध्यक्ष प्रेमरंजन मिश्रा और सदस्य रजनीश कुमार ने माना कि रेलवे की आनाकानी से कर्नल मानसिक-शारीरिक उत्पीड़न के साथ ही भुगतान पाने के लिए कानूनी खर्च की प्रक्रिया में व्यय करना पड़ा। इससे रेलवे की सेवा में कमी का आरोप सिद्ध होता है।

विद्वान निर्णयकर्ताओं ने निर्देश दिया कि 12 प्रतिशत ब्याज जोड़ते हुए रेलवे अंतर-राशि वापस करेगा। मानसिक-शारीरिक उत्पीड़न के मुआवजा में 50000 रुपये और कानूनी व्यय के लिए 10000 रुपये देने होंगे। 45 दिनों के भीतर भुगतान नहीं होने पर निष्पादन लागत के रूप में 10000 रुपये अतिरिक्त देने होंगे।

# रिश्वत लेते आवास सहायक का वीडियो हुआ वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रखंड की निसियावां पंचायत के आवास सहायक शिव कुमार का रिश्वत लेते एक वीडियो गुरुवार को इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो में एक महिला व एक पुरुष आवास सहायक से पैसे को लेकर आरजू विनती करते दिख रहे हैं। इसके बाद आपसी समझौता हो जान पर एक युवक कुछ नोट गिनता है और आवास सहायक के हाथों में देता है। आवास सहायक उस पैसे को लेकर अपने साथ खड़े एक निजी व्यक्ति के हाथों में रखने के लिए दे देते हैं।

इधर, इस संबंध में आवास सहायक का कहना है कि एक साजिश के तहत उन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई है। उन्होंने बताया कि बुधवार को उनके द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई और प्राथमिकी के आरोपित ने ही ऐसा कुचक्र चला है। वायरल वीडियो के संबंध में उनका कहना था कि यह गलत है। उन्होंने ऐसा नहीं किया है। इधर, बीडीओ प्रभाकर कुमार ने इस संबंध में अनभिज्ञता जताई है।

निसियावां पंचायत के आवास सहायक शिव कुमार ने बीते बुधवार को पंचायत के उसमानचक निवासी बखोरी मोची के पुत्र सूदन कुमार के खिलाफ क्षेत्र भ्रमण के दौरान गाली गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला लहसुना थाना में दर्ज कराया है।

बताया जाता है कि वायरल वीडियो के संबंध में जानकारी आवास सहायक को बुधवार को ही हो गई थी।इसके बाद उन्होंने मैनेज करने के लिए अपने स्तर से भरसक प्रयास किया, लेकिन उन्हें इसमें सफलता नहीं मिल पाई।

बताया जाता है कि इसके बाद आवास सहायक ने एक रणनीति के तहत दबाब बनाने की नीयत व अपने बचाव के लिए सूदन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी। इधर, आवास सहायक का रिश्वत लेते वीडियो सार्वजनिक रूप से वायरल कर दिया गया।

# रांची से ददई दुबे का पार्थिव शरीर आज आएगा मेदिनीनगर, वाराणसी में होगा दाह संस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का पार्थिव सड़क मार्ग से शनिवार को रांची से लाया जाएगा। शनिवार अहले तीन बजे पार्थिव लेकर परिजन रांची से चलेंगे। सात बजे मेदिनीनगर स्थित कांग्रेस के जिला कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिये पार्थिव रखा जाएगा। उसके बाद पंड़वा मोड़, ब्रहमोरिया, भंडार, बी मोड़, रेहला, गढ़वा होते हुए पैतृक गांव चोका ले जाया जाएगा। वहां अंतिम दर्शन के बाद पार्थिव शरीर को वाराणसी ले जाया जाएगा। गंगा किनारे राजा हरिश्चंद्र घाट पर उनका दाह संस्कार होगा। इधर कई संगठनों ने शोकसभा आयोजित कर ददई दुबे को श्रद्धांजलि दी है।

पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने दुबई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि झारखंड के सच्चे कांग्रेसी सपूत खोया है।

हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्रा ने पूर्व मंत्री कांग्रेसी नेता चंद्रशेखर दुबे के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज हमने एक ऐसे नेता को खो दिया जो न केवल राजनीति के मंच पर बल्कि आमजन के दिलों में भी राज करते थे। वे धनबाद से सांसद रहे, एकीकृत बिहार व झारखंड सरकार में मंत्री रहे। मजदूरों की आवाज को सदन तक पहुंचाने वाले वीर योद्धा थे। उनकी ईमानदारी, बेबाक बोलने की शैली व जनता के लिए उनकी लड़ाई हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने पूर्व मंत्री दुबई को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद, अभिभावक तुल्य वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर दुबे के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद व पीड़ादायक है। वे एक संघर्षशील व जनसरोकारों के प्रति समर्पित जननेता थे। उनका निधन केवल पलामू ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड की राजनीति व सामाजिक चेतना के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें व शोकाकुल परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति दें।

शुक्रवार को ऋत्विज परिवार ने हमीदगंज मोहल्ला स्थित मणिकांत उपाध्याय के आवास पर शोक सभा आयोजित किया। इसकी अध्यक्षता ऋत्विज परिवार के अध्यक्ष रजनीकांत पांडेय ने की। मौके पर राज्य के पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। लोगों ने दो मिनट मौन रखकर उनकी



आत्मा की शांति व सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। संस्था के मुख्य संरक्षक डॉ अरुण शुक्ला ने कहा कि पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे के असामयिक निधन से ऋत्विज समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है। शोक सभा में ऋत्विज समाज के हरिनंदन चौबे, मणिकांत उपाध्याय, विभाकर नारायण पांडेय, संतोष शुक्ला, संजय ओझा, रामधनी पांडेय, रमेश पांडेय, नवनीत कुमार सुंदरम, सुधीर दुबे, राजीव रंजन पांडेय, संजय दुबे, विवेकानंद त्रिपाठी, बीरेंद्र तिवारी, राकेश पाठक, अभिषेक पांडेय, मनीष तिवारी सहित कई लोग शामिल थे।

# दस दिनों में हुआ दस हजार आवासीय प्रमाण पत्र का फार्म जमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की घोषणा के बाद जिले में आवासीय प्रमाणपत्र बनाने की होड़ लगी हुई है। जिले में एक जनवरी से लेकर 31 जून तक 31 हजार आवासीय प्रमाणपत्रों के लिए आवेदन मिले थे, जबकि एक जुलाई से अब तक महज 10 दिनों में 10 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। बता दें कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में वोटर कार्ड, आधार कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड जैसे दस्तावेज को मान्यता नहीं दी जा रही। चूंकि आवासीय प्रमाण पत्र को मान्यता है तो जिन लोगों को आशंका है कि उनका नाम सूची से कट जाएगा, वे आवेदन कर रहे हैं। सदर प्रखंड के आरपीएस में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि जिले में हर माह औसतन 6000 आवासीय प्रमाणपत्र के लिए आवेदन प्राप्त हो रहे थे, जबकि वोटर लिस्ट रिवीजन की घोषणा के बाद अचानक इसमें काफी वृद्धि हुई है। महज 10 दिनों में अब तक 10 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

उन्होंने बताया कि लोग जानकारी के अभाव में पूरी तरह मतदाता सूची पुनरीक्षण में लगने वाले दस्तावेज के बाद भी एक दूसरे के कहने पर आवासीय प्रमाणपत्र के लिए आवेदन कर देते हैं। उन्होंने बताया कि एक साथ इतने आवेदन मिलने पर विभाग की साइई भी कई बार नहीं खुलती है। इससे कई काम रुक रहे हैं।

जिला प्रशासन ने स्वीकार किया है कि अचानक आवेदनों की संख्या काफी बढ़ गई है। इसकी गहन जांच की जा रही है। सदर प्रखंड के बीडीओ अनुराधा कुमारी ने बताया कि बीते दिनों की अपेक्षा पिछले एक सप्ताह में आवासीय प्रमाणपत्र के आवेदनों में तीन से चार गुणा तक वृद्धि हुई है। जिला अधिकारी के निदेर्शानुसार सभी आवेदनों का अच्छे से जांच करने के बाद ही आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है।

# हथियारों के बल पर आभूषण दुकान में डकैती

## नकाबपोश अपराधियों ने लाखों के आभूषण लूटे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 के पास गोरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरौल बाजार में एक आभूषण दुकान दिनदहाड़े डकैती हुई है। छह नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर सोना-चांदी के करीब 20 लाख रुपये का आभूषण लूट लिया। यह घटना थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर शुक्रवार की दोपहर को हुई। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदार इकट्ठा हो गए और गोरौल थाना की पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदार से घटना की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद बदमाशों के भागने की दिशा में छापेमारी शुरू कर दी गई। पुलिस घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और बदमाशों के भागने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

महुआ एसडीपीओ कुमारी दुर्गा शक्ति भी घटनास्थल पर पहुंचकर दुकानदार से पूछताछ के बाद आवश्यक कार्रवाई में जुटी हैं। मिली जानकारी के अनुसार, गोरौल बाजार स्थित कोलकाता अलंकार ज्वेलर्स एंड बर्तन भंडार में छह नकाबपोश बदमाश हथियार के बल पर घुस आए और दुकान से सोना-चांदी के जेवर, नगद रुपए तथा अन्य सामान लूट कर ले गए।

आभूषण दुकानदार अरुण शाह ने बताया कि दो बाइक पर सवार करीब आधा दर्जन बदमाश दुकान में घुसकर करीब 20 लाख रुपये के सोना-चांदी के जेवर और नगद रुपए सहित अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। बताया गया है कि सभी अपराधी 20 से 25 वर्ष के आयु के हैं। इस संबंध में एसडीपीओ कुमारी दुर्गा शक्ति ने बताया कि लूटपाट की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचकर दुकानदार से पूछताछ के बाद आवश्यक कार्रवाई कर रही हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**जमुई।** जमुई में मलयपुर थाना क्षेत्र के पतोना चौक पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के खैरमा मोहल्ला निवासी स्वर्गीय जगदीश साह के पुत्र 40 वर्षीय अमर साह के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, अमर साह अपनी पत्नी के साथ पूजा-अर्चना के लिए पतनेश्वर धाम मंदिर गए थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इसका उद्घाटन डॉ चमन कुमार व डा अरुण कुमार व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित पर किया। मौके पर डॉक्टर चमन कुमार ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन की विधि को अपनाना होगा। डा अरूण कुमार ने लोगों से जनसंख्या नियंत्रण के लिए स्थाई साधन व अस्थाई साधन अपनाने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुनीता कुमारी ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस की शुरूआत 11 जुलाई 1990 को हुई थी । विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण करना है। इसलिए पूरे भारतवर्ष में इस दिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन पखवाड़ा के रूप में मनाया जाता है। पूरे पखवाड़ा में सहिया साथी, बीटीटी, एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लेते हैं। साथ ही गांव में जाकर परिवार नियोजन के बारे में प्रचार प्रसार करते हैं ।कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रखंड लेखा प्रबंधक धीरज कुमार सिन्हा ने कहा कि परिवार नियोजन का थीम है विकसित भारत की पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान...के तहत लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। बीटीटी प्रदीप शर्मा ने कहा कि जनसंख्या दिवस के अवसर पर लोगों को अस्थाई साधन व अस्थाई साधन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी ।इस अवसर पर सहिया साथी रूबी कुमारी, तनु देवी, अनिता कुमारी, बीटीटी राधिका शर्मा, सुनील शास्त्री, प्रखंड डाटा प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, एएनएम फुलवंती कुमारी, परिवार नियोजन बीटीटी प्रदीप शर्मा, राधिका शर्मा, सहिया साथी उर्मिला कुमारी के अलावे सैकड़ो लोग शामिल थे। इस अवसर पर सात महिला बंध्याकरण किया गया।



# कुख्यात इनामी देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** वरीय पुलिस अधीक्षक गया के निदेर्शानुसार गया जिले में अपराध नियंत्रण हेतु जिला में कुख्यात अपराधकर्मियों को चिह्नित कर उनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार चल रही विशेष छापामारी अभियान में 50 हजार का इनामी बदमाश शादाब खान उर्फ लल्लू खान की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है।

एएसपी शैलेंद्र सिंह शेरघाटी वन ने गुरुवार को अनुमंडल पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि झारखंड का रहने वाला कुख्यात के खिलाफ अलग अलग थानों में डेढ़ दर्जन से अधिक प्राथमिकी दर्ज है। उन्होंने बताया कि जानकारी मिली कि उक्त कुख्यात देलहो होते हुए मदनपुर के रास्ते औरंगाबाद जाने वाला है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सघन वाहन जांच लगाया गया जहां से एक बाइक पर सवार दो लोग पकड़े गए। हिरासत में लिए गए बदमाश की पहचान शादाब खान उर्फ लल्लू खान ग्राम पथरा, वजूददीन खान ग्राम जोलह बीघा दोनों थाना प्रतापपुर चतरा झारखंड के रूप में की गई है।

उक्त पकड़ाए दोनों बदमाशों का तलाशी लिया गया तो तलाशी के क्रम में शादाब खान उर्फ लल्लू खान के पास से एक देशी पिस्टल, मैगजीन लगा हुआ जिसे अनलोड करने पर उसमें से छह जिंदा कारतूस , एक देशी कट्टा जिसे अनलोड करने पर उसमें से पांच जिंदा कारतूस एक वाई-फाई डिवाइस एवं एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुआ।

वजुद्दीन खान के पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन एवं एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत आमस में प्राथमिकी कराई गई है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 24 जुलाई 2024 को शेरघाटी कोर्ट परिसर में दिनदहाड़े कुछ अपराधियों के द्वारा पेशी में आए कैदी फोटो खान को गोली मारने के उद्देश्य से फायरिंग की घटना की गई थी।

कोर्ट परिसर की सुरक्षा में नियुक्त एवं उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा साहस एवं दृढ़ता का परिचय देते हुए तुरंत ही फायरिंग करने में शामिल 01 अपराधकर्मी को गिरफ्तार एवं 01 विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया था। शेष फरार चल रहे थे।

इसके 29 अक्टूबर 2024 को चंदौती थाना अन्तर्गत इंग्लिश गांव के निकट कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है। इलाज के क्रम में उक्त व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। जिसमें भी उक्त बदमाश की संलिप्तता है। इसके पूर्व में इस कांड के 06 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# धरहरा नहर मर्डर केस में मित्र ने फिल्मी स्टाइल में मित्र को उतारा मौत के घाट : एसपी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जपला के धरहरा नहर मर्डर केस का पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को खुलासा करते हुए अपने कार्यालय स्थित सभागार में पत्रकारों के समक्ष हत्यारे को प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने पत्रकारों को बताया कि 8 जुलाई की सुबह हुसैनाबाद पुलिस को धरहरा स्थित नहर से जपला धरहरा निवासी ताबिश अंसारी का शव मिला था। उसकी हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनके निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने अनुसंधान के क्रम में पाया कि मोहर्रम के दिन ताबिश अंसारी अपने दोस्त अजहरुद्दीन से विनय जनरल स्टोर जाने की बात बोलकर तबरेज आलम के साथ चला गया था। लेकिन वह वापस घर नहीं लौटा। कांड के अनुसंधान, तकनीकी साक्ष्य, घटनाक्रम की विवेचना, गुप्त सूचना



व अन्य स्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर इस निर्णय पर पहुंचा गया कि मृतक ताबिश व अभियुक्त तबरेज दोनों एक जगह काम करते थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छत्तीसगढ़ में एक क्रेन में हेल्पर के रूप में तबरेज आलम काम करता था। वहीं पर हाइवा के ऑपरेटर के रूप में ताबिश अंसारी भी कार्यरत था। तबरेज आलम ने क्रेन ऑपरेटर की गैर हाजिरी में क्रेन को ऑपरेट करने लगा था। इसे देख ताबिश ने उसकी फोटो खींचकर व वीडियो बनाकर संबंधित साइड सुपरवाइजर को दे दिया। इसके चलते तबरेज को नौकरी से निकाल दिया गया था। वह क्रेन ऑपरेटर बनकर ज्यादा पैसा कमाना चाहता था। नौकरी से निकाल दिए जाने का तबरेज को काफी मलाल था। साथ ही अभियुक्त तबरेज का पैसा ताबिश के पास बाकाया था। इसे ताबिश लौटा नहीं रहा था।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ताबिश ड्रग का आदी था। तबरेज ने मर्डर को ड्रग का केस बनाने की नियत से फिल्मी स्टाइल में प्लान के अनुसार 6 जुलाई को पहले से नशा का इंजेक्शन लिए हुए ताबिश को पुनः नशा का इंजेक्शन देकर उसे बेसुध कर दिया। साथ ही मोहर्रम में माथे पर बांधने वाले सफा से गला घोटकर जान से मार दिया। इसके पश्चात उसे नहर में धकेल दिया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना अपराध को स्वीकार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त तबरेज व मृतक ताबिश आपस में रिलेटिव हैं। साथ ही वे एक दोस्त भी थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटनास्थल से केटामाइन वाइल का एक खाली सीसी, दो पीस नीडल कैप, फटा हुआ सिरिंज वारपर व अभियुक्त तबरेज के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आईपीएस एस मोहम्मद याकूब, हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, हुसैनाबाद थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सौरभ चौबे, पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक कमल किशोर पांडेय, पुलिस अवर निरीक्षक रमन यादव सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## 481 मतों से जीती शारदा देवी

**अररिया।** प्रखंड के किस्मत खवासपुर पंचायत से पंचायत समिति सदस्य के उपचुनाव में शारदा देवी ने बड़े अंतर से जीत हासिल की। शारदा देवी को 1242 वोट मिले। जबकि 761 वोट लाकर पूर्णिमा देवी दूसरे स्थान पर रही। इस प्रकार शारदा देवी 481 वोट से जीत हासिल की। शारदा देवी तिगछिया निवासी विजय सिंह चौहान की बहन है। इस जीत पर नोनिया समाज के जिला अध्यक्ष सह जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम मंडल समेत जिले भर से नोनिया समाज के लोगों ने बधाई दिया। बधाई देने वालों में वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 7 अररिया के श्याम कुमार मंडल, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह चौहान, किशोरी सिंह, सकलदेव मंडल, प्रकाश कुमार, जवाहर सिंह, कुंवर सिंह,, कैलाश सिंह, हरजीत कुमार, प्रमोद मंडल, मनोज सिंह, नेमचंद सिंह, अजीत सिंह, सरयू सिंह, मणि सिंह, नयन सिंह, रामबली सिंह, सूयानंद सिंह, अर्जुन सिंह के अलावे दर्जनों लोगों ने बधाई दिया।

# बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय, नियंत्रण जरूरी : सीएस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिवार नियोजन पखवाड़ा की भी शुरूआत की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन अनिल कुमार श्रीवास्तव, सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, एमएमसीएच के सुपरिटेंडेंट व प्रिंसिपल समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।




इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय होना चाहिए। जनसंख्या पर नियंत्रण अति आवश्यक है। इस पर नियंत्रण के लिए सभी को अपने स्तर से जिम्मेदारी निभानी होगी। अपने आसपास के लोगों को जागरूक करना होगा। इसी तरह सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने जनसंख्या को स्थिर करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर से जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने को लेकर सभी लोगों को अपने-अपने स्तर से जागरूक करने पर बल दिया।इसी तरह एमएमसीएच के सुपरिटेंडेंट व प्रिंसिपल ने भी विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी लोगों से इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व परिवार नियोजन पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत निर्धारित सभी लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में सभी को परिवार नियोजन के उद्देश्य व होने वाले लाभ के विषय में जानकारी दी गयी।


कार्यक्रम में सीएस डॉ अनिल ने बताया कि इस परिवार नियोजन पखवाड़ा के दौरान 1104 महिलाओं का बंध्याकरण,74 पुरुषों के नसबंदी, आईयूसीडी इंस्टरशन्स के तहत 2943,अंतरा के 3679, ओसीपी के 44148, छाया के 11773 लक्ष्य रखा गया है।इस तरह 7 लाख 94 हजार 665 कंडोम वितरण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे डीआरसीएचओ, हेल्थ डीपीएम प्रदीप कुमार, सहिया सहित बड़ी संख्या में एएनएम उपस्थित थे।

# सफल सहकारी समितियों की प्रेरक कहानियों का होगा प्रचार-प्रसार : डॉ. प्रेम कुमार

## सहयोग समितियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में विभाग की नई पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता विभाग ने राज्य में सहकारिता को सशक्त बनाने और सहयोग समितियों से जुड़े लाभों को आमजन तक पहुंचाने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की है। इस पहल के तहत राज्य की सफल सहकारी समितियों की प्रेरक कहानियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अन्य समितियां उनसे सीख लेकर सशक्त बन सकें। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने



इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सहकारिता ऐसा सशक्त माध्यम है जो रोजगार सृजन और सामूहिक सशक्तिकरण का प्रतीक बन रहा है। केंद्र सरकार भी सहकारिता की शक्ति से पूरी तरह से अवगत है। उन्होंने कहा कि राज्य की सफल सहकारी समितियों की सफलता की कहानियां जब जन-जन तक पहुंचेंगी तो अन्य समितियों को भी प्रोत्साहन और दिशा मिलेगी जिससे राज्य में सहकारिता अभियान और अधिक तेज होगा। इस योजना के तहत सहयोग समितियों के प्रबंध फलक पर कार्यरत अधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, और जिला केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड से यह अपेक्षा की गई है कि वे अपने क्षेत्र में कार्यरत पांच सफल सहकारी समितियों से संबंधित विवरण, वीडियो और रिपोर्ट सहयोग समितियों के कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराएं। यह निर्देश वन्शराज वर्मा, उपनिदेशक, सहयोग समितियां द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि सहकारिता विभाग विभिन्न योजनाओं का संचालन करता है जिनसे राज्य की अनेक सहकारी समितियां लाभान्वित हो रही हैं। इन योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को गति दी है जिससे स्थानीय लोगों को आजीविका के साधन और रोजगार प्राप्त हुआ है। राज्य की सहकारी बैंकों द्वारा संयुक्त ऋण समूह का गठन कर महिलाओं और वंचित वर्गों को स्वरोजगार हेतु वित्तीय सहायता दी जा रही है। लगभग सभी जिलों में ऋण समूह के माध्यम से हजारों समूह लाभान्वित हो रहे हैं। इन समूहों को धनराशि उपलब्ध कराकर विभिन्न प्रकार के व्यवसाय जैसे डेयरी, मछली पालन, औषधीय उत्पादन आदि में जोड़ा गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन हुआ है।

# बिहार प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा हरित विद्यालय प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा राज्य में स्थित विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना अभिवर्धित करने एवं इस हेतु उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक हरित विद्यालय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी सरकारी/गैर-सरकारी विद्यालय भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता स्वमूल्यांकन पद्धति पर आधारित है जिसमें विद्यालयों द्वारा उनके प्रयासों का स्वमूल्यांकन कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसमें भाग लेने हेतु बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के वेबसाइट-पर दिये गये पहले लिंक को क्लिक कर आवेदन प्रपत्र भर सकते हैं। प्रतियोगता में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 जुलाई-2025 शाम 4 बजे तक है। विद्यालयों द्वारा किए गए प्रयासों का सत्यापन राज्य पर्षद द्वारा 1 अगस्त, 2025 से किया जाएगा। चयनित विद्यालयों को 7 सितंबर को पटना में 'नीले आसमान के लिए स्वच्छ वायु का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

# रेडिएशन ऑँकोलॉजी का 7वां वार्षिक कांफ्रेंस का होटल मौर्या में आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन ऑकोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया, बिहार चैप्टर और पारस एचएमआरआई, पटना की ओर से 12-13 जुलाई को रेडिएशन ऑकोलॉजी का 7वां वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन होटल मौर्या में किया जाएगा। इसमें देशभर के कैंसर रोग विशेषज्ञ भाग लेने पटना पहुंचेंगे। इस बात की जानकारी एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन ऑकोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया, बिहार चैप्टर के आयोजन सचिव व वाइस प्रेसीडेंट डॉ. शेखर केसरी ने शुक्रवार को पारस हॉस्पिटल परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान करेंगे। दो दिवसीय इस आयोजन में लंग कैंसर, गॉल ब्लैडर (पित्ताशय की थैली) कैंसर, हेड-नेक कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, ब्रेन कैंसर और गायनैकोलॉजिकल मैलिग्नैंसी पर इसके विशेषज्ञ विस्तार से चर्चा करेंगे। सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ एए हई ने बताया कि इसका थीम साक्ष्य से लेकर उत्कृष्टता तक- सहयोगात्मक दृष्टिकोण है जिसमें कैंसर के इलाज मेडिकल, सर्जिकल और पैलेटिव ऑकोलॉजी तीनों डिपार्टमेंट की भूमिकाओं के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

# रोटरी क्लब की मोबाइल स्क्रीनिंग वैन बनेगी कैंसर के खिलाफ ढाल : मंगल पांडे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान और जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। क्लब ने महावीर कैंसर संस्थान को समर्पित 'मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन' का शुभारंभ किया जिसका भव्य फ्लैग-ऑफ समारोह गांधी मैदान स्थित बापू सभागार आर्केड में आयोजित हुआ। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा बिहार सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। रोटरी क्लब की यह पहल न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि कैंसर




जैसी घातक बीमारी की समय पर पहचान के लिए एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध होगी। मैं क्लब एवं महावीर कैंसर संस्थान को इस जनकल्याणकारी कार्य के लिए बधाई देता हूं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं दीघा विधायक डॉ. संजीव चौरसिया, कुम्हरार विधायक अरुण कुमार सिन्हा और स्व. आचार्य कुणाल किशोर के पुत्र सयान कुणाल तथा डॉ. एल. बी. सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर डी.जी. नम्रता ने कहा यह पहल रोटरी के सेवा मिशन की एक शानदार मिसाल है जो देशभर में एक मॉडल बन सकती है। आईपीडीजी बिपिन चाचान ने कहा हम सिर्फ चिकित्सा सुविधा नहीं, बल्कि लोगों के मन से डर व भ्रम को भी दूर करना चाहते हैं। यह वैन समाज में आशा और सुरक्षा का संदेश लेकर निकली है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ. अमिताभ बंका ने कहा यह परियोजना रोटरी क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। पूर्व अध्यक्ष सोनल जैन ने कहा यह वैन केवल एक वाहन नहीं, बल्कि रोटरी की संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रतीक है। इस अभियान के माध्यम से हम कैंसर से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करेंगे और लोगों को जागरूक व सशक्त बनाएंगे। समारोह में रोटरी क्लब के सक्रिय सदस्यों - चिंतन जैन, डॉ. प्रगति सिन्हा, आशीष बंका, गौतम, अमन कमालिया, अजय मोरे, राजीव अग्रवाल, नितिन कृष्णा, अशोक चौधरी, संदीप चौधरी, प्रशांत अग्रवाल, रोशन धन्धारिया, एवं पूर्व अध्यक्ष सोनल जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# युवाओं को हस्तशिल्प कलाओं में दिया जा रहा प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार, उद्योग विभाग के अंतर्गत उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना द्वारा संचालित हस्तशिल्प प्रशिक्षण सत्र (जुलाई-दिसंबर 2025) की शुरुआत हो चुकी है। इस सत्र में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं को पारंपरिक हस्तशिल्प कलाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रारंभिक चरण में छात्रों को विभिन्न शिल्पों की बुनियादी जानकारी दी जा रही है जिसमें संस्थान के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन किया जा रहा है। टिकुली, सिक्की, टेरेकोटा, एप्लीक, बांस, जूट, ब्लॉक प्रिंटिंग सहित अन्य शिल्पों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान की सभी शाखाओं में छात्रों का उत्साह, सीखने की ललक और रचनात्मकता साफ रूप से दिखाई दे रही है। प्रशिक्षण सत्र के माध्यम से न केवल पारंपरिक कलाओं को संरक्षित और समृद्ध किया जा रहा है, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित किया जा रहा है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान में ग्रामीणों ने दो सौ पौधे लगाए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पर्यावरण संरक्षण के लिए मनेर के सिकंदरपुर गांव में शुक्रवार को वृक्षारोपण अभियान का आयोजन पर्यावरण संरक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सरोज सिंह के नेतृत्व में किया गया। समाज को बेहतर और पर्यावरण को हराभरा बनाने के उद्देश्य के मद्देनजर सरोज सिंह पिछले कई साल से गांव में समय-समय पर वृक्षारोपण अभियान चलती आ रही है। वृक्षारोपण अभियान के तहत स्वयंसेवकों, छात्रों और ग्रामीणों ने मिलकर 200 से अधिक पौधे लगाए। साथ ही पौधा वितरण भी किया गया। मौके पर सरोज सिंह ने कहा कि यह अभियान श्रीमती सिंह के सामाजिक सुधार और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं



और एक बेहतर समाज की नींव, एक स्वस्थ पर्यावरण पर ही टिकी होती है जो पौधा हम आज लगाते हैं, वही आने वाले कल की सांसें तय करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में इसी तरह के और वृक्षारोपण अभियान चलाए जाएंगे। मौके पर वृक्षारोपण के साथ-साथ एक जन-जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें शहरी हरियाली, जैव विविधता और नागरिक भागीदारी के महत्व पर चर्चा की गई।

# आम आदमी पार्टी बिहार में अकेले सभी विधानसभा सीटों पर लड़ेगी : संजय सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बिहार में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटों पर लड़ेगी और किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। इस दौरान उन्होंने नीतीश सरकार पर बिहार में 'जंगलराज' की वापसी का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बेरोजगारी की स्थिति बदहाल हो गई है। संजय सिंह ने कहा कि पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बिहार में चुनाव लड़ने के लिए हरी झंडी दे दी है और पार्टी ने अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी का फोकस सीमांचल पर है और वह खुद किशनगंज जाने वाले हैं। संजय सिंह ने बिहार में अपराध की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने राजधानी पटना में हुए गोपाल खेमका हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा कि जब राजधानी में एक व्यापारी की हत्या हो जाती है और उसके परिवार को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि 6 साल पहले बेटे की हत्या हुई थी और अब पिता की, यह दर्शाता है कि बिहार में 'जंगलराज' किस तरह से लौट आया है।

# भाजपा, जदयू, चुनाव आयोग के षड्यंत्र की हार, बिहार की जनता की जीत : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम यहां एक ऐतिहासिक फैसले और एक जनविरोधी साजिश के पर्दाफाश के संदर्भ में आपसे संवाद करने के लिए उपस्थित हुए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड की सरकार, चुनाव आयोग के साथ मिलकर, बिहार के दलितों, पिछड़ों, शोषितों और गरीबों के वोट के अधिकार को छीनने का षड्यंत्र रच रही थी। यह न सिर्फ



लोकतंत्र पर आघात था, बल्कि यह सीधे-सीधे बिहारी अस्मिता पर हमला था, लेकिन हम आपको यह बताते हुए गर्व और संतोष का अनुभव कर रहे हैं कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस साजिश पर करारा ब्रेक लगा दिया है।

यह जीत सिर्फ एक कानूनी जीत नहीं है – यह पूरे बिहार की जनता की जीत है। यह उस भरोसे की जीत है जो उन्होंने देश के जननायक, नेता विपक्ष राहुल गांधी जी पर किया। राहुल जी ने बिहार बंद आंदोलन के दौरान यह वादा किया था कि वे बिहार के सरोकारों की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ेंगे और आज वो वादा साकार होते हुए दिख रहा है।

# राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड ने दी 23 सौ करोड़ की सहमति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत बिहार की अध्यक्षता में राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की 61वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कुल 46 इकाइयों में सन्नहित रु. 2304.43 करोड़ की स्टेज-1 सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गयी। साथ ही कुल 20 इकाइयों में सन्नहित रु. 846.55 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। उल्लेखनीय है कि अब तक राज्य में वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 90 इकाइयों को कुल रु. 2263.16 करोड़ की स्टेज-1 स्वीकृति एवं 37 इकाइयों को रु. 263.69 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। बैठक में मेसर्स एपिक एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स भारत ऊर्जा डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स वारसलीगंज स्टैंडअलोन ग्राइंडिंग यूनिट, मेसर्स आरएमपी फैब सोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स बी.के वेयरहाउसिंग एलएलपी, मेसर्स गया रेलवे इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स हॉलीवुड क्रिएटिव स्टूडियोज प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स मंगलदीप राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स वरुण बेवरेजेज नवानगर, मेसर्स शालीमार पेलेट फीड्स लिमिटेड-पूर्णिया यूनिट, मेसर्स जयदयाल हाईटेक्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स गोग्रीन अपैरल लिमिटेड, मेसर्स उत्कर्ष स्फटिक लिमिटेड कोलकाता, भारत सहित अन्य इकाइयों को स्वीकृति प्रदान की गयी।

# बैंकिंग, बीमा और पेंशन सुविधा से जुड़ेंगे गांव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सभी को बैंकिंग, बीमा और पेंशन जैसी वित्तीय सुविधाओं से जोड़ने हेतु बिहार के सभी पंचायतों में भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर तीन महीने का व्यापक जन अभियान चलाया जा रहा है। 01 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलने वाले इस अभियान के तहत प्रदेश की लगभग 8,100 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। बिहार में इस अभियान का प्रतीकात्मक शुभारंभ पटना जिले के बेलछी प्रखंड अंतर्गत बेलछी ग्राम पंचायत में 1 जुलाई 2025 से किया गया है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बिहार, संयोजक भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा अभियान की तैयारियों को लेकर सदस्य बैंकों के साथ चर्चा कर इस क्रम में वित्त मंत्रालय भारत सरकार संबधित दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री जनधन का नया खता खोलना, पुराने खातों का केवाइसी दस्तावेज अद्यतन करना, पुराने निष्क्रिय खातों का पुनः परिचालन करना, खातों में नामांकन सुविधा अद्यतन करना, सामाजिक सुरक्षा संबंधी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना जैसी सभी योजनाओं का लाभ बैंकों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंचाना है। इसके साथ ही इस अभियान में डिजिटल लेन-देन, बैंकिंग सेवाएं और साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। बैंक मित्रों, ग्राहक सेवा केन्द्र संचालकों, पंचायत तथा प्रखंड स्तर के अधिकारियों तथा बैंककर्मियों की इस अभियान में सक्रिय भूमिका रहेगी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किये जाने वाली शिविरों में संबंधित योजनाओं की जानकारी और आवेदनों के संकलन जैसे कार्य किए जाएंगे। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 436 रुपये सालाना प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का बीमा दिया जाता है, वहीं प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 20 रुपये सालाना प्रीमियम पर 2 लाख रुपये तक का बीमा कवर दिया जाता है। 60 वर्ष की आयु के बाद अटल पेंशन योजना के तहत पेंशन भुगतान का प्रावधान है जिसमें किये निवेश के अनुसार रिटायरमेंट के बाद 1,000 से 5,000 रुपये तक पेंशन मिलती है। तीन महीनों तक चलने वाले इस अभियान में इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच प्रचार-प्रसार तथा वित्तीय सुविधाओं का आच्छादन एक प्रमुख उद्देश्य है। अभियान के दौरान ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचाव तथा अनक्लेम्ड डिपॉजिट के निकासी की विधि से जुड़ी जानकारियां भी दी जाएगी अभी तक सभी 8092 पंचायतों में आयोजित होने वाली शिविरों की मैपिंग हो चुकी है तथा 09 जुलाई 2025 तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राज्य भर में 774 पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा चुका है।

# कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार थाम सकते हैं जनसुराज का दामन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन के बिहार बंद के दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के रथ पर चढ़ने से रोके गए कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी में जाने की चर्चा जोर पकड़ रही है। दरअसल, रथ पर चढ़ने से रोके जाने के बाद कन्हैया कुमार खुद को अपमानित महसूस कर रहे हैं। ऐसे में यह चर्चा तेज हो गई है कि कन्हैया कुमार का कांग्रेस से मोहभंग हो रहा है। इसका संकेत जनसुराज की ओर से भी मिल रहा है। जनसुराज के सोशल मीडिया हैंडल पर इसे लेकर संकेत दिए गए हैं कि कन्हैया कुमार को जल्द ही पार्टी में शामिल कराया जा सकता है। जनसुराज फार बिहार के सोशल मीडिया हैंडल से शुक्रवार को किये पोस्ट में लिखा गया है कि दोस्तों, आप लोगों की कन्हैया कुमार के बारे में क्या राय है? वो कैसे नेता हैं? क्या उन्हें बिहार की राजनीति में कांग्रेस के साथ ही सक्रिय रहना चाहिए या किसी और पार्टी से हाथ मिलाना चाहिए और क्या आपको नहीं लगता कि उन्हें केंद्र की बजाय बिहार की राजनीति में ज्यादा सक्रिय होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पीके अपनी पार्टी को बिहार में मजबूत करने के लिए पूरी तरह से सजग हैं। वे कई ऐसे लोगों को पार्टी में शामिल करा रहे हैं जो लोकप्रिय और जाने माने चेहरे हैं।

# जैन धर्मावलंबियों ने मनाया 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का प्रथम देशना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्मावलंबियों ने पटना के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में मनाया जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का प्रथम देशना दिवस। पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, गुलजारबाग सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर का प्रथम देशना दिवस वीर शासन दिवस के रूप में मनाया। भगवान का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। फिर भगवान का अर्घ्य चढ़ाया गया। फिर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मुरादपुर, मीठापुर, कदमकुआं सहित अन्य सभी दिगम्बर जैन मंदिर में भी वीर शासन दिवस की पूजा अर्चना की गई। कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में सोनू जैन एवं अन्य ने पूजा किया। एम पी जैन ने बताया कि भगवान महावीर का



प्रथम देशना राजगीर के विपुलाचल पर्वत पर हुआ था। इस मौके पर पटना से काफी अधिक संख्या में जैन श्रद्धालुगण राजगीर को गए हैं। मौके पर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि भगवान महावीर की श्रावण कृष्ण प्रतिपदा को वर्तमान शासन नायक श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी की प्रथम देशना स्मारक (विपुलाचल पर्वत) राजगृह जी में 'वीरशासन जयंती' धूमधाम से आयोजित किया गया। पराग जैन ने बताया कि श्रावण कृष्ण प्रतिपदा के शुभ मुहूर्त में वीरप्रभु की वाणी केवलज्ञान के 66 दिनों बाद राजगृह जी के इसी विपुलाचल पर्वत पर खीरी थी। तभी से यह पावन दिवस पर भव्य अभिषेक, पूजन एवं शांतिधारा का आयोजन किया जा रहा है। पराग जैन ने बताया कि भगवान महावीर ने अपना पहला उपदेश विपुलाचल पर्वत पर दिया था, जो राजगीर (राजगृह) के पास स्थित है। यह उपदेश राजा श्रेणिक को दिया गया था और इसे 'दिव्य-ध्वनि' कहा जाता है।

# व्याकरण का ज्ञान ही संस्कृत सम्भाषण एवं निरुक्त ग्रंथ का आधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** व्याकरण का ज्ञान ही संस्कृत सम्भाषण एवं महर्षि यास्क रचित निरुक्त ग्रंथ का आधार है। व्याकरण ज्ञान के बिना निरुक्त तथा संस्कृत सम्भाषण में समस्या होना स्वाभाविक है। निरुक्त वैदिक शब्दों का निर्वचन ग्रंथ है। यास्क के अनुसार सभी शब्द धातुज हैं। नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात पदजात है जिसका अध्ययन निरुक्त में किया जाता है-ये सभी बातें संस्कृत संरक्षण समिति की ओर से आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्जालीय महर्षि यास्क स्मृति संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कही। उन्होंने कहा कि संस्कृत सम्भाषण शिविर भी 11 जुलाई से लगातार 34 वां अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक होगा जिसमें सरल पद्धति से संस्कृत बोलना सीखाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए गया कालेज गया के पाली विभागाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार मिश्र ने कहा कि पाली भाषा के लिए भी संस्कृत आवश्यक है। निरुक्त ज्ञान से वेदों का ज्ञान अति सरल हो जाता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचारों को व्यक्त करती हुई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में संस्कृत आचार्या प्रो मनीषा बोदरा ने भी संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर के आयोजन पर बल दिया। इस अवसर पर ज्ञानी शारदेय, सुजाता घोष, कल्पना शर्मा, संजू शर्मा, राहुल कुमार पाण्डेय ने भी व्याकरण ज्ञान शिविर के महत्व पर विस्तृत जानकारी दिए।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स बंसल कुमार प्रसाद के अधीन एन.बी.पी.डी.सी.एल.प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति आजाद आलम जो सारण में मानव बल के पद पर कार्यरत थे। उनकी आश्रिता पत्नी हसबुल निशा, पुत्री-निकहत परवीन एवं पुत्र-शाहिद रसीद को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. आजाद आलम की मृत्यु 01 सितंबर 2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के



पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ईएसआईसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 336 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग प्रतिमाह (10080/-) आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग 221760 रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआइ कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को इएसआइ योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, शनिवार 12 जुलाई 2025

## संपादकीय

# ब्रिक्स सम्मेलन मे आतंकवाद को लेकर मोदी का संदेश, सुनाई खरी-खरी

ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस समूह के महत्त्व समेत कई अहम मसलों पर चर्चा की गई, जिनमें से एक प्रमुख मुद्दा आतंकवाद का था। इस मौके पर चीन के राष्ट्पति शी जिनपिंग अनुपस्थित रहे। रूस के राष्ट्पति व्लादिमीर पुतिन भी सम्मेलन में आभासी माध्यम से ही शामिल हुए। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सम्मेलन में मौजूदगी को एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया और कहा कि आतंक के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता। आतंकियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में किसी भी देश को हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए।ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी को न केवल पाकिस्तान, बल्कि चीन के लिए भी एक नसीहत के रूप देखा जा रहा है। पाकिस्तान जहां आतंकवाद को खाद-पानी देता है, वहीं चीन ने हाल के वर्षों में संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद में कई पाकिस्तानी आतंकियों को सूचीबद्ध करने के प्रयासों को अवरुद्ध किया है। इससे इन दोनों देशों की कथनी और करनी में अंतर साफ नजर आता है। पाकिस्तान दुनिया को यह दिखाने का प्रयास करता है कि वह खुद आतंकवाद से पीड़ित है, मगर दूसरी ओर वह आतंकियों को प्रशिक्षित कर उन्हें भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल करता है।ब्रिक्स हाल के वर्षों में एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है। इसमें भारत, चीन व रूस समेत दुनिया की ग्यारह प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देश शामिल हैं। ब्रिक्स देश एक 'बहुध्रुवीय विश्व' के लिए जोर दे रहे हैं, जहां शक्ति अधिक बंटी हुई हो। ऐसे में चीन के राष्टपति शी जिनपिंग का ब्रिक्स सम्मेलन से अनुपस्थित रहना चौंकाने वाला है। जिनपिंग के सत्ता संभालने के बाद यह पहली बार है कि वे इस सम्मेलन से दूर रहे। वह भी तब, जब वे ब्रिक्स समूह को अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी गुट के खिलाफ एक आर्थिक विकल्प के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहे हैं।भू-राजनीतिक मामलों के लिहाज से देखें तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि ब्रिक्स के हालिया विस्तार ने चीन के लिए इसके वैचारिक मूल्य को कम कर दिया है। इसका एक कारण यह भी माना जा रहा है कि चीन, अमेरिका के साथ व्यापार संघर्ष के कारण घरेलू आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और जिनपिंग इन दिनों घरेलू अर्थव्यवस्था को दिशा देने में उलझे हुए हैं।बहरहाल, ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद के अलावा, मानवीय मूल्यों पर आधारित कृत्रिम मेधा, अमेरिकी शुल्क, मानवता के विकास के लिए शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण के मसले पर भी चर्चा हुई।

**प्रधानमंत्री मोदी का संसदों में संबोधन केवल भाषण नहीं, बल्कि रणनीतिक कूटनीति का हिस्सा है। उन्होंने विकसित और विकासशील देशों, दोनों के विधायी मंचों पर भारत की लोकतांत्रिक विरासत, आर्थिक दृष्टि और वैश्विक सहयोग की भावना को साझा किया। मोदी की ओर से अन्य देशों की संसदों में दिये गये संबोधन को याद करें तो उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद ऑस्ट्रेलिया, फिजी, भूटान, नेपाल की संसदों को संबोधित किया। साल 2015 में प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन, श्रीलंका, मंगोलिया, अफ़गानिस्तान और मॉरीशस की संसद को संबोधित किया। साल 2016 में उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। 2018 में प्रधानमंत्री ने युगांडा और 2019 में मालदीव की संसद में अपना संबोधन दिया। 2023 में प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरी बार अमेरिकी कांग्रेस में अपना संबोधन दिया और इसके साथ ही वह उन कुछ चुनिंदा वैश्विक हस्तियों में शुमार हो गये जिन्हें दो बार अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने का गौरव हासिल हुआ है।**

# 17 देशों की संसदों में संबोधन, 27 देशों से सर्वोच्च सम्मान, विश्व मंच पर मोदी का जादू बरकरार

(नीरज कुमार दुबे )

प्रधानमंत्री मोदी का संसदों में संबोधन केवल भाषण नहीं, बल्कि रणनीतिक कूटनीति का हिस्सा है। उन्होंने विकसित और विकासशील देशों, दोनों के विधायी मंचों पर भारत की लोकतांत्रिक विरासत, आर्थिक दृष्टि और वैश्विक सहयोग की भावना को साझा किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और वैश्विक नेतृत्व के क्षेत्र में भारत को एक नई ऊँचाई पर पहुंचा दिया है। जहां एक ओर उन्होंने अब तक 17 देशों की संसदों को संबोधित कर भारत की आवाज़ को विश्वमंच पर मुखर किया है, वहीं दूसरी ओर 27 देशों से प्राप्त सर्वोच्च नागरिक सम्मानों ने उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित और प्रभावशाली नेताओं में स्थान दिला दिया है। यह उपलब्धियाँ केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक स्थिति की उन्नति का प्रतिबिंब हैं। प्रधानमंत्री मोदी का संसदों में संबोधन केवल भाषण नहीं, बल्कि रणनीतिक कूटनीति का हिस्सा है। उन्होंने विकसित और विकासशील देशों, दोनों के विधायी मंचों पर भारत की लोकतांत्रिक विरासत, आर्थिक दृष्टि और वैश्विक सहयोग की भावना को साझा किया। मोदी की ओर से अन्य देशों की संसदों में दिये गये संबोधन को याद करें तो उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद ऑस्ट्रेलिया, फिजी, भूटान, नेपाल की संसदों को संबोधित किया। साल 2015 में प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मॉरीशस की संसद को संबोधित किया। साल 2016 में उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। 2018 में प्रधानमंत्री ने युगांडा और 2019 में मालदीव की संसद में अपना संबोधन दिया। 2023 में प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरी बार अमेरिकी कांग्रेस में अपना संबोधन दिया और इसके साथ ही वह उन कुछ चुनिंदा वैश्विक हस्तियों में शुमार हो गये जिन्हें दो बार अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने का गौरव हासिल हुआ है। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 2024 में गुयाना और 2025 में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नामीबिया की संसद को संबोधित किया। खास बात यह है कि 2025 में तीन देशों की संसदों में प्रधानमंत्री का संबोधन एक सप्ताह के भीतर हुआ है जोकि अपने आप में एक और कीर्तिमान है। इन सभी संबोधनों में भारत ने ग्लोबल साउथ, संयुक्त राष्ट सुधार, आतंकवाद विरोध, जलवायु न्याय और डिजिटल समावेशन जैसे मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। यह दर्शाता है कि भारत की सॉफ्ट पावर, अर्थव्यवस्था, लोकतंत्र और रणनीतिक संतुलनकारी भूमिका को विश्व स्वीकार कर रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति पारंपरिक 'गुटनिरपेक्षता' से आगे जाकर 'बहुध्रुवीय मित्रता' पर आधारित है। उन्होंने पश्चिमी शक्तियों से रिश्ते गहरे किए, लेकिन साथ ही अफ्रीका, मध्य एशिया, खाड़ी देशों और दक्षिण अमेरिका में नए रणनीतिक संबंध भी बनाए। मोदी की यह अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि भारत की उभरती शक्ति, विचारधारा और नेतृत्व क्षमता की स्वीकार्यता है। उनका हर संसद में दिया गया संबोधन, हर प्राप्त सम्मान, भारत की लोकतांत्रिक आत्मा, विकासशील दृष्टिकोण और नैतिक शक्ति का प्रतीक है।

साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 देशों की संसदों को संबोधित करना और 27 देशों से सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करना, भारतीय विदेश नीति के इतिहास में एक अभूतपूर्व अध्याय है। यह दर्शाता है कि आज का भारत केवल सुनने वाला नहीं, बल्कि दुनिया को दिशा देने वाला देश बन चुका है। यह उपलब्धि भारतवासियों के आत्मविश्वास, आकांक्षाओं और अंतरराष्ट्रीय भूमिका को सशक्त करती है।

पीएम मोदी के उपहारों में झलकती है भारत की आत्मा

इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्व दौरों की चर्चा प्रायः उनकी रणनीतिक कूटनीति, वैश्विक नेतृत्व और द्विपक्षीय समझौतों के संदर्भ में होती है, किंतु इन यात्राओं में एक और विशेष पक्ष होता है जो चुपचाप भारत की आत्मा को विश्व के सामने प्रस्तुत करता है– वह है उनके द्वारा चयनित सांस्कृतिक उपहार। हम आपको बता दें कि हर दौरे में प्रधानमंत्री मोदी जिन विशिष्ट हस्तशिल्पों, कलाकृतियों और प्रतीकों को उपहार स्वरूप ले जाते हैं, वे केवल शिष्टाचार नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध परंपरा, बहुरंगी संस्कृति और आत्मनिर्भर कलात्मकता का परिचायक होते हैं। यह सांस्कृतिक कूटनीति भारत की सॉफ्ट पावर को सशक्त करने में निर्णायक भूमिका निभा रही है।



हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी जिन वस्तुओं को विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को भेंट करते हैं, वे भारत के अलग-अलग राज्यों, जनजातियों, परंपराओं और शिल्प कलाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के उपहार केवल भारत की कलाओं का प्रदर्शन नहीं, बल्कि संवाद का माध्यम भी हैं। प्रधानमंत्री के उपहार दर्शाते हैं कि भारत केवल तकनीक और व्यापार का केंद्र नहीं, बल्कि हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता का जीवंत प्रतिनिधि है। इन उपहारों के चर्चित होने से संबंधित हस्तशिल्प की मांग और मूल्य दोनों बढ़ते हैं। इसके अलावा, 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' की नीतियों को सांस्कृतिक स्तर पर मजबूती मिलती है।

**प्रधानमंत्री मोदी और प्रवासी भारतीय समुदायः** इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी किसी देश की यात्रा पर जाते हैं, तो उनकी पहली प्राथमिकता होती है– वहाँ बसे भारतीय समुदाय से संवाद। यह मुलाकातें केवल भावनात्मक संबंधों का प्रदर्शन नहीं बल्कि नागरिक जुड़ाव का शक्तिशाली प्रतीक बन चुकी हैं। प्रवासी भारतीयों द्वारा अपने सांस्कृतिक प्रदर्शन, लोककला, संगीत और पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से जो दृश्य निर्मित होता है, वह विश्व के सामने भारत की एकता में विविधता और सजीव परंपरा का संदेश देता है। प्रधानमंत्री मोदी जब इन समुदायों से मिलते हैं, तो वह यह स्पष्ट करते हैं कि वे भारत के गौरव के वाहक हैं, वे भारत और दुनिया के बीच सांस्कृतिक पुल हैं और वे भारत की सॉफ्ट पावर के सशक्त स्रोत हैं। प्रधानमंत्री मोदी की प्रत्येक विदेश यात्रा में भारतीय समुदाय द्वारा प्रस्तुत नृत्य, संगीत, भजन, पारंपरिक वेशभूषा में स्वागत, भाषणों में भारत माता की जय घोष, आदि केवल रस्म अदायगी नहीं होती, बल्कि ये दिखाते हैं कि भारत कहीं भी जाए, अपनी संस्कृति को जीवंत रखता है, भारत की परंपरा आधुनिकता के साथ सह-अस्तित्व में है और भारत की 'संवेदनशीलता' और 'संपर्क' की नीति भावनात्मक संबंधों पर आधारित है।

प्रधानमंत्री मोदी का भारतीय समुदाय से संवाद और प्रवासी भारतीयों का उनके समक्ष अपनी संस्कृति का प्रदर्शन, एक सशक्त और गहरा वैश्विक संदेश देता है कि भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक संस्कार, विचार और परंपरा है, जो सीमाओं से परे जाकर भी जीवित रहती है। यह %एक भारत, वैश्विक भारत% की संकल्पना को मजबूत करता है और दुनिया को बताता है कि भारत एक ऐसे राष्ट के रूप में उभर रहा है जिसकी मूल्य आधारित कूटनीति, संस्कृति आधारित संवाद और नागरिक भागीदारी आधारित पहचान है। बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय विदेश नीति को पारंपरिक निष्क्रियता से निकाल कर सक्रिय, निर्णायक और बहुआयामी कूटनीति का रूप दिया है। उनकी रणनीति केवल राजनयिक संवादों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने भारत को एक निर्णायक और आत्मविश्वासी राष्ट के रूप में स्थापित किया है।

# जीएसटी की 12 प्रतिशत स्लेब में बदलाव से उद्योग और आमजन को मिलेगी राहत

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा )

जीएसटी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली होने के साथ ही समूचे देश में कर की एकरुपता के लिए 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू की गई थी। देष में असम पहला प्रदेश था जिसने सबसे पहले जीएसटी को अपनाया। अब तो समूचे देश में जीएसटी व्यवस्था लागू हो चुकी है।

वस्तु एवं सेवा कर यानी कि जीएसटी की चार स्लेबों में से दूसरी 12 प्रतिशत की स्लेब को लेकर जिस तरह की चर्चाएं आम हो रही है उससे मध्य व निम्न वर्ग में आशा का संचार होने लगा है। दरअसल समाज का मध्यम और निम्न वर्ग सबसे अधिक प्रभावित जीएसटी की 12 प्रतिशत वाली स्लेब से ही हो रहे हैं। इन वर्गो से जुडी वस्तुएं या सेवाओं पर लगने वाला कर सीधा सीधा इन्हें प्रभावित करता है। इसका कारण भी साफ है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी स्लेब में आती है। खाने-पीने की वस्तुओं के साथ ही जूते-चप्पल, कपड़े आदि भी इसी स्लेब में आते हैं। हांलाकि विशेषज्ञों के अनुसार 12 प्रतिशत की स्लेब पर निर्णय से सरकार पर 40 से 50 हजार करोड़ रुपए के राजस्व का असर पड़ेगा पर यह भी माना जा रहा है कि बाजार में इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और मांग बढ़ने से काफी मात्रा में राजस्व पूर्ति हो सकेगी। वैसे भी फ्री बीज के नाम पर बहुत कुछ जा रहा है तो फिर यदि बड़ी आबादी को राहत और लोकहित में कोई निर्णय किया जाता है तो वह अधिक लाभकारी होता है। हालांकि इस निर्णय के भी बिहार सहित अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों से जोड़कर राजनीतिक अर्थ निकाले जाएंगे पर इस तरह के निर्णयों पर राजनीति करना उचित नहीं कहा जा सकता। जानकारों के अनुसार जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में 12 प्रतिशत वाली स्लेब को या तो विलोपित करने पर विचार किया जा सकता है या फिर इसमें से आम उपभोग की वस्तुओं को पांच प्रतिशत की स्लेब के दायरें में लाया जा सकता है। 12 प्रतिशत की स्लेब को विलोपित किया जाता है तो इसके दायरें में आ रही वस्तुएं या सेवाएं 5 प्रतिशत की स्लेब दायरें में आने की अधिक संभावना हैं। यदि विलोपित भी नहीं की जाती है और आज की प्रचलित चार स्लेबों 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत में से सीधे आम उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं को नीचे वाली और शेष को अन्य स्लेबों में समायोजित किया जा सकता है। बढ़ती मंहगाई के कारण आम नागरिकों खासतौर से मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत दिलाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जीएसटी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली होने के साथ ही समूचे देश में कर की एकरुपता के लिए 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू की गई थी। देश में असम पहला प्रदेश था जिसने सबसे पहले जीएसटी को अपनाया। अब तो समूचे देश में जीएसटी व्यवस्था लागू हो चुकी है। अब तक जीएसटी काउंसिल की 57 बैठके हो चुकी है और इनमें अनवरत रुप से सुधार व बदलाव किया जाता रहा है। 12 प्रतिशत के बदलाव की चर्चा छेड़कर बैठक से पहले ही बहस छेड़ दी गई है। इसे सकारात्मक भी माना जाना चाहिए क्योंकि जीएसटी स्लेबों के निर्धारत में राज्यों की भी प्रमुख भूमिका होती है। जीएसटी काउंसिल में राज्यों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेते हैं और उसी में निर्णय किया जाता है। जीएसटी से संग्रहित होने वाली राशि राज्यों को भी मिलती है तो समूचे देश में एक वस्तु पर एक ही दर लगने से अदायगी राशि एक ही होती है। जीएसटी यानी कि एक राष्ट एक कर की अवधारणा अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्री काल में सामने आई थी। डॉ. विजय केलकर की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन हुआ। समान कर की बात तो सभी सरकारों द्वारा की जाती रही पर 1 जुलाई 2017 को यह व्यवस्था लागू हो सकी। हांलाकि आमनागरिकों की भारी मांग के बावजूद पेट्रोल-डीजल को अभी तक जीएसटी के दायरें में नहीं लाया जा सका है और इसका कारण भी बड़ा साफ है कि इसमें केन्द्र राज्यों की सभी सरकारों के हित जुड़े हुए हैं। पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़ने और इस पर कितना कर लग रहा है इस पर तो पक्ष विपक्ष हल्ला तो बोल लेते हैं पर कभी जीएसटी के दायरें में लाने के सार्थक प्रयास नहीं कर पाये हैं।

समान कर प्रणाली की अवधारणा सबसे पहले फ्रांस में आई। 1954 में फ्रांस में जीन वेप्टिस्ट कालवर्ट जीएसटी की अवधारणा सामने लाये और इस समान कर प्रणाली की सकारात्मकता का ही परिणाम है कि दुनिया क 160 देशों में जीएसटी जैसी समान कर प्रणाली प्रचलन में है। हमारे देश में 12 प्रतिशत की स्लेब इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी कर दायरें में आती है। एक हजार रु. से अधिक के कपड़े जूते से लेकर घी, तेल, मक्खन, डेयरी उत्पाद, सब्जियां, फल, मेवे सहित खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, 20 लीटर पैक में पीने के पानी की बोतल, कॉटन हैण्ड बैग जूट का सामान, पत्थर और लकड़ी आदि की मूर्तियां, चश्मा, बच्चों की पेंसिल स्लेट, खेल का सामान, यहां तक कि क्लीन एनर्जी डिवाइस सहित बहुत सारी वस्तुएं इस दायरें में आती है। सीधी सी बात यह है कि यह वस्तुएं ऐशो-आराम की वस्तुएं तो है नहीं और कम से कम मध्यवर्गीय परिवार तो इन्हें खरीदता ही है तो निम्न वर्ग परिवार भी दूसरी कटौती या अपना पेट काटकर इन्हें खरिदता है। ऐसे में 12 प्रतिशत की स्लेब पर विचार निश्चित रुप से सकारात्मक संदेश देता है।

# बढ़ती आबादी के निरंतर बढ़ते खतरे

**बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वास्तविकता यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल हो ही नहीं सकती थी। आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 प्रतिशत आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है।**

(योगेश कुमार गोयल )

बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वास्तविकता यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल हो ही नहीं सकती थी।

जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को 'विश्व जनसंख्या दिवस' मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं। बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम 'ऊंट के मुंह में जीरा' ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वास्तविकता यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल हो ही नहीं सकती थी।

आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 प्रतिशत आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या



नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है। देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिये से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दम्पत्तियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है। जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी 'वन चाइल्ड पॉलिसी' को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा।

जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1.3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिये जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है।

# हमारा गांव हमारे लोग अभियान को बनाएं सफलः उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले में हमारा गांव- हमारे लोग अभियान को प्रभावी ढंग से सफल बनाने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), अंचल अधिकारी (सीओ) एवं प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों के साथ वीडियो संवाद के माध्यम से सभी पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार शाम बैठक की। इस क्रम में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने क्रमवार अभियान के उद्देश्य झ कार्य झ विभिन्न प्रपत्रों में भौतिक निरीक्षण करना जरूरी होगा।

**ग्रामीणों से सीधे संवाद, शिकायतों का त्वरित निष्पादन**

भ्रमण के दौरान संबंधित पदाधिकारी आम ग्रामीणों से सीधे संवाद करेंगे, उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उचित समाधान सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान जिन योजनाओं का लाभ लाभुकों तक नहीं पहुंचा है, उसकी पहचान कर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई करेंगे।

**निरीक्षण प्रतिवेदन समर्पित करना अनिवार्य**



रिपोर्टिंग के संबंध में विस्तार से बताया। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक शनिवार को पंचायत स्तर पर भ्रमण सुनिश्चित करना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करना एवं सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की जांच करना है।

**जिले की सभी पंचायतों का होगा चरणबद्ध निरीक्षण**

उपायुक्त ने बताया कि चार से पांच माह के भीतर जिले की सभी पंचायतों का भ्रमण कर रिपोर्ट तैयार करना है। इसके तहत अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी/पीएचसी), आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, छात्रावास, पेयजल, शौचालय, जनवितरण प्रणाली समेत अन्य बुनियादी सेवाओं की स्थिति का उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि भ्रमण के उपरांत निर्धारित प्रपत्रों में विस्तृत प्रतिवेदन जिला प्रशासन को समर्पित करेंगे, ताकि पंचायत स्तर पर समस्याओं की पहचान कर उसका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण प्रतिवेदन सोमवार तक पीएमयू सेल को समर्पित करेंगे, पीएमयू सेल समेकित रिपोर्ट उप विकास आयुक्त को प्रत्येक सप्ताह के बुधवार तक सुनिश्चित करेंगे। वहीं, उप विकास आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निरीक्षण क्रम में विजीटर पंजी में अपना त्वरित टिप्पणी जरूर अंकित करेंगे। ताकि, भविष्य को कोई दूसरा पदाधिकारी निरीक्षण को जाएं, तो वह भी सही मूल्यांकन कर सकें।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सभी मतदान केंद्रों पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर होगी सुव्यवस्थित मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्रों से सूचीबद्ध किया जायेगा आज समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट निर्देश प्राप्त है कि



सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा हेतु अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर ही सुव्यवस्थित करनी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कहा है कि मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर सूचीबद्ध किया जायेगा। जिसके माध्यम से यह प्रयास किया जाएगा कि एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र में हो, जिससे कि मतदाताओं को मतदान करने में सहूलियत हो। साथ ही बताया गया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए नजरी नक्शा, की मैप, भवनों का मानकीकरण, तथा बीएलओ को प्रशिक्षण देने संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी पार्टी अपने स्तर से बीएलए बूथ लेवल एजेंट की प्रतिनियुक्ति करेगी, जो बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर निर्वाचन संबंधी कार्यों को गति देंगे। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नये तरीके से मतदाता सूची तैयार किया जायेगा। इसके अलावा उपायुक्त ने त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए ससमय कार्यों का निष्पादन करने की बात कहीं। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, झारखंड मुक्ति मोर्चा, भाजपा, इंडियन नेशनल कांग्रेस, राजद, आजसू, बीएसपी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# आईपीएस जय प्रकाश सिंह ने ली स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, लड़ सकते हैं विधानसभा चुनाव

**एकमा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारण जिले के मांझी प्रखंड के टेघरा के निवासी व हिमाचल कैडर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, जय प्रकाश सिंह ने भारतीय पुलिस सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है। हिमाचल प्रदेश सरकार के गृह-विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जय प्रकाश सिंह दिनांक 10.7.2025 की शाम को अपने कार्य-भार से मुक्त हो गये हैं। जय प्रकाश सिंह ने दूरभाष पर इस खबर की पुष्टि की है। बता दें कि पिछले तीन-चार वर्षों से वे सारण में सामाजिक रूप से सक्रिय थे और समाज-सेवा के क्षेत्र में अपने गृह-जिला सारण की सेवा करना चाहते थे। राजनीति भी समाज-सेवा का एक सशक्त माध्यम है। आगामी बिहार विधान-सभा चुनाव के मद्देनजर उनकी संभावित उम्मीदवारी से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। पिछले दो-तीन दशकों का इतिहास देखा जाय तो राजनीति में परिवारवाद बढ़ता जा रहा है। संसद या विधान-मंडल में बाहुबलियों, धनपशुओं व अपराधियों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। आज बहुत कम अच्छे लोग राजनीति में आ रहे हैं। क्योंकि अच्छे लोगों के पास न धनबल होता है और न बाहुबल। श्री सिंह ने 90 के दशक में एक सैनिक अधिकारी के रूप में भारत माता की सेवा की है। एक आईपीएस अधिकारी के रूप में भी उनकी छवि बेदाग रही है। ऐसे में देखना होगा कि श्री सिंह किस पार्टी और क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहेंगे तथा कौन सी पार्टी उन्हें चुनाव लड़ाना चाहेगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं संग सांमर प्रतिनिधि गुरु दक्षिणा में एसपी शामिल

## गुरु-शिष्य की परंपरा को आगे बढ़ाते गुरु बीरेंद्र कुमार उपाध्याय को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**विष्णुगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी आज पूरे देश मे गुरु दक्षिणा कार्यक्रम चला रही है। इसी कार्यक्रम के तहत भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल एवं साँसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई) भाजपा के अन्य कार्यकर्ताओं संग मिलकर आदरणीय गुरु बीरेंद्र कुमार उपाध्याय (उपाध्याय सर) को गुरु पूर्णिमा के विशेष अवसर पर गुरु-शिष्य की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उनको शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर, सब ने मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ हीं मंडल अध्यक्ष ने बताया कि गुरु दक्षिणा कार्यक्रम विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के पदाधिकारियों ने अपने-अपने पंचायतों मठो में मनाकर वर्षो पुरानी गुरु-शिष्य परंपरा को भारतीय जनता पार्टी पुनः जीवंत कर दिया। हमारे ग्रंथो में गुरु का दर्जा सबसे ऊपर है, जिसको भारतीय जनता पार्टी ने संजो कर रखा है। साँसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल ने कहा कि अगर हमारे जीवन मे अगर गुरु ना हो तो हमारी दशा बिल्कुल वैसी होगी जैसे धुप्प अंधेरे में एक सुई को ढूंढना। गुरु हमारे जीवन मे अंधकार रूपी अवगुण को दूर कर हमारे जीवन को प्रकाशमय बनाते है। इसलिये गुरु का दर्जा सबसे ऊपर है। आज मैं अपने गुरु से मिलकर उनका आशीर्वाद पा सका मैं धन्य हुआ।



# हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ (एचडीसीए) की वार्षिक आम सभा 2024-25 सफलतापूर्वक संपन्न

## चौथी बार अध्यक्ष चुने गए सांसद मनीष जायसवाल, दूसरी बार सचिव बनें बंटी तिवारी

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग शहर के हुडहुडू स्थित होटल निमंत्रण पैलेस सभागार में हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ (एचडीसीए) की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम निर्णय लिए गए और नई कार्यकारिणी का चुनाव भी संपन्न हुआ।

**सांसद मनीष जायसवाल लगातार चौथी बार एचडीसीए**




के अध्यक्ष चुने गए, वहीं राजेश तिवारी उर्फ.बंटी को दूसरी बार सचिव के रूप में चुना गया। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (एचडीसीए) की तर्ज पर अब एडीसीए का कार्यकाल भी 3 साल का होगा, यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। नई कार्यकारिणी में प्रमोद कुमार को वर्किंग प्रेसिडेंट, विकास चौधरी, आशीष चौधरी, मनोहर सिंह और करण जायसवाल को वाइस प्रेसिडेंट, रणजीत सिंह एवं सिद्धार्थ सिंह को जॉइंट सेक्रेटरी, प्रवीण कुमार को असिस्टेंट सेक्रेटरी और अनिल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इस एजीएम में हजारीबाग में क्रिकेट की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने और क्रिकेटरों के विकास के लिए बेहतर कार्य करने हेतु विशेष विचार-विमर्श किया गया और कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। मौके पर एचडीसीए के नए अध्यक्ष सह सांसद मनीष जायसवाल ने एजीएम को संबोधित करते हुए कहा कि हमने क्रिकेट के क्षेत्र में खिलाड़ियों को आधारभूत संरचना और सुविधा उपलब्ध कराने में बहुत हद तक सफलता पाई है लेकिन हमें ऐसे माहौल स्थापित करने हैं जिससे आने वाले समय में हजारीबाग के क्रिकेटर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निखर कर आए। इस दिशा में हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने यह भी घोषणा किया कि आने वाले एजीएम के बैठक में हम इस नई कमेटी से ग्राउंड से जुड़े लोगों का और उनके कार्यो का आकलन करेंगे तत्पश्चात उन्हें संघ के अहम जिम्मेदारी सौंपेंगे ताकि भावी पीढ़ी संघ को आगे ले जा सके और संघ के उद्देश्यों के पूर्ति में अपनी सहभागिता निभा सके ।

# उपायुक्त ने साप्ताहिक जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्याएं



**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने की। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों से आए 25 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत कीं। समस्याओं में मुख्यतः पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, अबुआ आवास, म्यूटेशन,मुआवजा, राशन कार्ड एवं व्यक्तिगत उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से भेंट की तथा उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कई मामलों में उन्होंने तत्काल टेलीफोन के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

**प्रमुख मामलों का विवरणः**

हरिहर प्रजापति, ग्राम बोंगा, इचाक गैरकानूनी तरीके से हड़पी गई जमीन को पुनः प्राप्त कर चहारदीवारी कराने का अनुरोध। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी,बरही को अपर समाहर्ता के साथ समन्वय कर भूमि की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**तैयब अंसारी, मौजा चरही, चुरचू**

पैतृक जमीन पर दुकान चलाने में दबंगों द्वारा उत्पीड़न की शिकायत। उपायुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**विशेश्वर ठाकुर, सांढ, बड़कागांव**

अबुआ आवास योजना का गलत लाभ उठाने की शिकायत, जिसमें दूसरे के कच्चे मकान की फोटो दिखाकर लाभ लेने की बात कही गई। उपायुक्त ने इस प्रकरण की गंभीर जांच का आदेश उप विकास आयुक्त को दिया तथा शिकायत पुष्ट होने पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

**गांधौरी महतो, ग्राम बड़वार, दारू प्रखंड**

पीएम आवास के सामने रास्ता बंद किए जाने से वर्षा जल घर में घुसने व आवाजाही में बाधा की शिकायत। उपायुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को तत्काल जांच कर समाधान करने तथा अपर समाहर्ता से विमर्श कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। अपनी भूमि के मुआवजे से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को आवेदन का समुचित परीक्षण कर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा।

**शिखा राणा, बालिका खिलाड़ी**

शूटिंग खेल के लिए रायफल उपलब्ध कराने का अनुरोध। शिखा के राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल विजेता होने की जानकारी मिलने पर उपायुक्त ने खेल निदेशक से टेलीफोन पर वार्ता कर त्वरित सहयोग का अनुरोध किया तथा बालिका को निदेशक से भेंट हेतु चिट्ठी के साथ रांची जाकर मिलने की सलाह दी।

# डीटी एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं किया तो मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं लोग : पूर्व मुखिया अरुण रजक

**संजय पांडेय**

**विष्णुगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिससे विष्णुगढ़ के अधिकांश कुएं भरने के कगार पर पहुंच गए है। कुएं में बारिश के पानी भरने से पानी पूरी तरह से दूषित हो गया है, लोग गंदे पानी पीने को मजबूर है, गंदे पानी पीने से डायरिया जैसी घातक बीमारी होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। साथ ही जगह-जगह पर बारिश का गंदे पानी के जमाव होने से मच्छर उत्पन्न हो रहे हैं, जिससे इन दिनों मलेरिया का प्रकोप काफी बढ़ा हुआ है। विष्णुगढ़ पंचायत के पूर्व मुखिया अरुण रजक ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इस बारिश से कुओं में नये पानी के प्रवेश होने पर लगभग कुएं का पानी दूषित हो गया है, पानी में कीड़े उत्पन्न हो रहे हैं, जिससे मलेरिया, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों के चपेट में लोग आ सकते हैं। जिसके बचाव में डी डी टी का

**पिछले वर्ष फंड में पैसे नही रहने के अभाव में डी डी टी एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नही किया था, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के अध्यक्ष डॉ. अब्दुल जब्बार**

छिड़काव एवं कुएं में ब्लीचिंग पाउडर डलवाने का प्रबंध किया जाना चाहिए, लेकिन विष्णुगढ़ पंचायत में जगह-जगह पर डी डी टी का छिड़काव एवं कुएं में अभी तक ब्लीचिंग पाउडर नही डाला गया है। आगे कहा कि ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति विष्णुगढ़ द्वारा पिछले वर्ष भी विष्णुगढ़ पंचायत में डी डी टी एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नही किया गया था, और इस बार भी अभी तक डी डी टी का छिड़काव नही किया गया है और ना ही कुएं में ब्लीचिंग पाउडर डाला गया है। इस ओर विष्णुगढ़ पंचायत के जनप्रतिनिधियों का भी कोई ध्यान नहीं है। इस बाबत ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के अध्यक्ष डॉ॰ अब्दुल जब्बार से पूछे जाने पर बताया कि पिछले वर्ष फंड में पैसे नही रहने के अभाव में डी डी टी एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नही किया था। लेकिन इस बार मैंने विभाग को सूचित कर दिया है, बारिश बंद होने पर जगह-जगह डी डी टी एवं कुएं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। आपको बता दें कि सरकार स्वच्छता के प्रति अनेकों योजनाएं चला रखी है, लेकिन योजनाओं से आ रहे फंड, लोगो तक नही पहुंच रही है, जिससे लोग इस लाभ से वंचित रह जाते हैं, और तब तक हमारे बीच नई बीमारियां दस्तक दे जाती है। झारखंड सरकार स्वच्छता के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है, तभी तो इन सभी समस्याओं से लोग कोसो दूर हो जाते हैं। अब सवाल यह है कि इसे अधिकारियों की लापरवाही कहे या सरकार की नीतियों का शिकार।

# स्व. धनेश्वर मंडल की रौबदार शख्सियत के कई उदाहरण सुनने को मिलते है : विधायक सुदिव्य कुमार

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संघर्ष के असल मायने उन्ही को पता होता है जो संघर्ष की अग्नि में तपके फौलाद बना हो। स्व. धनेश्वर मंडल की रौबदार शख्सियत के कई उदाहरण सुनने को मिलते है । दबे कुचले समुदायों को अन्याय और शोषण के खिलाफ लड़ने की हिम्मत देने तथा झामुमो जिला सचिव के पद पर रहकर कार्यकताओं को निडर बनाने वाले इस शख्सियत के साथ उस दौर में छोटे भाई के रूप में कदम ताल करते हुए झारखंड के माननीय मंत्री (नगर विकास एवं आवास विभाग) सह गिरिडीह के माननीय विधायक श्री सुदिव्य कुमार उर्फ सोनू भैया स्व. धनेश्वर मंडल के पैतृक गांव मरगोडीह गांडेय में उनकी सातवीं पुण्यतिथि के कार्यक्रम में शिरकत हुए । उनके सुपुत्र श्री दिलीप मंडल द्वारा आयोजित सालाना पुण्यतिथि कार्यक्रम की सराहना की एवं संघर्ष की यात्रा को नई पीढ़ी को सौंपने की संकल्पना की प्रशंसा की।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट ने दिया उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना

## जनसांख्यिकीय असंतुलन के समाधान हेतु प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट' (जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन) के कार्यकर्ताओं ने संगठन के जिलाध्यक्ष विक्रम कुमार महतो के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना दिया। जनसंख्या विस्फोट एवं जनसांख्यिकीय असंतुलन जैसी भीषण समस्या से उत्पन्न हो रहे संभावित गृहयुद्ध के खतरे को रोकने के लिए उपायुक्त को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बताया कि अंधाधुंध संतानोत्पत्ति करने की प्रवृत्ति पर 'जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाने में एक-एक पल की देरी भारत और भारतीय संस्कृति के लिए पूर्व की भांति ही विघटनकारी साबित हो सकती है। एक वर्ग विशेष द्वारा रणनीति के तहत जानबूझकर बढ़ाई जा रही जनसंख्या और सनातन समाज की युवा पीढ़ी में एक बच्चे तक सीमित रहने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण देश के अनेक भागों में 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में जनसंख्या का संतुलन उस वर्ग विशेष के पक्ष में झुकता दिखने लगा है। भारत जनसंख्या में धार्मिक असंतुलन के कारण हुए विघटन के दंश का प्रत्यक्ष भुक्तभोगी है, परन्तु पूर्व की सरकारों की विभाजन के तुरन्त बाद से जारी तुष्टिकरण की नीति के चलते अब फिर से वैसी ही परिस्थितियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं। कार्यकर्ताओं ने आगे बताया कि विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच जनसंख्या का अनुपात वर्तमान अनुपात के अनुसार बनाए रखने के उद्देश्य से 'जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की माँग को लेकर 'राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट' (जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन) द्वारा विगत लगभग 12 वर्षों से हजारों छोटी-बड़ी सभाएं, धरना-प्रदर्शन, सांसद-संवाद कार्यक्रम, राष्ट्रपति जी सहित महत्वपूर्ण लोगों से भेंट आदि के रूप में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं संगठन के मुख्य संरक्षक डा. इन्द्रेश कुमार तथा केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित 125 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। संगठन के जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन 'जनसंख्या नियंत्रण कानून', समान नागरिक संहिता, एन आर सी और घुसपैठ नियंत्रण कानून बनाने के साथ-साथ वक्फ बोर्ड को पूरी तरह निरस्त करने की मांग को लेकर लगातार अभियान चला रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री करमचंद गोप ने किया। अन्य मौजूद रहे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर राय,प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक जगनानी,राष्ट्रीय सचिव संजय मोदक, भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष रोहित लाल सिंह, युवा जिला अध्यक्ष विनोद कुमार महतो , संगठन मंत्री गौरी शंकर सिंह, महामंत्री अंकज कुमार बनवार ,जिला कार्य समिति सदस्य रमेश लोहिया, जिला उपाध्यक्ष गोपाल शाह, मनोज कुमार,प्रदेश मंत्री जीवधान मांझी, जिला मंत्री आशीष कुमार, प्रदीप कुमार सिंह,शिबू बाउरी,साध्वी झा,दयाराम परमार,आतिश कुमार सिंह,विनोद कुमार नीरज कुमार गुप्ता,सीमा कुमारी,मीना देवी,नमिता देवी, वंदना देवी,आयुष कुमार सिंह, मंजू देवी,रमेश कुमार,अजीत पांडे,राम टहल सिंह, संजीव कुमार,राजेश दुबे , डीके त्रिवेदी महादेव मरांडी,कार्तिक मुर्मू ,मुंगेश्वर मरांडी, मनोज कुमार दीवार, दीपक कुमार,रामजन्म ठाकुर,अनु देवी ,अंचला देवी, अरविंद कुमार कर्ण, अधिवक्ता सुनील कुमार सिंह, अचला देवी एवं अनु देवी मुख्य हैं।

# सीसीआई के कांवरिया सेवा शिविर का भव्य उद्घाटन

## सेवा शिविर का संचालन पुण्य का कार्य : एसडीपीओ




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन के पावन माह को देखते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह ने कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया है। गिरिडीह कॉलेज रोड में एक माह तक संचालित होने वाले इस शिविर का उद्घाटन सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद इस पथ से बाबा धाम आने जाने वाले कांवरियों के बीच पानी, बिस्किट, जूस, चाय आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एसडीपीओ श्री उरांव ने कहा कि कांवरिया सेवा शिविर लगाना पुण्य का कार्य है। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने शिविर का आयोजन कर काफी अच्छा कार्य किया है। इसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। विशिष्ट अतिथि मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम महतो ने भी इस आयोजन की सराहना की। अध्यक्ष राहुल वर्मन ने कहा कि यह शिविर पूरे सावन माह संचालित होगा जहां इस पथ से गुजरने वाले कांवरियों के बीच चाय-पानी आदि की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम संयोजक व सीसीआई के संरक्षक अरविंद कुमार ने कहा कि सेवा भाव से इस शिविर का शुभारंभ किया गया है। यहां बिस्किट-पानी के साथ फर्स्ट एड की भी व्यवस्था रहेगी। आज उद्घाटन के बाद सैकड़ो कांवरिया के बीच चाय, बिस्किट, पानी, जूस आदि का वितरण किया गया। मौके पर बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह, सीसीआई के संरक्षक संजय सिंह, सचिव गोपाल दास भदानी, कोषाध्यक्ष डॉ सुमन कुमार, अरुण कुमार साव, राजेश गुप्ता, अनारनाथ मंडल, सौरभ महासेठ, मशरुर आलम सिद्दिक्की, धर्म प्रकाश, उदय भदानी, अजय गुप्ता, सुबोदीप चटर्जी, मुकेश आनंद हबलु गुप्ता समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# 12-13 जुलाई को रेडिएशन ऑकोलॉजी का 7वां वार्षिक कॉन्फ्रेंस होटल मौर्या में होगा आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन ऑकोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया (एआरओआई), बिहार चैप्टर और पारस एचएमआरआई, पटना की ओर से 12-13 जुलाई को रेडिएशन ऑकोलॉजी का 7वां वार्षिक कॉन्फ्रेंस का आयोजन होटल मौर्या में किया जाएगा। इसमें देशभर के कैंसर रोग विशेषज्ञ भाग लेने पटना पहुंचेंगे। इस बात की जानकारी एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन ऑकोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया (एआरओआई), बिहार चैप्टर के आयोजन सचिव व वाइस प्रेसीडेंट डॉ. शेखर केसरी ने शुक्रवार को पारस हॉस्पिटल परिसर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार के राज्यपाल महामहिम आरिफ मोहम्मद खान करेंगे। दो दिवसीय इस आयोजन में लंग कैंसर, गॉल ब्लैडर (पित्ताशय की थैली) कैंसर, हेड-नेक कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, ब्रेन कैंसर और गायनैकोलॉजिकल मैलिग्नैंसी पर इसके विशेषज्ञ विस्तार से चर्चा करेंगे। सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ एए हई ने बताया कि इसका थीम "साक्ष्य से लेकर उत्कृष्टता तक - सहयोगात्मक दृष्टिकोण" है, जिसमें कैंसर के इलाज मेडिकल, सर्जिकल और पैलेटिव ऑकोलॉजी तीनों डिपार्टमेंट की भूमिकाओं के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। तीनों ही विभाग के कैंसर रोग विशेषज्ञ इसमें अपने-अपने विचार रखेंगे।




उन्होंने बताया कि पोस्ट ग्रैजुएट के लिए क्विज कॉम्पिटिशन और रिसर्च पेपर प्रस्तुत कर पाएंगे। बिहार के भी ऑकोलॉजिस्ट इसमें अपने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। पारस एचएमआरआई, पटना के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने औरगेनाइजिंग कमेटी को धन्यवाद दिया और बताया कि पारस हॉस्पिटल का हमेशा यही लक्ष्य रहा है कि नई तकनीक को अपना कर अधिक से अधिक मरीजों तक पहुंचाई जाए जो विश्व में नई तकनीक अपनाई जा रही है वो पारस हॉस्पिटल में भी हो। बताया कि इस आयोजन में देशभर के 300 से अधिक ऑकोलॉजिस्ट भाग लेंगे। इसमें टीएमएच मुंबई, सीएमसी, वेल्लोर; बंगलोर, कोलकाता के रडिएशन ऑकोलॉजिस्ट प्रमुख हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एआरओआई प्रेसिडेंट डॉ. राजीव रंजन प्रसाद, सचिव डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. प्रीतांजलि सिंह और डॉ. विनीता त्रिवेदी, डा ऋचा चौहान ने भी अपने विचार रखे। पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। 30 सितंबर 2024 तक इस अस्पताल की बेड क्षमता 350 बेडों की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं।

## अडानी की ऊंची बोली से बढ़ा जेपी पावर का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेपी ग्रुप की कंपनी जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड (जेपी पावर) के शेयर शुक्रवार को 52 हफ्ते की नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। जेपी पावर के शेयर शुक्रवार को बीएसइ में करीब 8 पर्सेंट के उछाल के साथ 24.86 रुपये पर जा पहुंचे



हैं। पिछले पांच दिन में कंपनी के शेयरों में 23 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। जेपी पावर के शेयरों को उन रिपोर्ट्स से तगड़ा बूस्ट मिला है, जिनमें कहा गया है कि इनसॉल्वेंसी रेजॉलूशन प्रोसेस (दिवालिया समाधान प्रक्रिया) के तहत जयप्रकाश एसोसिएट्स (जेपी एसोसिएट्स) को खरीदने के लिए अडानी ग्रुप सबसे बड़ी बोली लगाने वाले ग्रुप के रूप में उभरा है।

**दो महीने में 85 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए हैं कंपनी के शेयर-** जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड (जेपी पावर) के शेयर पिछले दो महीने में 85 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। जेपी पावर के शेयर 9 मई 2025 को 13.28 रुपये पर थे। पावर कंपनी के शेयर 11 जुलाई 2025 को 24.86 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अगर पिछले एक महीने की बात करें तो जेपी पावर के शेयरों में 35 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। पिछले 6 महीने में पावर कंपनी के शेयर 55 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। जेपी पावर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 24.86 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 12.35 रुपये है।

## टीसीएसकर्मचारियों के इंक्रीमेंट का फैसला टला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने अपने कर्मचारियों के वे इंक्रीमेंट को एक और क्वार्टर के लिए टाल दिया है। कंपनी के मुख्य एचआर अधिकारी मिलिंद लक्कड़ ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, हम अभी तक वेतन वृद्धि चक्र पर कोई निर्णय नहीं ले पाए हैं। पहले टीसीस हर साल 1 अप्रैल (वित्तीय वर्ष की शुरुआत) पर वेतन




वृद्धि लागू करती थी।

**कर्मचारियों की संख्या बढ़ी-** टीसीएसने पहली तिमाही में 5,090 नए कर्मचारी भर्ती किए। इसके साथ ही कंपनी में कुल कर्मचारियों की संख्या 6,13,000 से अधिक हो गई है। हालांकि, लक्कड़ ने स्पष्ट किया कि भर्ती को तिमाही वृद्धि से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। यह साल भर की योजना के तहत होती है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस के मुताबिक उन्होंने यह भी माना कि पिछली तिमाहियों में अधिक भर्ती के बाद व्यावसायिक चुनौतियों के कारण कुछ असंतुलन पैदा हुआ, जिसे आगे के काम में इस्तेमाल करने की योजना है।

**रेवेन्यू में मामूली वृद्धि-** टीसीएस ने पहली तिमाही में पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले केवल 1.3 प्रतिशत की मामूली वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जिससे राजस्व 63,437 करोड़ हुआ। पिछली तिमाही की तुलना में राजस्व में 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

**मुनाफा बढ़ा-** हालांकि, नेट प्रॉफिट पिछले साल की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत और पिछली तिमाही की तुलना में 4.4 प्रतिशत बढ़कर 12,760 करोड़ हो गया। यह बढ़त एक बड़े प्रोजेक्ट को बंद करने से हुई बचत और टैक्स लाभ के कारण संभव हुई।

# यूपीआई के जरिए दुनिया में सबसे तेज गति से भुगतान करने वाला देश बना भारत, आईएमएफ ने भी माना लोहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के यूपीआई का अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी लोहा मान लिया है। इसने एक रिपोर्ट में कहा, यूपीआई के तेज विकास के कारण भारत अब किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक तेजी से भुगतान करता है। इससे डेबिट और क्रेडिट कार्ड सहित भुगतान के अन्य साधनों का उपयोग घट रहा है।

आईएमएफ ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा, 2016 में लॉन्च होने के बाद से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का तेजी से विकास हुआ है। यूपीआई के जरिये अब प्रति माह 18 अरब से अधिक लेनदेन हो रहा। यह भारत में अन्य इलेक्ट्रॉनिक खुदरा भुगतानों में अग्रणी है। यूपीआई जैसी अंतर संचालनीय भुगतान प्रणालियां, क्लोज्ड-लूप प्रणालियों के विकल्प हैं जो डिजिटल भुगतान को अपनाने को भी बढ़ावा दे सकती हैं। ऐसी प्रणालियां विभिन्न भुगतान प्रदाताओं के यूजर्स के बीच निर्बाध भुगतान की अनुमति देती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कुल डिजिटल भुगतान भी नकदी




उपयोग के सापेक्ष बढ़ रहे हैं।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने उपोयगकर्ता अनुभव बढ़ाने के लिए यूपीआई में नई सुविधाएं शुरू की हैं। इसमें क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट्स, लोन और इंश्योरेंस सेवाओं के एकीकरण और अन्य अनेक सुविधाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो यात्रा के दौरान यूपीआई की अंतरराष्ट्रीय पहुंच का नया उदाहरण देखने को मिला।

इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने डिजिटल क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने में गहरी रुचि व्यक्त की। त्रिनिदाद और टौबैगो यूपीआई को अपनाने वाला पहला कैरेबियाई देश बन गया है। दोनों देशों ने डिजिटल क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने और इंडिया स्टैक सॉल्यूशंस जैसे डिजीलॉकर, ई-साइन और गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के कार्यान्वयन में सहयोग पर सहमति जताई।

गौरतलब है कि बीते जनवरी माह में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने अमेरिका, कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात समेत दस देशों के अप्रवासियों को एनआरई (नॉन रेसीडेंट एक्सटर्नल) या एनआरओ (नॉन रेसीडेंट ऑर्डिनरी) खातों से यूपीआई का इस्तेमाल करके धन के हस्तांतरण (डिजिटल रूप से) करने की अनुमति दी है। एनपीसीआई ने एक सर्कुलर में कहा कि उसे अप्रवासियों को यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) में लेन देन के लिए अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के लिए अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं।

# प्रमोटर वारंट के लिए 75 प्रतिशत वोट जुटाने में जी एंटरटेनमेंट फेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जी एंटरटेनमेंट के शेयरों में शुक्रवार सुबह के कारोबार में भारी दबाव देखा गया। शेयर की कीमत 6.7 प्रतिशत गिरकर 133.05 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गई। सुबह 9:45 बजे तक शेयर 3.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 137.45 पर कारोबार कर रहा था, जबकि इसी दौरान बीएसई सेंसेक्स सिर्फ 0.21 प्रतिशत नीचे था। कंपनी का मार्केट कैप 13,202.34 करोड़ रह गया। यह शेयर अपने 52-सप्ताह के उच्च स्तर 163.90 से काफी नीचे है, हालांकि मार्च में यह 89.29 के निचले स्तर पर भी गया था।




**वोटिंग में क्यों हुआ असफल-** शेयरों में गिरावट की मुख्य वजह कंपनी द्वारा शेयरधारकों से वारंट जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी न मिलना है। जी ने प्रमोटर ग्रुप (गोयनका परिवार) को 2,237.44 करोड़ की राशि जुटाने के लिए वारंट जारी करने की योजना बनाई थी, ताकि उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 18.4 प्रतिशत हो जाए। मगर इस प्रस्ताव को सिर्फ 59.51 प्रतिशत वोट ही मिले, जबकि जरूरी थे 75 प्रतिशत।

**विरोध करने वालों में कौन थे-** सार्वजनिक संस्थागत निवेशकों में से 52.2 प्रतिशत और सार्वजनिक गैर-संस्थागत निवेशकों में से 20.2 प्रतिशत ने इस प्रस्ताव का विरोध किया। ध्यान देने वाली बात यह है कि जी में 96 प्रतिशत शेयर सार्वजनिक निवेशकों के पास हैं, जिनमें एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एलआईसी और नॉर्वे का गवर्नमेंट पेंशन फंड जैसे बड़े संस्थान शामिल हैं।

### कंपनी का जवाब और भविष्य की चिंताएं

जी ने एक बयान में कहा कि वह 60 प्रतिशत समर्थन का आभारी है, मगर शेष शेयरधारकों के फैसले का भी सम्मान करती है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि आगे बढ़ने के लिए उसे वार चेस्ट की जरूरत है ताकि वह बदलते बाजार और प्रतिस्पर्धा का मुकाबला कर सके।

### मालिकाना हक का गणित

इस वोटिंग के असफल होने से प्रमोटर की हिस्सेदारी अभी सिर्फ 94 प्रतिशत ही रहेगी। जी के प्रमोटर्स ने जून में ही 132 प्रति वारंट की कीमत पर 16.95 करोड़ वारंट खरीदने का प्रस्ताव रखा था। अब यह योजना रुक गई है, जिससे कंपनी के विकास और प्रतिस्पर्धी रणनीतियों पर असर पड़ सकता है।

### क्या करें निवेशक

इस घटना के बाद शेयर की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। तकनीकी विश्लेषण के अनुसार, अगले सप्ताह शेयर के लिए महत्वपूर्ण सहारा 133-134 के आसपास है, जबकि प्रतिरोध 152-158 के बीच मौजूद है।

## भारत में खुदरा ऋण का नया दौर, आवास ऋण से मिलेगी रफ्तार

**मुंबई।** भारत में खुदरा ऋण वृद्धि का अगला चरण आवास ऋण से प्रेरित होगा। साथ ही प्रति उधारकर्ता ऋण में भी उल्लेखनीय वृद्धि आने की उम्मीद है। यह जानकारी वैश्विक फर्म बर्नस्टीन की एक ताजा रिपोर्ट में दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया कि इस वृद्धि का बड़ा हिस्सा किफायती आवास क्षेत्र से आने की संभावना है। लगभग 3 प्रतिशत रिटर्न ऑन एसेट (आरओए) देने वाले किफायती आवास ऋण क्षेत्र में 500 अरब डॉलर तक की कर्ज देने की संभावना है। हालांकि, इसमें सफलता उन ऋणदाताओं को ही मिलेगी, जो अपने ऑपरेटिंग मॉडल को देश के विभिन्न राज्यों में लगातार और बड़े स्तर पर लागू कर सकें।



### 200 मिलियन से अधिक नए उपभोक्ता जुड़े

पिछले एक दशक में क्रेडिट सेक्टर में सबसे बड़ी वैल्यू क्रिएशन उन संस्थाओं द्वारा की गई जो औपचारिक वित्तीय प्रणाली तक नए ग्राहकों की पहुंच बढ़ाने में सफल रहीं। इस दौरान ऋण प्रणाली में 200 मिलियन से अधिक नए उपभोक्ता जुड़े और उधारकर्ताओं की संख्या कुल कर्ज की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ी। इसमें कहा गया कि लगभग 60 प्रतिशत भारतीय श्रम शक्ति के पास ऋण तक पहुंच है, विशेष रूप से मॉर्गेज यानी होम लोन के रूप में। मॉर्गेज एक प्रकार का ऋण है जिसका उपयोग घर, जमीन या अन्य अचल संपत्ति खरीदने या उस पर पैसे उधार लेने के लिए किया जाता है।

भारत में फिलहाल मॉर्गेज का सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 11 प्रतिशत है। यह चीन के 30 प्रतिशत और विकसित देशों के 50 प्रतिशत से अधिक के आंकड़े की तुलना में काफी कम है। वहीं, गैर-मॉर्गेज खुदरा ऋण भारत में पहले ही जीडीपी के 30 फीसदी से अधिक तक पहुंच चुका है । यह कई अन्य उभरते और विकसित देशों से अधिक है। रिपोर्ट का अनुमान है कि अगर आने वाले वर्षों में बंधक ऋण में लगातार वृद्धि होती रही, तो वित्त वर्ष 2035 तक देश में 1.5 ट्रिलियन डॉलर का आवास ऋण बाजार बन सकता है।



## बिटकॉइन 117000 डॉलर को पार कर ऑल टाइम हाई पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया का सबसे बड़ा क्रिप्टोकरेंसी अपने नए शिखर को पर पहुंच गया है। गुरुवार को एक क्रिप्टोकरेंसी 118062.60 डॉलर के भाव पर कारोबार करता दिखा और अपने पिछले हाई 117000 डॉलर को पार कर गया। भारतीय रुपये में एक बिटकॉइन की कीमत करोड़ से अधिक करीब 10136974.07 रुपये हो गई है। दुनिया की सबसे प्रचलित क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमतों में उछाल निवेशकों के निरंतर आशावाद और बढ़ती संस्थागत रुचि के कारण आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों ने भी क्रिप्टोकरेंसी की मजबूती में योगदान दिया है। जैसे-जैसे क्रिप्टो बाजार 2025 की दूसरी छमाही में प्रवेश कर रहा है, निवेशकों का ध्यान प्रमुख मैक्रो संकेतकों पर केंद्रित हो रहा है। आगामी अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े और फेड के फैसले क्रिप्टोकरेंसी बाजार में रुझानों को नई दिशा देंगे। फिलहाल, निवेशकों के बीच आशावाद का माहौल है।

# सस्ती हो सकती हैं करीब 200 महंगी दवाएं, कस्टम ड्यूटी में छूट देने की सिफारिश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एचआईवी और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को कुछ राहत मिल सकती है। एक सरकारी पैनल ने करीब 200 जरूरी दवाओं पर कस्टम ड्यूटी में छूट देने की सिफारिश की है। इसमें कैंसर की कुछ दवाओं पर आयात शुल्क पूरी तरह खत्म करने की बात कही गई है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। समिति ने पेमब्रोलीजुमाब, ओसिमर्टिनिब और ट्रास्तुजुमाब डेरुक्सटेकेन को पूरी तरह कस्टम ड्यूटी से मुक्त करने की सिफारिश की है।

ये दवाएं कैंसर के इलाज में काम आती हैं। इनकी एक डोज की कीमत लाखों में होती है। यही वजह है कि ज्यादातर लोग इन्हें खरीद नहीं पाते हैं। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने अगस्त 2024 में एक पैनल बनाया था ताकि महंगी दवाओं पर राहत दी जा सके। पैनल ने कैंसर के अलावा ट्रांसप्लांट में काम आने वाली दवाओं, क्रिटिकल केयर मेडिसिन और एडवांस डायग्नोस्टिक किट पर भी छूट देने की सिफारिश की है। ये किट बाहर से मंगाई जाती हैं या भारत में मिलती नहीं हैं।



**महंगी दवाएं-** इस लिस्ट में कैंसर और सिकल सेल एनीमिया के इलाज में काम आने वाली दवा हाइड्रॉक्सीयूरिया भी शामिल है। साथ ही एनोक्सापारिन के नाम से बिकने वाली लो मॉलिक्यूलर वेट हेपरिन को भी कस्टम ड्यूटी से मुक्त करने की बात कही गई है। इसका इस्तेमाल खून के थक्के जमने और डीप वेन थ्रोम्बोसिस को रोकने में होता है।

5 प्रतिशत कस्टम ड्यूटी वाली लिस्ट में 74 दवाएं हैं जबकि पूरी छूट वाली लिस्ट में 69 दवाएं हैं। दुर्लभ बीमारियों के इलाज में काम आने वाली 56 दवाओं को भी कस्टम ड्यूटी से छूट देने की बात कही गई है। पैनल ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी, सिस्टिक फाइब्रोसिस, गौचर डिजीज, फैब्री डिजीज, लाइसोसोमल स्टोरेज डिसऑर्डर और वंशानुगत एंजाइम की कमी जैसी बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर कस्टम ड्यूटी हटाने की सिफारिश की है। इनमें से कुछ दवाएं दुनिया की सबसे महंगी दवाओं में से हैं। इनके एक कोर्स की कीमत करोड़ों में होती है।

**परमानेंट कमेटी-** इस लिस्ट में ज़ोल्गेन्स्मा, स्पिनराज़ा, एव्रिस्डी, सेरेज़ाइम और तखज़ीरो जैसी दवाएं भी शामिल हैं। ये सभी दवाएं बहुत महंगी हैं और ज्यादातर भारतीय मरीजों के लिए इन्हें खरीदना नामुमकिन है। ज़ोल्गेन्स्माको दुनिया की सबसे महंगी दवा माना जाता है जिसकी एक डोज 17 करोड़ रुपये की है। पैनल ने यह भी सिफारिश की है कि छ्रत॥स के तहत एक परमानेंट इंटर-डिपार्टमेंटल कमेटी बनाई जाए जो इन दवाओं की समीक्षा करे और डिपार्टमेंट ऑफ रेवेन्यू को सिफारिश दे।

## अक्टूबर तक पूरी तरह प्राइवेट हो जाएगा आईडीबीआई बैंक, तीन साल से बेचने में लगी है सरकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईडीबीआई बैंक की रणनीतिक बिक्री अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार ने शेयर खरीद समझौते पर चर्चा की है, जो वित्तीय बोली लगाने वाले बोलीदाताओं को दिया जाएगा। आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रक्रिया पिछले तीन साल से चल रही है। सरकार ने अक्टूबर, 2022 में सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलाईसी के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के लिए निवेशकों से कुल 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने को रुचि पत्र (ईओआई) मांगे थे। इसमें भारत सरकार की 30.48 प्रतिशत और एलआईसी की 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है।

अधिकारी ने बताया कि डेटा रूम के लिए उचित प्रक्रिया अभी चल रही है और सरकार जल्द ही वित्तीय बोलियां आमंत्रित करेगी। उन्होंने कहा कि आईडीबीआई बैंक में रणनीतिक हिस्सेदारी की बिक्री अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। अक्टूबर, 2022 में रुचि पत्र आमंत्रित करने के बाद जनवरी, 2023 में निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) को आईडीबीआई बैंक के लिए कई रुचि पत्र प्राप्त हुए।

### दूसरा बड़ा इनिशिएटिव

आईडीबीआई बैंक के संभावित खरीदार को गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा पहले ही सुरक्षा मंजूरी प्रदान कर दी गई है और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा उपयुक्त और उचित मूल्यांकन को मंजूरी दे दी गई है। सरकार के लिए एयर इंडिया की बिक्री के बाद यह सबसे बड़ा निजीकरण इनिशिएटिव होगा। वित्त वर्ष 2025 में सरकार को डीआइपीएएम से कुल 68,263 करोड़ रुपये मिले जिसमें विनिवेश से प्राप्त 8,625 करोड़ रुपये शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में विनिवेश और एसेट मॉनेटाइजेशन से 47,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है।

# इंतजार की घड़ियां खत्म, अगले हफ्ते भारत के मुंबई में खुल रहा मस्क की टेस्ला का पहला शोरूम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार एलन मस्क की कंपनी टेस्ला भारत में एंट्री करने जा रही है। इसे भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के बाजार के लिए अहम माना जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक टेस्ला 15 जुलाई को मुंबई के जियो वर्ल्ड ड्राइव में अपना पहला एक्सपीरियंस सेंटर खोलेगी। इससे भारत में टेस्ला के आने का रास्ता खुल गया है। टेस्ला ने मार्च में 4,000 वर्ग फुट की जगह किराए पर ली थी। यह जगह मुंबई में ऐपल के बड़े स्टोर के पास है।



टेस्ला भारत में धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। जून में कंपनी ने मुंबई के कुर्ला वेस्ट में एक जगह किराए पर ली। यहां पर गाड़ियों की सर्विसिंग का काम होगा। इस तरह भारत में टेस्ला की कुल चार जगहें हो गई हैं। पुणे में एक इंजीनियरिंग हब है, बेंगलुरु में रजिस्टर्ड ऑफिस है और बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के पास एक अस्थायी ऑफिस है।

### चीन की टीम कर रही काम

टेस्ला के इंडिया हेड प्रशांत मेनन ने पिछले महीने नौकरी छोड़ दी। वह नौ साल से कंपनी में थे। अभी टेस्ला की चीन वाली टीम भारत का काम देख रही है। अभी तक किसी नए हेड का नाम नहीं बताया गया है। फिर भी टेस्ला भारत में अपने काम को आगे बढ़ा रही है। केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने जून में कहा था कि टेस्ला अभी भारत में गाड़ियां बनाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा था कि टेस्ला भारत में सिर्फ शोरूम खोलना चाहती है और बाहर से आई गाड़ियां बेचना चाहती है।

टेस्ला का यह कदम भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के बाजार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अब देखना यह है कि टेस्ला भारत में कितनी जल्दी अपनी गाड़ियां लॉन्च करती है और लोगों को यह कितनी पसंद आती हैं। मुंबई में एक्सपीरियंस सेंटर खुलने से लोगों को टेस्ला की गाड़ियों के बारे में जानने और उन्हें करीब से देखने का मौका मिलेगा। इससे टेस्ला को भारत में अपनी पहचान बनाने में मदद मिलेगी।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 11-07-2025 21:23 Page 1



# उपायुक्त ने आमरेश्वर धाम का किया निरीक्षण

## पूजा-अर्चना कर जिलावासियों की सुख, समृद्धि की कामना की



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** पवित्र श्रावण माह का आज से शुभारंभ हो गया है, 11 जुलाई से 9 अगस्त तक आमरेश्वर धाम में आयोजित होने वाले श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त आर. रॉनिटा ने पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो समेत अन्य अधिकारियों के साथ मंदिर परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मेला क्षेत्र में स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, तालाब के किनारे बैरिकेडिंग, ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग की सुविधा एवं भीड़ नियंत्रण जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस के जवानों को सक्रिय होकर मेला अवधि में सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया।

श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए उपायुक्त ने सुगम यातायात के लिए डायवर्सन रूट का जायजा लिया। उन्होंने डायवर्सन रूट की अच्छे से मरम्मत को लेकर संबंधित कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश दिए, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में समस्या न हो।

इस अवसर पर उपायुक्त ने मंदिर में श्रावण मास के पहले दिन बाबा भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर जिलावासियों के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। निरीक्षण के दौरान डीडीसी, एसडीओ, एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी एवं मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# गुजरात की कंपनी ने करोड़ों का लगाया चूना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** शहर में एक बड़े वाहन धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है, जिसमें गुजरात की 'वैष्णवी ट्रांसपोर्ट' नामक एक कंपनी पर 40 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। पीड़ितों ने शुक्रवार को गांधी सेवा सदन में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर अपनी आपबीती सुनाई और न्याय की गुहार लगाई।

पीड़ित बनियाहीर निवासी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि नौ मार्च 2024 को राजकुमार दत्ता और मुकेश साव नामक दो व्यक्तियों ने उनसे संपर्क किया था। उन्होंने गुजरात की एक कंपनी की आकर्षक योजना के बारे में बताया, जिसमें वाहन फाइनेंस कराकर अच्छी कमाई का लालच दिया गया था। इंद्रजीत सिंह के अनुसार, उन्हें एक बैंक मैनेजर द्वारा घर बुलाकर कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए गए और बाद में उन्हें पता चला कि उनके नाम पर एक गाड़ी फाइनेंस करा ली गई है। शुरूआत के चार-पांच महीनों तक गाड़ी की ईएमआई का भुगतान होता रहा, लेकिन उसके बाद ईएमआई आनी बंद हो गई। पिछले तीन महीनों से ईएमआई नहीं आने के कारण, अब पीड़ितों को बैंक से नोटिस मिल रहे हैं और वे परेशान हैं। इंद्रजीत सिंह ने बताया कि उन्हें यह भी नहीं पता कि उनके नाम पर कौन-सी गाड़ी और किस मॉडल की गाड़ी फाइनेंस कराई गई है। उन्हें केवल शोरूम से फोन करके सूचित किया गया था कि उनकी गाड़ी की डिलीवरी हो गई है।

उन्होंने बताया कि इस धोखाधड़ी में कुल 120 से ज्यादा लग्जरी वाहनों को फाइनेंस कराया गया है। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी अब इन वाहनों का इस्तेमाल नशीले पदार्थों की तस्करी और फर्जी दस्तावेजों से वाहनों को बेचने जैसे गंभीर अपराधों में कर रहे हैं। इस धोखाधड़ी और इसके आपराधिक परिणामों से हम और हमारे परिवार बेहद परेशान हैं।

## सर्पदंश से महिला सहित दो बच्चों की मौत

**पलामू।** झारखंड के पलामू जिले में गुरुवार रात दो अलग-अलग गांवों में सर्पदंश की घटनाओं में दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। यह जानकारी शुक्रवार को पुलिस ने दी। पहली घटना पांकी थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पत्रा गांव की है, जहां एक ही परिवार के दो बच्चों को सोते समय सांप ने डस लिया। मृतक बच्चे अर्जुन कुमार (10) और देव कुमार (12) भाजपा विधायक आलोक चौरसिया के दूर के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

विधायक आलोक चौरसिया ने बताया कि दोनों बच्चे अपने पिता प्रेम चौरसिया के साथ सो रहे थे, जब यह हादसा हुआ। तीनों को तत्काल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया। रास्ते में दोनों बच्चों की मौत हो गई, जबकि पिता प्रेम चौरसिया की हालत नाजुक बनी हुई है।

दूसरी घटना बंसडीहा गांव की है, जहां एक दंपति को सांप ने काट लिया। दोनों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान महिला शकुंतला देवी की मौत हो गई।

# सेविका-सहायिका ने बारिश में भीगते हुए किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** भारी बारिश में अपनी लंबित मांगों के समर्थन में सैकड़ों आंगनबाड़ी सहायिका-सेविकाएं छाता लेकर राजभवन पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाएं राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलना चाहती थीं। उनका कहना था कि वे राज्यपाल से मिलकर ही वापस जाएंगी। हालांकि, किसी तरह समझाइश देश सुरक्षा कर्मियों ने आंगनबाड़ी सहायिका-सेविकाओं को शांत कराया।

प्रदर्शन कर रहीं आंगनबाड़ी सहायिका-सेविकाओं का कहना है कि राज्य सरकार उनसे बेहद कम मानदेय पर काम करवा रही है। बार-बार आंदोलन के बावजूद हर बार सिर्फ झूठे आश्वासन मिलते हैं। इस बार वे आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा ने किया। सभा की महामंत्री और कांग्रेस नेत्री सुंदरी तिर्की ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार राज्य सरकार को आंगनबाड़ी सहायिका-सेविकाओं के मद में मिलने वाले फंड में कटौती कर रही है, जिससे राज्य सरकार समय पर मानदेय नहीं दे पा रही है और उसमें वृद्धि भी नहीं कर पा रही है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल में झारखंड की सभी सहायिका-सेविकाएं शामिल हुईं। इस दौरान जयपाल सिंह स्टेडियम से जुलूस निकालकर कचहरी होते हुए राजभवन तक प्रदर्शन किया गया। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार अपने चार नए श्रम कानून तुरंत रद्द करे, सेविका-सहायिका का स्थायीकरण किया जाए, वेतनमान और पेंशन योजना लागू की जाए।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर, उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे दिल्ली में संसद का घेराव करेंगी। इस कार्यक्रम में मेना खातून, सूर्यमणि उरांव, रीना देवी, सुनीता देवी, चंचला भोक्ता, अंजलि लकड़ा, सरिता देवी, सरोज तिर्की, बसंती देवी सहित हजारों सेविकाएं शामिल हुईं।

# मेला को ले सजा बाबा का दरबार



## बुनियादी सुविधाओं से होगा लैस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** बासुकीनाथ धाम में राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव का उद्घाटन मयूराक्षी कला मंच से बतौर मुख्य अतिथि झामुमो की जामा विधायक डॉ. लुइस मरांडी, जरमुंडी के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद, दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा एवं जिला परिषद अध्यक्ष जायेस बेसरा ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर जामा की विधायक डॉ. लुइस मरांडी ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बासुकीनाथ धाम पहुंचते हैं। झारखंड सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी प्रकार की असुविधा श्रद्धालुओं को नहीं हो। विशेष रूप से स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए टेंट सिटी में डिस्पोजेबल बेडशीट की व्यवस्था की गई है। डॉ. लुइस ने कहा कि यहां आने वाले श्रद्धालु बेहतर छवि लेकर वापस लौटें इसके लिए हम सबको सचेष्ट रहना है। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि उनकी आस्था और श्रद्धा का सम्मान करते हुए उन्हें सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करें। जरमुंडी के विधायक देवेंद्र कुंवर ने कहा कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि बाबा बासुकीनाथ के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव अगले एक महीने तक आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सज-धज कर तैयार है।

पूरे मेला क्षेत्र में 12 टेंट सिटी का निर्माण किया है ताकि श्रद्धालुओं को विश्राम करने में कठिनाई नहीं हो। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य सुविधा पूरे मेला अवधि में 20 एंबुलेंस एक्टिव मोड में उपलब्ध है।

इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष जायस बेसरा ने कहा कि श्रावणी मेला आस्था का प्रतीक है। पूरे माह चलने वाले इस मेले में देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं उनके सम्मान में कोई कमी नहीं रहे। ये सुगमता से जलार्पण करें एवं एक बेहतर संदेश लेकर वापस जाएं।

इस मौके पर कंप्रेसिव मेनुअल ऑफ झारखंड कॉपरेटिव सोसाइटी पुस्तक का विमोचन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने किया। इस दौरान अतिथियों ने जेटीडीसी की ओर से बनाए गए टेंट सिटी का भी उद्घाटन किया।

मौके पर पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा, पुलिस उप महानिरीक्षक अंबर लकड़ा, पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार, जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, अपर समाहर्ता राजीव कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

बासुकीनाथ में श्रावणी मेला का उद्घाटन सूबे के नगर विकास मंत्री सुदिव्य सोनू, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह एवं श्रम विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव को करना था लेकिन देवघर में मेला उद्घाटन के बाद मंत्रीगण बासुकीनाथ नहीं पहुंच सके।

# जनता दरबार में विधायक को लोगों ने सुनाई अपनी-अपनी व्यथा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम ने लोगों की समस्याओं के निष्पादन को लेकर जनता दरबार लगाया। इसमें ग्रामीणों ने बताया कि कर्मचारी से लेकर जेई तक रिश्वत की मांग करते हैं। इससे वे परेशान हैं।

इसमें जमीन से संबंधित कुल 29 आवेदन आए। जबकि अबुआ आवास, टीसीबी, मेड़ बंदी योजना तथा पेपर आनलाइन करने में घूस मांगने समेत 21 मामले आए।

सेरेगड़ा निवासी महेंद्र कुमार साहू ने राजस्व कर्मचारी विकास कुमार पर 5000 रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। कहा कि उसकी जमीन का रकबा जीरो कर उसे सुधारने के एवज में पैसे की मांग की गई।

नहीं देने पर राजस्व कर्मचारी ने उसका काम नहीं किया। जगदीश यादव झाबर ने आरोप लगाते हुए कहा कि गाय शेड निर्माण में राशि छोड़ने की एवज में जेई मो. राशिद ने 1500 फोन पे पर रिश्वत लिए।

राजेश यादव गणेशपुर ने कंप्यूटर ऑपरेटर पर 700 रुपया प्रति व्यक्ति डिमांड लगाने को लेकर मांग की और नहीं देने पर उसकी डिमांड आज तक नहीं लगाया।

विधायक प्रकाश राम ने कहा कि जनता दरबार में बालूमाथ बीडीओ व सीओ का सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिससे छोटी-मोटी समस्या का निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घूस लेने एवं पब्लिक को परेशान करने का मामला कई प्रखंड व अंचल कर्मियों के खिलाफ बराबर आ रहा है।

कहा- शीघ्र ही जिले के उच्चाधिकारी से मिलकर ऐसे भ्रष्ट कर्मियों पर कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण वासियों की हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रखंड प्रशासन तत्पर है। वहीं अंचलाधिकारी ने कहा कि जमीन की समस्या से संबंधित जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं जांच के बाद नियमसंगत निपटारा किया जाएगा।

मौके पर कृष्ण यादव, संजीव कुमार सिन्हा, अशोक कुमार साहू, अर्जुन प्रसाद ,सोहराय भगत, राजेश उरांव,वीरेंद्र गुप्ता ,विजय यादव, नौशाद आलम ,इजराफिल अंसारी, अंचल निरीक्षक अनिल कुमार, राजस्व कर्मचारी वीरेंद्र टोप्पो, विकास कुमार ,अनिल हीरो द,यालु केरकेट्टा,पंचायत सेवक महेश मुंडा, सुषमा कुमारी बीपीओ मोहम्मद,ऐई दिनेश सिंह ,जेई बाबूलाल उरांव, सीआई अनिल कुमार,प्रखंड सांख्यकी कुमारी अनीता कुमारी, सुषमा कुमारी,मो. राशिद,एममो वीरेंद्र प्रसाद समेत कई मौजूद थे।

# पूर्व मंत्री को लगा हाई कोर्ट का झटका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने शुक्रवार को उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया। उन्हें टेंडर आवंटन से जुड़े कमीशन घोटाला मामले में अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। पूर्व में इस मामले पर विस्तृत सुनवाई के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

आलमगीर आलम को प्रवर्तन निदेशालय ने टेंडर आवंटन के बाद कमीशन घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था। यह मामला ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है, जहां सरकारी ठेकों के आवंटन में भारी कमीशनखोरी का आरोप है।

आलमगीर के पीएस के नौकर के घर पर करोड़ों में कैश की बरामदगी हुई थी। ईडी ने जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और सबूत जुटाए थे, जिसके आधार पर आलमगीर आलम की गिरफ्तारी हुई।

ईडी ने इस मामले में गहन छानबीन की है, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (ढटछअ) के तहत कार्रवाई की गई है। ईडी का आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धांधली हुई और कमीशन के तौर पर मोटी रकम का लेन-देन हुआ, जिसमें आलमगीर आलम की भूमिका संदिग्ध है।

उनकी गिरफ्तारी के बाद से एजेंसी लगातार उनसे पूछताछ कर रही है और मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। झारखंड हाई कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद, आलमगीर आलम के पास अब सुप्रीम कोर्ट का विकल्प खुला है।

उनके वकील इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। हालांकि, उन्हें तत्काल राहत मिलने की संभावना कम दिख रही है, क्योंकि ईडी इस मामले में काफी मजबूत स्थिति में नजर आ रही है।

# गंगा-सतलज एक्सप्रेस से झपट्टामारों ने उड़ाया लॉकेट

## सीसीटीवी देख आरपीएफ ने दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** गंगा-सतलज एक्सप्रेस से महिला यात्री का सोने का लॉकेट उड़ा चलती ट्रेन से कूद कर भागे तीन लुटेरे दोबारा घात लगाकर बैठे थे। सीसीटीवी फुटेज से आरपीएफ ने उन्हें पहचान लिया। जाल फैलाया और घेराबंदी कर दी। आरपीएफ को देखते ही अपराधी भागने लगे। एक को घेर कर दबोच लिया पर दो चकमा देकर भाग निकले। उनकी गिरफ्तारी के लिए सीआइबी धनबाद तथा आरपीएफ व जीआरपी गोमो का अभियान जारी है।

आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि धनबाद आ रही गंगा-सतलज एक्सप्रेस से बोकारो के भेंडरा में रहने वाले अवधेश राम की पत्नी रेखा देवी का सोने का लॉकेट पारसनाथ स्टेशन के पास गायब हो गया। सीसीटीवी फुटेज में घटना को अंजाम देनेवाले तीन अपराधी दिखे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सीआईबी धनबाद, आरपीएफ व जीआरपी गोमो की ओर से छानबीन की जा रही थी। पारसनाथ स्टेशन पर आरपीएफ के जवानों ने सीसीटीवी फुटेज में कैद तीनों अपराधियों को प्लेटफॉर्म दो पर देखा। आरपीएफ को देखते ही तीनों भागने लगे।

उनमें से एक को आरपीएफ ने पकड़ लिया जबकि दो फरार हो गए। पकड़े गए लुटेरे का नाम आदित्य कुमार कसेरा है। उसकी उम्र 18 साल है और वह कतरास के शिव मुहल्ला का रहने वाला है। सीसीटीवी फुटेज दिखा कर उसके अन्य साथियों की पहचान कराई गई। उसने अपने साथियों की पहचान की जिनमें एक राजू व दूसरा अनिल है। गंगा-सतलज एक्सप्रेस से सोने का लॉकेट लेकर चलती ट्रेन से कूदने की बात भी स्वीकारी। उसने बताया कि दोबारा घटना को अंजाम देने गंगा-दामोदर एक्सप्रेस से तेतुलमारी से पारसनाथ गए थे।

## प्रशासन की अनोखी पहल से टला विवाद

# धार्मिक झंडे के विवाद को तिरंगा फहराकर कराया गया शांत

### सैकड़ों लोगों दी झंडे को सलामी, हुआ राष्ट्रगान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी** ।केरेडारी थाना क्षेत्र के बेलतू बाजार टांड़ में धार्मिक झंडे को लेकर विवाद सोमवार को प्रशासन की सक्रियता के बाद शांत हो गया। विवादित स्थल पर लगे धार्मिक झंडों को हटाकर तिरंगा फहराया गया। फिर राष्ट्रगान हुआ और सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने तिरंगे को सलामी दी।

इसके साथ ही प्रशासन ने स्थल को सुभाष चौक नाम देकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगाने की घोषणा की। 5 जून को शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दौरान हिंदू समुदाय द्वारा स्थल पर भगवा ध्वज लगाया गया था। इसके बाद 5 जुलाई की रात मुस्लिम समुदाय द्वारा मोहर्रम का झंडा लगाए जाने से क्षेत्र में तनाव फैल गया।

दोनों धार्मिक ध्वज एक ही स्थान पर लगाए जाने से टकराव की स्थिति बन गई थी। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अब पांच से अधिक लोगों के एक साथ इकट्ठा होने और किसी भी प्रकार के जुलूस या सभा पर रोक लगा दी गई है।

पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील है। सोमवार को प्रशासन ने दोनों झंडों को हटाकर संबंधित समुदायों को लौटा दिया, जिसके बाद तिरंगा फहराया गया।

मौके पर एसडीओ बैजनाथ कामती, एसडीपीओ पवन कुमार, बीडीओ विवेक कुमार, सीओ रामरत्न कुमार, सहित कई प्रशासनिक अधिकारी तथा दोनों समुदायों के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

विवाद के दौरान कर्बला मार्ग पर ग्रामीणों द्वारा बैरिकेडिंग लगा दी गई थी, जिसे अब हटा लिया गया है। मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग अब कर्बला जाकर मोहर्रम पर्व का समापन कर रहे हैं।

बेलतू में बढ़ते तनाव को शांत करने के लिए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी सोमवार को बेलतू जा रहे थे। लेकिन उन्हें सीकरी ओपी के पास ही रोक लिया गया। पुलिस ने धारा 163 का हवाला देते हुए दोनों जनप्रतिनिधियों को करीब साढ़े चार घंटे तक एनटीपीसी कार्यालय में नजरबंद रखा।

शाम छह बजे उन्हें रिहा किया गया। सांसद जायसवाल ने कहा कि वे शांति बहाल करने के उद्देश्य से जा रहे थे, अब प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी को कोई क्षति न पहुंचे। विधायक चौधरी ने जनप्रतिनिधियों को रोकने की कार्रवाई को निंदनीय बताया।

# 1 सितम्बर से होगी निजी कारोबारियों के हाथों खुदरा शराब की बिक्री

## निगरानी का अधिकार जेएसबीसीएल को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राज्य में निजी कारोबारियों के हाथों शराब की खुदरा बिक्री अब एक सितंबर से शुरू होगी। इसे लेकर विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। अब दुकानों का लाटरी से आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने शुक्रवार को जारी अधिसूचना में बताया है कि झारखंड सरकार ने 21 मई 2025 को झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों बी बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली 2025 को अधिसूचित किया था। यह उत्पाद विभाग की अधिसूचना की तिथि से प्रभावी होना था, जो शुक्रवार से हो गया।

शराब की खुदरा बिक्री निजी हाथों में देने के पूर्व वर्तमान व्यवस्था के तहत चल रहीं दुकानों की ऑडिटिंग का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। 30 जून को सभी प्लेसमेंट एजेंसियों के नियंत्रण से राज्य की सभी खुदरा दुकानों को उत्पाद विभाग ने अपने अधीन ले लिया।

अब जो भी दुकानें संचालित हो रही है, वह झारखंड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के अधीन कार्यरत कर्मियों के देखरेख में हो रही है।

वर्तमान व्यवस्था में 31 अगस्त तक ही खुदरा दुकानों का संचालन होगा, इसके बाद शराब की खुदरा बिक्री निजी हाथों में चली जाएंगी।

एक सितंबर से लागू हो रही शराब बिक्री की नई व्यवस्था में भले ही शराब की खुदरा बिक्री निजी हाथों से होगी, लेकिन उसकी थोक बिक्री जेएसबीसीएल के अधिकार क्षेत्र में होगा। जेएसबीसीएल के गोदाम से ही निजी दुकानदार शराब खरीदेंगे।

इतना ही नहीं, दुकानों की निगरानी भी जेएसबीसीएल के माध्यम से होगी। राज्य में नकली शराब रोकने, अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए उत्पाद विभाग व इसके अधिकारी चौकसी बरतेंगे और निगरानी करते रहेंगे। इसके लिए ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम को प्रभावी बनाया जाएगा।

औचक छापेमारी व निगरानी जारी रहेगी। शराब परिवहन भी अधिकारियों की देखरेख में होगा, ताकि राज्य में जहरीली व नकली शराब न पहुंच पाए।

# गिरफ्तार अपराधियों को पुलिस ने भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के छह अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार सभी अपराधी दस जुलाई को चंदवा थाना क्षेत्र के टोरी साइडिंग के पास रंगदारी व गोली बारी की घटना में शामिल थे।

गिरफ्तार अपराधियों में मो. शाहिद अंसारी पिता मो. आलम अंसारी, कुटमू, साइडिंग रोड, लोहरदगा निवासी, नितेश उरांव पिता जग्गु उरांव हेठजोरी गुमला निवासी, तरुण यादव पिता त्रिवेणी यादव चेटर चंदवा लातेहार निवासी, शमशाद अंसारी पिता इदरिश अंसारी, अलीनगर कुटमू लोहरदगा निवासी, मो. मोजम्मिल अंसारी पिता जब्बार अंसारी अलीनगर कुटमू लोहरदगा निवासी व मनोज तुरी पिता स्व. बिगलु उर्फ डिग्लू तूरी चंदवा लातेहार का निवासी है।पुलिस ने इनके पास से दो देसी पिस्तौल, कारतूस, चार मोबाइल, एक पल्सर बाइक, टीवीएस स्कूटी व 15 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।

लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि यह सभी अपराधी चीरो मोड़ स्थित यात्री शेड के पास बैठकर सिगरेट एवं शराब पी रहे थे और राहुल सिंह के कहने पर टोरी साइडिंग में एक बार फिर लेवी और रंगदारी को लेकर घटनाओं का अंजाम देने वाले थे। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हथियार के साथ सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना में शामिल अपराधी मनोज तुरी पर चंदवा , बालूमाथ थाना में आम्स एक्ट के तहत आठ मामले दर्ज हैं। छापेमारी अभियान में लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार, चंदवा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार, चंदवा अवर पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार, चंदवा सअनि सरोज कुमार सिंह, चंदवा सअनि उपेन्द्र कुमार, बाबु ओम शिव कुमार, राहुल कुमार दूबे, तकनीकी शाखा के जवान शामिल थे।

# झामुमो ने दिया केंद्र सरकार को अल्टीमेटम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केंद्र सरकार को झारखंड के बकाया और हक-अधिकारों के लिए चार महीने का समय दिया है। पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए हमला बोला। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हेमंत सरकार ने झारखंड की मांगें रखीं, लेकिन केंद्र को निर्णय लेने में समय लग सकता है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चार महीने में मांगें पूरी नहीं हुईं, तो याचना नहीं, रण होगा, संग्राम भीषण होगा। सुप्रियो ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और पीएम नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि भागवत का 75 वर्ष की उम्र 11 सितंबर और नरेन्द्र मोदी की 17 सितंबर को पूरी होगी।उन्होंने सवाल उठाया कि आरएसएस की 75 वर्ष में रिटायरमेंट नीति के तहत कौन किसे शॉल ओढ़ाकर विदा करेगा? उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी को मार्गदर्शक मंडल में भेजने और 80 वर्षीय जीतन राम मांझी को केंद्रीय मंत्री बनाने पर आरएसएस और भाजपा की नीतियों पर सवाल उठाए।

पूर्व सीएम रघुवर दास के पेसा कानून पर गांव-चौपाल में बयानबाजी को सुप्रियो ने डुगडुगी बजाना करार दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी मुद्दों पर रघुवर को बोलने का हक नहीं है और उनकी सभाओं में भीड़ की संख्या पर सवाल उठाए। सुप्रियो ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन फिलहाल खतरे से बाहर हैं, लेकिन पूरी तरह स्वस्थ होने में समय लगेगा। चिकित्सक उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

## सीएम दिल्ली रवाना,पिता की करेंगे देखभाल

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक के बाद दिल्ली रवाना हो गए। वे अपने पिता, झामुमो के संस्थापक संरक्षक और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन की देखभाल और इलाज के सिलसिले में दिल्ली गए हैं। शिबू सोरेन 19 जून से दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उन्हें हल्का ब्रेन स्ट्रोक और किडनी की समस्या के कारण गहन चिकित्सा दी जा रही है। मुख्यमंत्री 24 जून से नौ जुलाई तक दिल्ली में उनकी देखभाल के लिए रुके थे।

10 जुलाई को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद और 11 जुलाई को कैबिनेट बैठक के लिए वे नौ जुलाई की रात रांची लौटे थे। अब वे एक बार फिर दिल्ली पहुंच गए हैं। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और परिवार के अन्य सदस्य भी दिल्ली में मौजूद हैं।

CMYK

## लाया के सम्मान में 400 से पहले घोषित कर दी थी पारी, मुल्डर ने दिग्गज की प्रतिक्रिया शेयर की



**बुलावायो, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने कहा है कि ब्रायन लारा ने उनसे कहा था कि उन्हें टेस्ट में सर्वाच्च व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाना चाहिए था। बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मुल्डर ने लंच ब्रेक के दौरान पारी घोषित कर दी थी तब मुल्डर 367 के निजी स्कोर पर नाबाद थे। इस फैसले के बाद मुल्डर 2004 में, एंटीगा में इंग्लैंड के खिलाफ लारा द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड नाबाद 400 रन से 33 रन दूर रह गए थे। मुल्डर ने पारी घोषित करने के बाद कहा था कि लारा का रिकॉर्ड लारा के नाम ही रहना चाहिए लेकिन बाद में उन्होंने खुलासा किया कि इस मामले पर लारा की दूसरी राय थी। मुल्डर ने कहा, 'अब चीजें पहले के मुकाबले बेहतर हुई हैं। मेरी ब्रायन लारा से भी बात हुई है। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं अपनी लीगेसी बना रहा हूं और मुझे रिकॉर्ड के लिए जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड टूटने के लिए ही होते हैं और उन्होंने यह उम्मीद जताई कि मैं दोबारा उस स्थिति में आऊं कि रिकॉर्ड तोड़ पाऊं। उनकी ओर से यह एक दिलचस्प पहलू था लेकिन मुझे अब भी यही लगता है कि मैंने सही किया क्योंकि गेम की इज्जत करना मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। मुल्डर का 367 का नाबाद स्कोर दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है और कुल मिलाकर यह टेस्ट में पांचवां व्यक्तिगत सर्वोच्च स्कोर है। मुल्डर ने कहा था कि दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने उनसे कहा था कि महान खिलाड़ियों का रिकॉर्ड महान खिलाड़ियों के नाम ही रहने देना उचित होगा।

## 5 गेंद पर 5 विकेट, आयरलैंड के गेंदबाज ने रचा इतिहास; 88 रन पर ऑल आउट हुई विरोधी टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैंपर पेशेवर क्रिकेट में 5 गेंद पर 5 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार (10 जुलाई) को इंटर-प्रोविंसिल टी20 ट्रॉफी में नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ मुंस्टर रेड्स की ओर से खेलते हुए 2.3 ओवर में 16 रन देकर 5 विकेट लिए। मुंस्टर रेड्स के कप्तान कैंपर ने अपने दूसरे और तीसरे ओवर में पांच विकेट लिए। इससे वॉरियर्स की टीम 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 87/5 से 88 पर ऑल आउट हो गई। पांच विकेट में से पहले विकेट जेरेड विल्सन 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए। कैंपर की स्विंग से गेंद ऑफ स्टंप पर जा लगी। अगली गेंद पर ग्राहम ह्यूम बैकफुट पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। इनस्विंगर उनके पैड पर लगी। कैंपर ने अपने अगले ओवर की शुरुआत में हैट्रिक पूरी की। 14वें ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्राइन डीप मिडविकेट की ओर स्लॉग शॉट खेलने में चूक गए। विकेट लेने का सिलसिला तब जारी रहा जब नंबर 10 रॉबी मिलर पहली गेंद पर कैच आउट हो गए। वह ऑफ स्टंप के बाहर गेंद को मारने की कोशिश कर रहे थे। इसके बाद कैंफर ने राउंड द विकेट गेंदबाजी करते हुए नंबर 11 पर जोश विल्सन को आउट किया। उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज से बाहर होने के बाद यह कैंफर का दूसरा मैच था। मंगलवार को लेइनस्टर लाइटनिंग के खिलाफ अपने वापसी मैच में उन्होंने 35 गेंदों पर 57 रन बनाए थे, लेकिन गेंदबाजी नहीं की थी।



## नहीं होगा एशिया कप 2025

### भारत और श्रीलंका ने किया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर में होने वाले एशिया कप 2025 पर संकट के बादल और ज्यादा मंडराने लगे हैं. अब इस टूर्नामेंट के रद्द होने की संभावना जताई जा रही है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और श्रीलंका क्रिकेट ने एक बड़ा कदम उठाते हुए 24 जुलाई को ढाका में होने वाली एशियाई क्रिकेट परिषद की बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया है. रिपोर्ट के अनुसार, दोनों बोर्ड ने ये फैसला ऐसे समय लिया है, जब छह देशों के इस टूर्नामेंट के शुरू होने में दो महीने से भी कम दिन बचे हैं.

### क्या है बैठक में हिस्सा न लेने की वजह?

इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जाना है. 5 सितंबर से इस टूर्नामेंट की शुरुआत हो सकती है, लेकिन इससे पहले 24 जुलाई को ढाका में होने वाली एसीसी की मीटिंग में बीसीसीआई और श्रीलंका क्रिकेट के हिस्सा न लेने से इस टूर्नामेंट के होने पर सवालिया निशान लग रहे हैं. बीसीसीआई ने एसीसी की मीटिंग ढाका में होने पर आपत्ति जताई है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी वर्तमान में एसीसी के अध्यक्ष हैं. बीसीसीआई ने हाल ही में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को भारत के बांग्लादेश दौरे को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने के लिए मना लिया था. ये दौरा अगस्त में होने वाला था, लेकिन एसीसी ने अपनी बैठक ढाका में आयोजित कर दिया, जिससे बीसीसीआई खुश नहीं है, क्योंकि बांग्लादेश के राजनीतिक हालत इस समय ठीक नहीं है.

### एसीसी ने क्या कहा?

रिपोर्टों के अनुसार, एशिया कप की मेजबानी को लेकर बीसीसीआई की चुप्पी के कारण प्रायोजक और प्रसारणकर्ता असमंजस में हैं. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड एक हाइब्रिड मॉडल पर सहमत हुआ है, जिसके तहत पाकिस्तान किसी भी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भारत से किसी दूसरे देश में मैच खेलेगा. यह जानने के लिए कि क्या भारत अभी भी टूर्नामेंट की मेजबानी करने की योजना बना रहा है?

## टेस्ट के बाद ओडीआई कप्तान बनेंगे शुभमन!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की टेस्ट रिटायरमेंट के बाद शुभमन गिल को उनका उत्तराधिकारी बनाया गया. गिल, जो अब इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कप्तानी कर रहे हैं. अभी रोहित शर्मा ने वनडे फॉर्मेट को अलविदा नहीं कहा है, लेकिन सोशल मीडिया पर भारतीय ओडीआई टीम का कप्तान बदले जाने का टॉपिक ट्रेंड कर रहा है. दावा किया जा रहा है कि अगली वनडे सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा नहीं बल्कि शुभमन गिल कर सकते हैं. स्पोर्ट्स तक में छपी एक रिपोर्ट की मानें तो प्लान यही है कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप में शुभमन गिल भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे, लेकिन रोहित कब तक अपनी कप्तानी को सुरक्षित रख पाएंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है. वहीं एक अन्य रिपोर्ट में दावा किया गया है भारत जब भी अपनी अगली एकदिवसीय श्रृंखला खेलेगा, उसमें रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल कप्तानी करेंगे. मौजूदा शेड्यूल पर नजर डालें तो टीम इंडिया को अगली ओडीआई सीरीज अक्टूबर महीने में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलनी है. शुभमन गिल के अभी तक ओडीआई करियर पर नजर डालें तो उन्होंने अब तक 55 मैचों में 59.04 के बेहद शानदार औसत से 2,775 रन बनाए हैं. एकदिवसीय क्रिकेट में उनके नाम 8 शतक और 15 हाफ-संचुरी भी हैं. कब होगी टीम इंडिया की अगली ओडीआई सीरीज भारतीय टीम की अगली ओडीआई सीरीज अगस्त महीने में बांग्लादेश के साथ होने वाली थी, लेकिन इस दौरे को रद्द कर दिया गया है.




## अगर टेनिस खेलते सूर्यकुमार तो धोनी को चुनते अपना डबल्स पार्टनर, खुद किया खुलासा


**लंदन, एजेंसी।** सूर्यकुमार पहली बार विंबलडन देखने के लिए पहुंचे थे। वहां मौजूदगी से उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं। विंबलडन ने भी उनकी एक फोटो शेयर की और लिखा, एसडब्ल्यू19 में रौनक लेकर आए सूर्यकुमार यादव! आपको यहां देखकर खुशी हुई। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव उन क्रिकेटरों में शुमार हैं, जिन्होंने सेंटर कोर्ट का दौरा किया और विंबलडन मैच देखा। वह हाल ही में पत्नी देविशा शेट्टी के साथ मैच देखने पहुंचे थे। उन्होंने इस दौरान खुलासा किया कि वह अपने डबल्स जोड़ीदार के तौर पर भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को देखना पसंद करेंगे।

सूर्यकुमार पहली बार विंबलडन देखने के लिए पहुंचे थे। वहां मौजूदगी से उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं। विंबलडन ने भी उनकी एक फोटो शेयर की और लिखा, एसडब्ल्यू19 में रौनक लेकर आए सूर्यकुमार यादव! आपको यहां देखकर खुशी हुई। उनके अलावा जसप्रीत बुमराह भी पत्नी संजना के साथ मैच देखने सेंटर कोर्ट पहुंचे थे। टेनिस को लेकर अपने लगाव के बारे में सूर्यकुमार ने बताया, मैं टीवी पर टेनिस बहुत देखता हूं। सेंटर कोर्ट के माहौल के बारे में हमेशा सुना करता था, खास तौर पर तब जब खिलाड़ी वहां प्रवेश करते हैं। अब इसे सामने से महसूस किया, यह बहुत ही खास अनुभव है।जब उनसे पूछा गया कि अगर उन्हें किसी क्रिकेटर




को टेनिस डबल्स (पुरुष युगल) पार्टनर चुनना हो, तो वे किसे चुनेंगे? इस पर सूर्यकुमार ने कहा, बिलकुल एमएस धोनी को। वह तेज हैं, सहनशक्ति बहुत ज्यादा है और मानसिक रूप से बेहद मजबूत हैं। और हाल ही में जब वे क्रिकेट नहीं खेल रहे होते हैं, तो मैंने उन्हें कई बार टेनिस खेलते देखा है। इसलिए मेरी पहली पसंद वही होंगे।

## ऑस्ट्रेलिया के लिए 100 टेस्ट खेलना बड़ी उपलब्धि: मिचेल स्टार्क



**किंग्स्टन, एजेंसी।** रविवार को अपने ऐतिहासिक 100वें टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने अपने करियर के उतार-चढ़ाव और चोटों से जूझने के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने चुनौतियों को पार करते हुए टेस्ट क्रिकेट में अपनी स्थायी छाप छोड़ी। स्टार्क ने इस उपलब्धि को बड़ा सम्मान करार दिया और कहा कि वह इस पर तब विचार करेंगे जब वह खेल से संन्यास लेंगे। रविवार को किंग्स्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और आखिरी टेस्ट मैच में मैदान पर उतरते ही स्टार्क यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बन जाएंगे। इससे पहले ग्लेन मैक्ग्रा यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। डे नाइट मैच में ऑस्ट्रेलिया के पास सीरीज में क्लीन स्वीप करने का भी मौका होगा। स्टार्क ने अपने 100वें टेस्ट मैच से पहले क्रिकेट.कॉम.एयू से बातचीत की। बातचीत में उन्होंने अपनी शारीरिक देखभाल और दृढ़ता के बारे में बताया। उन्होंने कहा, मैंने अपने शरीर का ध्यान रखा है और चोटों के बीच खुद को फिट रखने के तरीके खोज पाया जिससे मैं टीम के लिए उल्लेखनीय योगदान दे सकूं।

स्टार्क ऑस्ट्रेलिया के 471 टेस्ट क्रिकेटरों में से केवल 15वें खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 100 टेस्ट मैचों की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा, मैं पहले भी एक ऐसा खिलाड़ी रहा हूं जो चोटिल हो चुका है और टीम को एक खिलाड़ी कम होने का झटका दे चुका है, और मैं ऐसा दोबारा कभी नहीं करना चाहता था। इसलिए जब चीजें ठीक नहीं चल रही हों, या दर्द हो रहा हो, या मैं किसी चीज से परेशान हो रहा हो, तब भी आगे बढ़ने और मैच खत्म करने और प्रभावशाली बने रहने के तरीके खोजना अहम होता है। यही प्रक्रिया रहती है। मुझे अपनी फिटनेस बनाए रखने में प्रशिक्षकों और फिजियोथेरेपिस्टों से भी काफी मदद मिली, और मेरे सबसे अच्छे साथियों ने भी मेरी मदद की, जिससे मैं खेलता रहा और टीम का हिस्सा बना रहा। स्टार्क अपने 100वें टेस्ट मैच में किंग्स्टन में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के करीब हैं। 99 टेस्ट मैचों में 395 विकेट ले चुके स्टार्क को 400 टेस्ट विकेट के आंकड़े तक पहुंचने के लिए केवल पांच और विकेट चाहिए। यदि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ इस मैच में यह कारनामा कर लेते हैं, तो वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा के साथ टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो जाएंगे। मैकग्रा ने अपने करियर में 124 टेस्ट में 563 विकेट लिए थे।

स्टार्क ने कहा, मैंने सोचा भी नहीं था कि मैं एक भी टेस्ट मैच खेल पाऊंगा। इतना ज्यादा खेलना बहुत ही विनम्र करने वाला अनुभव है। यह एक बहुत बड़ा सम्मान है, शायद खेल खत्म होने के बाद इस पर और भी विचार करूंगा। स्टार्क ने उन खिलाड़ियों को भी याद किया जिनके साथ उनकी तुलना की जाती है। स्टार्क ने खुद को सौभाग्यशाली माना कि उन्हें उनके साथ खेलने का मौका मिला। 400 विकेट तक पहुंचना एक अच्छा अनुभव रहा है।

## वैभव सूर्यवंशी-आयुष होंगे ओपनर, इंग्लैंड के खिलाफ पहले यूथ टेस्ट के लिए इंडिया की प्लेइंग इलेवन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया अंडर 19 क्रिकेट टीम और इंग्लैंड अंडर 19 क्रिकेट टीम के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी और इस सीरीज का पहला मैच 12 जुलाई से शुरू होगा। इस टेस्ट सीरीज में एक मैच 4 दिनों का होगा और दोनों टीमें पहले मुकाबले में केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड, बेकेनहम में एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। इस मैच की शुरुआत भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 3.30 बजे से होगी।

इंडिया अंडर 19 टीम ने इस टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड की टीम को 5 मैचों की वनडे सीरीज में 3-2 से हराया था। हालांकि इस वनडे सीरीज के आखिरी मैच में इंडिया को हार मिली थी। अब बारी रेड बॉल क्रिकेट की है जहां दोनों टीमों के धैर्य की परीक्षा होगी और बेहतर खेलने वाली टीम जीत हासिल करेगी। वैसे वनडे सीरीज में जीत के बाद अब इंडिया के पास इंग्लैंड को टेस्ट सीरीज में भी रौंदने का बेहतर मौका है।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी वही टीम हिस्सा लेगी जिस टीम ने वनडे सीरीज में हिस्सा लिया था, लेकिन यहां चुनौती कुछ अलग होने वाली है, लेकिन इंडिया ने जिस तरह का दम दिखाया उससे उम्मीद है कि टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। पहले यूथ टेस्ट के लिए अगर इंडिया की प्लेइंग इलेवन की बात करें तो इसमें एक बार फिर से ओपनिंग की जिम्मेदारी वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष महात्रे के हाथों में हो सकती है।

### वैभव के लिए रेड बॉल क्रिकेट में खुद को साबित करने का मौका

वैभव ने पिछले साल भी यूथ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ दो मैच खेले थे और उसमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था। इसके अलावा वनडे में उनके प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें रेड बॉल में भी ओपनिंग का मौका दिया जा सकता है। वैभव के लिए भी रेड बॉल क्रिकेट में खुद को साबित करने का अच्छा मौका होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मैच में अभिज्ञान कुंडू को बाहर बिठाया गया था, लेकिन पहले टेस्ट मैच के लिए उनकी प्लेइंग इलेवन में वापसी हो सकती है। भारतीय बैटिंग क्रम में इसके अलावा विहान मलहोत्रा, राहुल कुमार, कनिष्क चौहान होंगे। गेंदबाजी की जिम्मेदारी अंबरीश, दीपेश देवेंद्रन, अनमोलजीत सिंह, युद्धजीत गुहा और नमन पुष्पक के हाथों में होगी।



**पहले यूथ टेस्ट के लिए इंग्लैंड के खिलाफ इंडिया की प्लेइंग इलेवन-**आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, आरएस अंबरीश, दीपेश देवेंद्रन, अनमोलजीत सिंह, युधाजीत गुहा, नमन पुष्पक।

**इंडिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम-**हमजा शेख (वार्विकशर - कप्तान), ताजीम अली, जेडन डेनली, रॉकी फ्लिंटॉफ, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, जैक होम, बेन मेयस, सेबेस्टियन मॉर्गन, जेम्स मिंटो, थॉमस रीव, आर्यन सावंत, एकांश सिंह, जय सिंह, आर्ची वॉन (समरसेट)।

## संक्षिप्त समाचार

### पुल हादसों के बीच बोले नितिन गडकरी- अब मैं ठेकेदार और अधिकारियों के पीछे लगूंगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बढ़ते पुल हादसों के बीच केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वह काम में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के पीछे लग गए हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि दुर्भावनापूर्ण गलतियों पर ठोक देना चाहिए। गडकरी ने कहा, एक्सीडेंट अलग चीज है और जो काम करते समय बेईमानी और फ्रॉड करते हैं, वो दूसरी चीज है। अगर गलती जानबूझकर नहीं की गई हो तो माफ कर देना चाहिए, लेकिन अगर गलती दुर्भावनापूर्ण की गई हैं तो ठोक देना चाहिए। काम के रवैये को लेकर गडकरी ने कहा कि वह गड़बड़ होने पर जिम्मेदारों को डांट लगाते हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई गड़बड़ हुई रोड पर तो छोड़ता नहीं हूं। अभी मेरा टारगेट है 7 वर्ल्ड रिकॉर्ड हुए, अब मैं ठेकेदार और अधिकारियों के पीछे लगूंगा। ये मेरे देश की संपत्ति है, मैं इसके साथ समझौता नहीं करूंगा। एक एक रोड में मेरे घर की दीवार है। जितनी चिंता मुझे मेरे घर की है, उतनी जिम्मेदारी मेरी उस रोड के साथ है। इसके साथ समझौता नहीं करूंगा। महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर खोज एवं बचाव अभियान रात के लिए रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान शुक्रवार सुबह फिर से शुरू होगा क्योंकि दो व्यक्ति अब भी लापता हैं। बुधवार सुबह पादरा कस्बे के निकट गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए। यह पुल आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ता है।

### लकड़पुर में भी बुलडोजर ऐक्शन की तैयारी, 313 अवैध निर्माणों को नोटिस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनंगपुर के बाद अब लकड़पुर में अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई खतरा मंडराने लगा है। वन विभाग लकड़पुर का रिकॉर्ड खंगाल रहा है। विभाग ने 313 अवैध निर्माणों को चिन्हित किया है, जिनको नोटिस जारी किए गए हैं। फिलहाल एक सप्ताह से वन विभाग की कार्रवाई रुकी हुई और उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद ही आगे कार्रवाई शुरू होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पिछले महीने करीब 15 दिनों तक अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके तहत वन विभाग 240 अवैध निर्माणों को गिराकर वन विभाग की करीब 270 एकड़ जमीन को खाली कराया है। वन विभाग ने इस कार्रवाई की रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दी है और अब उच्च अधिकारियों के अग्रिम आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अनखीर, मेवला महाराजपुर, लकड़पुर और अनंगपुर में करीब 800 एकड़ जमीन पर 6793 अवैध निर्माण चिन्हित किए गए हैं। इनमें से अनंगपुर में 5948, लकड़पुर में 313, मेवला महाराजपुर में 193 और अनखीर में 339 अवैध निर्माणों को चिन्हित किया गया है। वन विभाग जल्द ही अपनी शेष 530 एकड़ जमीन भी जल्द ही कब्जा मुक्त कराएगा। अनंगपुर संघर्ष समिति द्वारा 13 जुलाई को सूरजकुंड गोल चक्कर पर महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इसमें एक लाख लोगों की संभावना है। महापंचायत में शामिल होने के लिए लोगों को निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। अनंगपुर गांव के अलावा जगहों से आने वाले लोग एकत्रित होकर पिछले दिनों की गई कार्रवाई के दौरान गिराए निर्माणों के मालिकों को मुआवजा दिलवाने की मांग करेंगे। इसके अलावा वर्ष 2031 के मास्टर प्लान में अनंगपुर को वन क्षेत्र से बाहर किया जाए। विपिन सिंह, जिला वन अधिकारी, हमने वन विभाग की करीब 270 एकड़ जमीन को अवैध निर्माणों को मुक्त कराया है। इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी है। लकड़पुर में 313 अवैध निर्माण चिन्हित किए गए हैं। शेष बचे निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई उच्च अधिकारियों के आदेश पर होगी।

# कांवड़ यात्रा के लिए दिल्ली से हरिद्वार तक बदले रास्ते

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
कांवड़ यात्रा को लेकर दिल्ली-हरिद्वार मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। इस दौरान रूट डायवर्जन किया गया है। इस साल कांवड़ यात्रा 11 से 23 जुलाई तक चलेगी। गाजियाबाद पुलिस के अनुसार, अगले 13 दिन तक एनएच-58 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वाले मार्ग पर भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। हल्के और मध्यम वाहनों की आवाजाही 18 जुलाई से बंद होगी। जो वाहन दिल्ली से होकर अमरोहा, हरिद्वार या लखनऊ जा रहे हैं, उन्हें यूपी गेट या गाजीपुर बॉर्डर से एनएच-9 से डासना इंटरसेक्शन तक जाना होगा। वहां से ईस्टर्न पेरिफेरल के जरिए आगे बढ़ना होगा। वहीं, बागपत से दिल्ली जाने वाले वाहन ट्रॉनिका सिटी और सोनिया विहार से गुजरेंगे। दिल्ली में कांवड़ियों के प्रवेश के लिए अप्सरा बॉर्डर, भोपुरा बॉर्डर, लोनी बॉर्डर, कालिंदी कुंज बॉर्डर, गाजीपुर बॉर्डर और चिल्ला बॉर्डर तय किए गए हैं। इस दौरान सुरक्षा और सुविधाओं के मद्देनजर बैरिकेड लगाकर पैदल पथ, मोटरसाइकिल गश्ती इकाइयां, साइन बोर्ड के अलावा कड़ी सुरक्षा में पुलिस की तैनाती जैसे उपाय किए गए हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन प्लान गुरुवार रात 12 बजे से लागू कर दिया गया है। पांच राज्यों दिल्ली-उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और राजस्थान के अफसरों ने मिलकर ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। प्रशासन की तैयारी है कि कांवड़ियों के साथ आम लोगों को भी कोई परेशानी न हो। आज से लागू डायवर्जन प्लान सिर्फ भारी वाहनों के लिए है।

अब देहरादून की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को दिल्ली-गाजियाबाद बॉर्डर से ही मेरठ की तरफ भेजने की जगह डासना से होकर हापुड़ होते हुए मेरठ के किठौर क्षेत्र की तरफ भेजा जाएगा। इसी तरह लखनऊ की ओर जाने वाले भारी वाहन भी डासना से पेरिफेरल और बुलंदशहर होते हुए मुरादाबाद-बरेली पहुंचेंगे। देहरादून की तरफ जाने वाले वाहन मेरठ से बिजनौर रोड पर जाएंगे यह वाहन बहसूमा होते हुए मुजफ्फरनगर के जानसठ होते हुए रामपुर तिराहा पहुंचेगे।

यहां से रोहाना और सहारनपुर के बिहारीगढ़ होते हुए देहरादून पहुंचेंगे। हाईवे पर छोटे-हल्के वाहनों का आवागमन 14 जुलाई की रात 12 बजे से बंद किया जाएगा। दिल्ली से देहरादून जाने वाले वाहन वाहन दिल्ली से सीधे करनाल, पानीपत, सोनीपत, यमुनानगर से होकर सहारनपुर में शाहजहांपुर चेक पोस्ट से सरसावा में अंबाला-देहरादून बाईपास से होकर जाएंगे। इसी रास्ते से वाहनों की वापसी होगी। अगर आप दिल्ली में गाजियाबाद बॉर्डर की तरफ से जाना चाहते हैं तो दिल्ली से गाजियाबाद होते हुए करनाल जाकर इसी रूट से देहरादून जा सकते हैं। हापुड़ के पिलखुवा स्थित छिजारसी टोल प्लाजा पहुंचें और यहां निजामपुर फ्लाईओवर, सोना पम्प फ्लाईओवर होते हुए टियाला अंडरपास से मेरठ के किठौर, बहसूमा, मीरापुर होते हुए जानसठ पुल के नीचे से मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहे पर पहुंचेंगे।



# राधिका यादव के पिता ने कहा- बेटी की कमाई खाने का ताना देते थे लोग





**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा की बेहतरीन टेनिस प्लेयर 25 साल की राधिका यादव की उसी के घर पर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले उसके अपने पिता थे। उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए हत्या के पीछे कई वजह भी बताई है। आरोपी पिता का दावा है कि लोग उन्हें बेटी की कमाई खाने का ताना देते थे। इस बात से उनमें नाराजगी थी और उन्हें राधिका का टेनिस खेलना भी पसंद नहीं था। उन्होंने इस बारे में राधिका को समझाने की कोशिश भी की थी लेकिन राधिका उनकी बात मानने के लिए तैयार नहीं थी। लेकिन इस बीच एक और खुलासा हुआ है जिससे हत्या की वजह पर कई सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जिस दीपक यादव को लोग कथित तौर पर बेटी की कमाई खाने का ताना देते थे वह खुद हर महीने 15 से 17 लाख रुपए कमा रहे थे। इतना ही उनके पास गुरुग्राम में एक आलीशान फार्महाउस भी था। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक , दीपक के पैतृक गाँव वज़ीराबाद में रहने वाले उसके एक परिचित ने बताया है कि आरोपी गुरुग्राम में कई संपत्तियों का मालिक है और हर महीने 15 से 17 लाख रुपये किराए से कमाता है। परिचित ने ,दीपक के पास गुरुग्राम में कई संपत्तियां जिसे उसने किराए पर चढ़ाया हुआ है। उसके पास एक आलीशान फार्महाउस है, और गांव में हर कोई जानता है कि वह बहुत अमीर है। घटना गुरुवार सुबह 10.30 बजे की बताई जा रही है। राधिका किचन में खाना बना रही थी। तभी पिता ने पीछे आकर पांच राउंड फायरिंग की इनमें से तीन गोली राधिका की पीठ पर लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राधिका के चाचा अपने परिवार के साथ उसी घर में ग्राउंड फ्लोर पर रहते हैं। गोलियों की आवास सुनकर वह तुरंत ऊपर आए और किचन में राधिका को खून से लथपथ पाया।

## संजय गांधी ने जबरन कराई नसबंदियां, दिल्ली में हजारों हुए बेघर: शशि थरूर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने साल 1975 में लगे आपातकाल पर सवाल उठाए हैं। हाल ही में एक लेख में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी का भी जिक्र किया है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र हल्के में ली जाने वाली चीज नहीं है। खास बात है कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश गए थरूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ को लेकर भी पार्टी नेताओं के निशाने पर आ गए थे। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य ने 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल के काले दौर को याद किया और कहा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास अक्सर क्रूरतापूर्ण कृत्यों में बदल जाते हैं जिन्हें उचित नहीं ठहराया जा सकता था। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने लिखा, इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जबरन नसबंदी अभियान चलाया जो इसका एक संगीन



उदाहरण बन गया। पिछड़े ग्रामीण इलाकों में मनमाने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिंसा और बल का इस्तेमाल किया गया। नई दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गियों को बेरहमी से ध्वस्त कर उनका सफाया कर दिया गया। हजारों लोग बेघर हो गए। उनके कल्याण पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हल्के में लिया जाए, यह एक अनमोल विरासत है जिसे निरंतर पोषित और संरक्षित किया जाना चाहिए। थरूर ने कहा, यह सभी को हमेशा याद दिलाता रहे। थरूर के अनुसार, आज का भारत 1975 का भारत नहीं है। उन्होंने कहा, हम ज्यादा आत्मविश्वासी, यादा विकसित और कई मायनों में यादा मजबूत लोकतंत्र हैं। फिर भी, आपातकाल के सबक चिंताजनक रूप से प्रासंगिक बने हुए हैं। थरूर ने चेतावनी दी कि सत्ता को केंद्रीकृत करने, असहमति को दबाने और संवैधानिक रक्षात्मक उपायों को दरकिनार करने की प्रवृत्ति विभिन्न रूपों में फिर से उभर सकती है। उन्होंने कहा, अक्सर ऐसी प्रवृत्तियों को राष्ट्रीय हित या स्थिरता के नाम पर उचित ठहराया जा सकता है। इस लिहाज से आपातकाल एक कड़ी चेतावनी है। लोकतंत्र के प्रहरियों को हमेशा सतर्क रहना चाहिए।

### दिल्ली-एनसीआर पर फिर मौसम मेहरबान, काले बादलों से दिन में छाया अंधेरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एनसीआर में मॉनसून मेहरबान नजर आ रहा है। बुधवार रात से रुकरुक कर झमाझम बारिश हो रही है जिससे लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं शुक्रवार सुबह से भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। सुबह से आसमान में काले बादल छाए हुए हैं जिसके बाद अब कइ इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। फरीदाबाद में भी झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज 11 जुलाई के लिए आंधी तूफान के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान अधिकतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। वहीं 12 से 17 जुलाई के लिए भी आंधी तूफान और गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम इस दौरान अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25-26 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। इस दौरान मौसम विभाग ने 13 और 14 जुलाई के लिए गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। इससे पहले गुरवार को भी दिल्ली एनसीआर सुबह से हुई बारिश के चलते कई सड़कें पानी-पानी हो गईं और ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा हो गई। सुबह काम पर जाने वाले लोगों को भी काफी परेशानी हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि इस दौरान दिल्ली में न्यूनतम तापमान घटकर 23 डिग्री सेल्सियस हो गया जो इस मौसम में सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस कम है। फरीदाबाद में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने मौसम तो ठंडा कर दिया, लेकिन लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। शुक्रवार सुबह कुछ देर के लिए धूप निकली, जिससे उमस बढ़ गई। लेकिन करीब 11 बजे अचानक घने बादल आए और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं कई इलाकों में पानी भर गया। हार्डवेयर चौक, डबुआ कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, एयरफोर्स रोड, पर्वतीय कॉलोनी, संजय कॉलोनी, सेक्टर-23, एसजीएम नगर, सेक्टर-52 और सेहतपुर में जलभराव से लोगों को दिक्कत हुई। कई जगह ट्रैफिक भी रुका रहा और ओल्ड फरीदाबाद अंडरपास को बंद करना पड़ा।

# टेकऑफ से पहले ही बंद कर दिए गए फ्यूल स्विच? अमेरिका की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**वाशिंगटन , एजेंसी।**
12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 की दुर्घटना ने देश ही नहीं, दुनिया को भी झकझोर दिया। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई, जिसमें 241 यात्री और 29 ज़मीनी लोग शामिल थे। अब इस भीषण विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट भारत में किसी भी वक्त जारी हो सकती है, लेकिन उससे पहले अमेरिका की एक बड़ी मीडिया रिपोर्ट ने मामले में नया मोड़ ला दिया है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि प्लेन के दोनों इंजनों में फ्यूल कंट्रोल स्विच टेकऑफ के समय बंद कर दिए गए थे। यही वजह बताई जा रही है कि विमान ने रनवे छोड़ने के कुछ ही सेकंड बाद थ्रस्ट खो दी और नीचे की ओर गिरने लगा। विमान अंततः एक मेडिकल



कॉलेज हॉस्टल की बिल्डिंग से टकरा गया। अब तक की जांच में बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में किसी किस्म की यांत्रिक खराबी के कोई साक्ष्य सामने नहीं आए हैं। इसके चलते जांच का फोकस अब पायलट्स के निर्णयों, उनके कॉकपिट मूवमेंट्स और खासतौर पर फ्यूल कंट्रोल स्विच के संचालन पर केंद्रित है। इन स्विचों का प्रयोग सामान्यतः इंजन स्टार्ट/शटडाउन या किसी इमरजेंसी में किया जाता है, लेकिन टेकऑफ के वक्त इनका बंद होना बेहद असामान्य और जानलेवा हो सकता है। हादसे के कारणों का अंतिम निर्धारण अभी ब्लैक बॉक्स डेटा और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर की जांच पर निर्भर करेगा। फिलहाल शुरुआती जांच में यह संदेह सामने आया है कि संभवतः मानवीय भूल के चलते स्विच बंद हुए हों, लेकिन इस पर अंतिम निष्कर्ष जांच ब्यूरो ही निकालेगा। भारत की एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने पहले ही संकेत दिए थे कि हादसे की प्रारंभिक रिपोर्ट 11 जुलाई के आसपास सार्वजनिक की जा सकती है। आइसीएओ के नियमानुसार, किसी भी विमान दुर्घटना के 30 दिन के भीतर सदस्य देशों को शुरुआती जांच रिपोर्ट जारी करनी होती है। भारत आइसीएओ का सदस्य है, और इसी दिशा में यह रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस भीषण हादसे में चमत्कारिक रूप से एक यात्री जीवित बच गया, जिसने बाद में बताया कि टेकऑफ के कुछ ही क्षणों में विमान के अंदर कंपन और झटका महसूस हुआ था, और फिर अचानक सब अंधेरा हो गया।

## छात्र आंदोलन दबाने पर हसीना पर नरसंहार-यातना के आरोप, ढाका कोर्ट ने दी ट्रायल की तारीख

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में मानवता के विरुद्ध अपराध के एक मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से आरोप तय किये गये। विशेष न्यायाधिकरण ने मुकदमे की शुरुआत की तारीख तीन अगस्त तय की है। अभियोजन के वकील ने संवाददाताओं को बताया, ''बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने हसीना के साथ-साथ उनके शासन के दौरान गृह मंत्री रहे असदुज्जमां खान कमाल और (तत्कालीन) पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल मामून के खिलाफ भी आरोप तय किए हैं।

तीनों के खिलाफ पिछले साल जुलाई-अगस्त में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को दबाने के उनके प्रयासों के लिए मानवता के विरुद्ध अपराध का मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। अभियोजकों ने कहा कि हसीना के खिलाफ विद्रोह को दबाने के लिए नरसंहार, हत्या और यातना देने का भी आरोप लगाया गया है। उन्होंने बताया कि एकमात्र मौजूद आरोपी मामून को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। बाकी दो आरोपियों - हसीना और खान - की अनुपस्थिति में मुकदमा चलेगा। पिछले वर्ष हुए हिंसक छात्र आंदोलन के चलते अवामी लीग सरकार के अपदस्थ होने के बाद हसीना पांच अगस्त को भारत चली गई थीं।

# बिलावल भुट्टो का पाकिस्तान को लेकर बड़ा कबूलनामा- मैं खुद आतंकवाद का भुक्तभोगी हूं...

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चेयरमैन और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने एक बड़ा बयान देते हुए स्वीकार किया है कि पाकिस्तान की धरती से जिहाद छेड़ा गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह अतीत से भागना नहीं चाहते और इसके लिए पाकिस्तान के पूर्व तानाशाहों को जिम्मेदार ठहराया। बिलावल के इस कबूलनामे को पाकिस्तान की आतंकवाद नीति पर एक महत्वपूर्ण बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

पिछले हफ्ते एक पाकिस्तानी टीवी चैनल से बातचीत में बिलावल भुट्टो ने कहा था कि पाकिस्तान को लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर जैसे परेशानी पैदा करने वाले व्यक्तियों को भारत को सौंपने में कोई आपत्ति नहीं होगी, बशर्ते नई दिल्ली इस प्रक्रिया में सहयोग करने की इच्छा दिखाए। एक अन्य इंटरव्यू में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान ऐसे समूहों (जैसे जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा) को न केवल पाकिस्तान के बाहर बल्कि पाकिस्तान के भीतर भी आतंकवादी हमले करने की अनुमति नहीं देता।

बिलावल भुट्टो ने पाकिस्तान को आतंकवाद का भुक्तभोगी बताया और कहा कि उनके देश ने कुल मिलाकर 92,000 लोगों की जान गंवाई है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, मैं खुद आतंकवाद का भुक्तभोगी हूं। उन्होंने हाल ही में हुए पहलगाम हमले को एक आतंकी हमला करार दिया और कहा कि वह इस हमले के पीड़ितों का दर्द समझते हैं और उस दर्द को भी जिससे उनके परिवार वाले गुजर रहे हैं। यह बयान भारत के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। जब इंटरव्यू के दौरान करण थापर ने परवेज मुशर्रफ के इस कबूलनामे का जिक्र किया कि पाकिस्तान ने आतंकियों को समर्थन दिया



और उन्हें कश्मीर में लड़ने के लिए प्रशिक्षित किया, तो बिलावल भुट्टो ने सीधे टिप्पणी करने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि मुशर्रफ के विचारों पर उन्हें कुछ कहने की जरूरत नहीं है। उन्होंने स्वीकार किया कि शीत युद्ध के बाद इस क्षेत्र की नीतियां ऐसी हो गई थीं कि लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों को आतंकी संगठन नहीं माना जाता था। उन्होंने कहा, 9/11 से पहले इन ग्रुप के लोगों को आजादी के लड़ाके कहा जाता था। बिलावल ने बताया कि पाकिस्तान सरकार ने तब अफगानिस्तान के अंदर लड़ने के लिए ऐसे संगठनों का समर्थन किया था, लेकिन वह और उनकी मां बेनजीर भुट्टो हमेशा इसके खिलाफ थीं। अपने पिता आसिफ अली जरदारी के उस बयान पर जिसमें उन्होंने कहा था कि आज के आतंकी गुजरे कल के हीरो थे, बिलावल ने कहा, जो अतीत है हम उससे तो भाग नहीं रहे, लेकिन हमें अतीत में उलझकर वास्तविकता को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय और तानाशाह जनरल जिया-उल-हक के साथ मिलकर पाकिस्तान का जिहादीफिकेशन करने की योजना बनाई ताकि वे अफगानिस्तान के संदर्भ में उनकी लड़ाई लड़ सकें। बिलावल ने कहा कि ये सभी अलकायदा जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान जिहाद से जुड़े थे और जब वह खत्म हुआ तो कुछ समूहों ने कश्मीर में जिहाद छेड़ना शुरू कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के मामले पर बिलावल भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान ने अप्रैल 2022 में उसे आतंकवाद की फाइनेंसिंग के लिए 31 साल की जेल की सजा सुनाई है। मुंबई आतंकी हमले के मामले में उन्होंने भारत पर ही मुकदमे में शिरकत करने और बयान दर्ज करने के लिए जरूरी गवाहों को पेश करने से इनकार करने का आरोप लगाया।

# उपायुक्त ने घुटने पर बैठ दिव्यांग सुरेश की सुनी बात

**48 घंटें में ई-ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने का दिया निर्देश ● जनता दरबार में आम लोगों की शिकायतों पर की सुनवाई**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आएं आमजनों की समस्याओं और शिकायतों की क्रमवार सुनवाई की गई। इस दौरान कई मामलों पर तत्परता से कार्रवाई का निर्देश दिया गया, वहीं कुछ को जांच उपरांत समाधान का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने कहा कि हिम्मत नहीं हारना है, भावुक नहीं होना है, संघर्ष करना है, जिला प्रशासन आपके साथ है। आज जनता दरबार एक भावनात्मक क्षण का साक्षी भी बना, जब चास प्रखंड के कुरा क्षेत्र से पहुंचे दिव्यांग सुरेश पाण्डेय अपनी परेशानियों को लेकर उपायुक्त के समक्ष पहुंचे।





**कुर्सी छोड़कर घुटनों पर बैठ सुनी दिव्यांग सुरेश की बात**

जब दिव्यांग सुरेश जनता दरबार में पहुंचे और अपनी बात कहनी चाही, तो उपायुक्त कुर्सी छोड़कर स्वयं उनके पास पहुंचे और घुटनों पर बैठकर बड़े स्नेह और संवेदना से उनकी बातें सुनीं। यह दृश्य जनता दरबार में उपस्थित लोगों को भावुक कर गया। दिव्यांग सुरेश ने बताया कि वे लंबे समय से ई-ट्राई साइकिल हेतु प्रयासरत हैं, लेकिन अब तक उन्हें यह सुविधा नहीं मिल सकी है। चलने-फिरने में कठिनाई के कारण उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उनकी पेरशानी को सुन एवं देख उपायुक्त ने मौके पर ही जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि वह सीएसआर नोडल से समन्वय स्थापित कर 48 घंटे के भीतर सुरेश को ई-ट्राई साइकिल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**विस्थापित परिवारों को रोजगार से जोड़ने का हो रहा काम**

उपायुक्त ने जनता दरबार के दौरान विस्थापित संयुक्त परिवार के प्रतिनिधियों को कहा कि विस्थापित परिवारों के बेरोजगार युवाओं को रोजगार और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन काम कर रहे हैं, यह प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने मौके पर उपस्थित डीपीएलआर को विस्थापित परिवार के बच्चों की शैक्षणिक झ योग्यता से संबंधित मैपिंग की सूची तैयार करने का निर्देश दिया।

**भूमि विवाद, पेंशन सहित अन्य मामलों पर दिया निर्देश**

जनता दरबार में आए अन्य आवेदकों द्वारा रखे गए मुद्दों में भूमि विवाद, भूमि पर कब्जा, दाखिल -खारिज, विधवा पेंशन, बिजली-पानी की समस्या प्रमुख रहे। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मामलों की सात कार्य दिवस के भीतर जांच कर वास्तविक और त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। जनता की समस्याओं के निराकरण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

**विभिन्न सामाजिक संगठनों व प्रतिनिधियों ने की भेंट**

जनता दरबार में जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वैच्छिक संस्थाओं राजेंद्र नगर कालोनी रेसिडेंस, मूल रैयत विस्थापित मोर्चा आदि ने उपायुक्त श्री अजय नाथ झा से शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही, क्षेत्रीय समस्याओं से संबंधित विषय साझा किया। उपायुक्त ने सभी को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

**जनता दरबार आम जनता के लिए, कर्मियों को नियमों का पालन जरूरी**

आयोजित जनता दरबार में एक विचित्र स्थिति उत्पन्न हो गई, जब चंदनकियारी अंचल कार्यालय में कार्यरत निम्न वर्गीय लिपिक प्रीति कुमारी दत्ता बिना अवकाश स्वीकृति के जनता दरबार में अपनी व्यक्तिगत समस्या को लेकर पहुंची। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने नाराजगी जताई और संबंधित कर्मी से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार आम जनता की समस्याओं के समाधान हेतु है, यह मंच सरकारी कर्मियों के लिए नहीं है। यदि किसी कर्मी को व्यक्तिगत समस्या है, तो वह अपने वरीय पदाधिकारी को आवेदन देकर नियमानुसार अवकाश लेकर ही मिलें। कार्यालय अवधि में इस तरह की उपस्थिति अनुशासनहीनता है। उपायुक्त ने अपर समाहर्ता को सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित करने को कहा कि वे अपने अधीनस्थ कर्मियों को इस संबंध में सूचित करें और ऐसी स्थितियों की पुनरावृत्ति नहीं हो, यह सुनिश्चित करें। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल पुलिस मीट का हुआ समापन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** न्यू पुलिस लाइन गिरिडीह में दो दिवसीय चले उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल पुलिस मीट का समापन समारोहसफलता पूर्वक किया गया शुक्रवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल पुलिस मीट का समापन न्यू पुलिस लाइन गिरिडीह में सम्पन्न हुआ. । इस मौके पर जिसमें बोकारो आईजी क्रांति कुमार गाढ़ीदेशी, एसपी डॉक्टर विमल कुमार, सदर एसडीपीओ जितवाहन, धनंजय राम, डीएसपी नीरज सिंह, कौसर अली शामिल हुए। दो दिवसीय चले इस पुलिस मीट के अंतिम दिन सफल प्रतिभागियों को आईजी और एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं पुलिस मीट के समापन के बाद एसपी कार्यालय में पीपिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ।. इस दौरान 3 नव प्रोन्नत डीएसपी (नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, इंस्पेक्टर मंटू कुमार और इंस्पेक्टर कमाल खान) को ट्रिपल स्टार पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आईजीए क्रांति कुमार ने कहा कि पुलिस मीट का मकसद पुलिस कर्मियों में ड्यूटी के प्रति उत्साह भरना था. और ऐसे आयोजन पुलिस विभाग के बीच होते रहते है. उन्होंने कहा कि जिले के3 इंस्पेक्टर को आज डीएसपी का बैच पहनाया गया और उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई।




## संक्षिप्त समाचार

### निगम की एनफोर्समेंट टीम ने वसूला 4 हजार रुपये का आर्थिक दंड

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रशासक- सह-अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार के आदेशानुसार आज नगर निगम द्वारा गठित एनफोर्समेंट टीम के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा कोटपा नियम उल्लंघन एवं अतिक्रमण सम्बन्धित अभियान चास नगर निगम क्षेत्र जैसे महावीर चौक, चेक पोस्ट, जोधाडीह मोड़ सहित अन्य जगहों में चलाया गया। इस अभियान में कुल 4 हजार रुपये का अर्थिक दंड वसूली की गई। इस अभियान जिला टीम एवं चास थाना के साथ संयुक्त रूप में चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व अनूप गुंजन तोपनो एवं महेंद्र कुमार महतो द्वारा किया गया। इस अभियान में शामिल सैनिट्री एवं फूड निरीक्षक, संजीव कुमार भैया एवं प्रशांत राज, चास नगर निगम कर्मियों में, अनिल कुमार रजवार, प्रवीन कुमार, मनीष कुमार हाजरा, मो. आकीब हुसैन, शिव शंकर सिन्हा, संतोष कुमार सिंह एवं प्रकाश कुमार गोप थे। वहीं जिला टीम से मो. असलम एवं चास थाना से मुकेश दयाल सिंह भी इस अभियान में शामिल हुए।



### प्लांट की चहारदीवारी के दायरे में ही होगा प्रस्तावित विस्तारीकरण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज अधिशासी निदेशक (संकार्य) चितरंजन महापात्रा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो स्टील प्लांट के प्रस्तावित विस्तारीकरण के मार्ग में आ रही बाधाओं की जानकारी ली। इ.डी वर्क्स ने बताया कि प्रस्तावित विस्तारीकरण वर्तमान प्लांट के चहारदीवारी के अंदर ही होगा। वर्तमान में इस प्लांट की परिधि 10 मिलियन टन क्षमता की है। ज्ञात हो कि विस्तारीकरण के बाद भी इस प्लांट की उत्पादन क्षमता 7.5 मिलियन टन तक की ही होगी। प्रतिनिधिमंडल ने इ.डी वर्क्स को प्लांट विस्तारीकरण अभियान के लिए चल रहे महा हस्ताक्षर अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने प्रबंधन को यह आश्वस्त किया कि बोकारो की आम जनता यहाँ के विकास के प्रति प्रतिबद्ध एवं सहयोगी है। प्रतिनिधिमंडल में सुनील कुमार महतो, निवारण प्रसाद महतो, अरविंद सिंह एवं लालबाबू कुमार शामिल थे।




### गिरिडीह में प्लास्टिक के खिलाफ एक अनोखी पहल

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए इन्नरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने आज "प्लास्टिक हटाओ, कपड़े का बैग अपनाओ" अभियान के तहत एक विशेष परियोजना का आयोजन किया। इस अभियान के अंतर्गत पचंबा रोड स्थित एक फल की दुकान को चुना गया, जहां क्लब की ओर से कपड़े के बैग वितरित किए गए। इस पहल की खास बात यह रही कि अब यह दुकान गिरिडीह शहर की पहली और एकमात्र ऐसी दुकान बन गई है, जहां हमेशा के लिए प्लास्टिक बैग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। क्लब की ओर से भविष्य में भी इस दुकान को कपड़े के बैग उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि यह नियम लगातार बना रहे।। इस कार्यक्रम के दौरान पीडीसी पुनम सहाय, क्लब की अध्यक्ष कविता रजगड़िया, आईएसओ दीप्ति सिन्हा, सदस्य रिया अग्रवाल, संगीता सिंह समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित थीं। यह पहल न सिर्फ पर्यावरण की सुरक्षा की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है, बल्कि गिरिडीह शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की ओर एक सशक्त संदेश भी है।




### राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक गिरिडीह व्यवहार न्यायालय में जारी

गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। इस अभियान को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के अध्यक्ष मार्तण्ड प्रताप मिश्र की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे और अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा), नई दिल्ली एवं सुप्रीम कोर्ट मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति (एमसीपीसी) के निदेर्शानुसार, झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वावधान में संचालित हो रहा है इस अभियान के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया को सरल, तेज और विवादमुक्त बनाने की पहल की गई है। डालसा सचिव मोहम्मद सफदर अली नैयर ने इस बाबत विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आम जनता को भी इस अभियान से जुड़कर लाभ उठाना चाहिए।



## सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला आज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंचायती राज निदेशालय, रांची के निर्देशानुसार सशक्त पंचायत नेत्री अभियान अंतर्गत निर्वाचित महिला मुखियाओं को सशक्त और दक्ष नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से टाउन हॉल, बोकारो में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा अभियान के उद्देश्यों, प्रशिक्षण के स्वरूप और आगामी प्रशिक्षण सत्रों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रतिभागियों को आगामी 21 जुलाई 2025 से सभी निर्वाचित महिला मुखियाओं को हजारीबाग स्थित प्रमण्डलीय प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# बाल अधिकार सुनिश्चित करने को लेकर हुई चर्चा

**कसमार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के टांगटोना पंचायत में पंचायत जनप्रतिनिधि वार्ड, मुखिया,पंचायत समिति सदस्य, सेविका सहिया , समूह की महिला , अभिभावक (पेरेंट्स) के साथ पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान किशोरियों एवं महिला के साथ होने वाले घरेलू हिंसा, मानव तस्करी ,बाल विवाह एवं सरकारी योजना से जोड़ने को लेकर चर्चा किया गया। सभी हितधारक एक दूसरे से समन्वयक बना कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकारी योजना जोड़ने पर चर्चा किया गया। टांगटोना पंचायत की मुखिया सुमित्रा देवी ने कहा कि किशोरियों एवं महिलाओं को अपने हक अधिकार के लिए आगे आना होगा। सभी को कदम से कदम मिला कर सभी प्रकार के हिंसा के खिलाफ एकजुट होना होंगा। उन्होंने कहा कि लड़कियों के लिए किशोरावस्था सबसे महत्वपूर्व समय होता है जहां पर अपने कैरियर एवं जीवन को बेहतर बना सकते हैं। सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि सहयोगिनी संस्था कसमार प्रखंड के 30 गांवों में किशोरियों एवं युवा महिलाओं के संवर्धन एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने को लेकर काम कर रही है। इन गांवों में किशोरियों एवं महिलाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाए जैसे सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, कन्या दान योजना, स्कॉलरशिप, साइकिल योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना एवं कौशल विकास से जोड़ कर उनके जीवन को बेहतर बनाने का काम किया जा रहा है। जीवन कौशल के प्रशिक्षण से उनके अंदर संचार कौशल, निर्णय लेने एवं समस्या का समाधान करने के गुणों को विकसित किया जा रहा है। खेल एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। एनिमेटर रेखा देवी ने बताया कि किशोरियों के साथ समूह बना कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं विभिन्न प्रकार के हिंसा से रोकथाम को लेकर कार्य कर रहे है। मौके पर संस्था की एनिमेटर रेखा देवी , संगीता देवी, संध्या देवी सेविका किरण देवी, शांति देवी कौशल्या देवी,कुमारी अनिता, अनु कुमारी , आशा कुमारी, गुड़िया देवी सुरधानी कुमारी, सुमा देवी, होलिका देवी, आदि मौजूद रहे। आदि उपस्थिति रहे।




# मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र के विभिन्न विभागों के कुल 71 अधिकारी, कर्मचारीगण तथा निविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया. कार्यक्रम में सुरक्षा विभाग से सहायक महाप्रबंधक श्री सुखदेव महतो, तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग से सहायक महाप्रबंधक श्री बी पी एस राणा उपस्थित थे. ऊर्जा प्रबंधन विभाग से सहायक महाप्रबंधक श्री बी पी एस राणा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा सुरक्षा शपथ दिलाई. तत्पश्चात गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व के बारे में बताया एवं सभी प्रतिभागियो से इस कार्यक्रम से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील के साथ प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों को गैस सुरक्षा से संबन्धित विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान था.




## अपर समाहर्ता विजय सिंह बीरूआ ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज जमुआ प्रखंड कार्यालय के सभागार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का अपर समाहर्ता, विजय सिंह बीरूआ ने निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ने 30 जमुआ विधानसभा के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति बूथ लेवल पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के आलोक में पीपीटी के माध्यम से एवं डमी प्रपत्रों के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण कार्यों की जानकारी ली। इस प्रशिक्षण में सभी बूथ लेवल पदाधिकारियो को गणन प्रपत्र, भवनों का मानकीकरण, नजरी नक्शा का टैगिंग, प्रपत्र 6 ,7 ,8 घोषणा प्रपत्र एवं पुनरीक्षण के हेतु मानक वर्ष 2003 के वोटर लिस्ट के बारे में बताया गया। सभी बूथ लेवल पदाधिकारी को डमी प्रपत्रों में निर्धारित कॉलम एवं शर्तों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर प्रखंड विकास जमुआ, प्रखंड कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



## संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के लिए अकादमी ने नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया

**संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख है 14 जुलाई**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, प्रदर्शन कला के क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च सम्मान है। यह पुरस्कार संगीत, नृत्य, और नाटक के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2024 और 2025 के लिए प्रदर्शनकारी कला क्षेत्रों के उत्कृष्ट कलाकारों से 14 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

संगीत नाटक अकादेमी ने अपने स्थापना काल से लेकर अब तक पहली बार अकादमी सम्मान के लिए नामित करने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव और सुधार किया गया है। इसके लिए एकेडमी की अध्यक्ष और सचिव सहित महासभा का आभार किया जाना चाहिए। अकादमी सम्मान के लिए कलाकार अब स्वयं अपने को नामित कर सकते हैं।

नामित करने की प्रक्रिया में बदलाव से लोक कलाकारों सहित हाशिए पर रह रहे कलाकारों को विशेष अवसर प्राप्त होगा। संगीत नाटक अकादमी सम्मान को और लोकतांत्रिक और पारदर्शी बनाया है, अकादमी ने। कला जगत में अकादमी के और महासभा के निर्णय का स्वागत किया है। सभी लोग अपने को नामित कर सकते हैं। फिर चयन की विशेष प्रक्रिया से चयन होगा। इससे कलाकारों के बड़े वर्ग को फायदा होगा।

## सड़क दुर्घटना मामले में आरोपित सुनील राम बाइज्जत बरी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो की प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सृष्टि कुमारी की अदालत ने सड़क दुर्घटना के मामले में आरोपी सुनील राम को बाइज्जत बरी कर दिया। यह मामला हरला थाना कांड संख्या 70/21 से संबंधित था, जिसमें सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। अभियोजन पक्ष ने सुनील राम पर वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाने का आरोप लगाया था। मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से वरीय अधिवक्ता रणजीत गिरि ने प्रभावी ढंग से पैरवी की।

# साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, आए दर्जनों फरियादी

**प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन**

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया तथा जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं तथा उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया जाता है।



# समर अभियान के तहत चास प्रखंड क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कार्यालय चास के सभाकक्ष में सेविकाओं को समर अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में अति गंभीर कुपोषित बच्चों एवं मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चों के बारे में जानकारी देते हुए सामुदायिक स्तर पर पहचान कर समुदाय स्तर पर उनका प्रबंधन कैसे करना है एवं किस कुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र में भेजना है। इसके बारे में प्रशिक्षण में विस्तृत जानकारी दी गई और अंत में सभी सेविकाओं को समर अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शुभकामनाओं के साथ धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन किया गया। ज्ञातव्य हो कि समर अभियान झारखंड सरकार ने कुपोषण से निपटने के लिए राज्य में समर अभियान चलाया है, जिसके तहत रक्त अल्पता से पीड़ित महिलाओं और कुपोषित बच्चों की पहचान करना है। इस अभियान के तहत जिले में घर-घर से कुपोषण एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियों, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं की पहचान की जाएगी। इन चिन्हित लोगों को उनके निकटतम आंगनबाड़ी केंद्रों पर जांच की जाएगी और फिर अंतः कुपोषण एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियों, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं को कुपोषण उपचार केंद्र में उनका इलाज किया जाएगा।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com

CMYK